CMYK

अधिकतम :18°C
न्यूनतम: 13°C
तापमान

सेंसेक्स / निफ्टी
74,612.43
22,545.05

सोना / चांदी
88,155
98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शुक्रवार 28 फरवरी 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 120 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2081 29 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## जीएसटी-सीमा शुल्क मामलों में सुप्रीम फैसला

### एफआईआर के बिना भी मिल सकती है अग्रिम जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को फैसला सुनाया कि कर अधिकारियों द्वारा मनमानी गिरफ्तारी और जबरदस्ती संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है और निर्देश दिया कि अधिकारियों की प्रवर्तन कार्रवाई कानून की सीमा के भीतर रहनी चाहिए।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम और सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तारी की शक्तियों को स्पष्ट करते हुए और एक ऐतिहासिक फैसले में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि इन कर कानूनों के अंतर्गत अधिकारी पुलिस अधिकारियों का दर्जा नहीं रखते हैं और इस तर्क को खारिज कर दिया कि उन्हें ऐसा माना जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के अंतर्गत प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय इन कानूनों के अंतर्गत की गई गिरफ्तारियों पर समान रूप से लागू होंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें अग्रिम जमानत प्रावधान लागू होते हैं, जो लोगों को एफआईआर दर्ज होने से पहले ही न्यायपालिका से राहत मांगने की अनुमति प्रदान करते हैं। पीठ ने कहा कि जीएसटी और सीमा शुल्क कानूनों के अंतर्गत गिरफ्तारी सत्यापित सामग्री पर आधारित होनी चाहिए, न कि केवल संदेह के आधार पर। उसने कहा कि इन -शेष पृष्ठ दो पर

### भोपाल का जहरीला कचरा पीथमपुर में ही जलेगा

**नई दिल्ली।** भोपाल गैस त्रासदी से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने यूनियन कार्बाइड के खतरनाक अपशिष्ट के निपटान पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने मध्य प्रदेश के पीथमपुर में खतरनाक अपशिष्ट के निपटान संबंधी गुरुवार के परीक्षण पर भी रोक लगाने से इन्कार कर दिया।

## राज्यों के समग्र विकास के लिए गांवों का विकास जरूरी: पुष्कर धामी

### 126 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को सीएम ने सौंपे नियुक्ति पत्र



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत 126 नवनियुक्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। पिछले साढ़े तीन सालों में राज्य में 20 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नौकरी प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन आपके जीवन में एक नया अध्याय लेकर आया है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नव चयनित अभ्यर्थी लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई ग्राम पंचायत के अभिन्न अंग बनकर गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करेंगे। राज्य के समग्र विकास के लिए गांवों का विकास जरूरी है। गांवों के विकास में एक ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की भूमिका अत्यंत

**साढ़े तीन साल में 20 हजार से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी**

महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इस कानून में सजा और जुर्माने के कठोर प्राविधान किए गए हैं। जब मेहनती और ईमानदार व्यक्ति अपनी लगन और मेहनत के दम पर कोई पद प्राप्त करता है, तो वह आम लोगों की पीड़ा और समस्याओं को समझकर ईमानदारी से अपना काम करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से शहरों के साथ गांवों के विकास पर भी प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। राज्य में सख्त भू-कानून के लिए विधानसभा में विधेयक पारित हो चुका है।

### दो वर्षों में सभी पंचायतों में होंगे कंप्यूटर: महाराज

पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जनवरी 2025 में समान नागरिक संहिता लागू कर उत्तराखंड यह कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना है। पंचायतीराज विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में अवस्थापना सुविधाओं के तहत पंचायत भवनों का निर्माण, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कराए जा रहे हैं। विभाग द्वारा परिवार रजिस्टर, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनापत्ति प्रमाण पत्र ऑनलाइन निर्गत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों में कम्प्यूटरीकरण का कार्य किया जा रहा है। आगामी दो वर्षों में सभी पंचायतों में कंप्यूटर स्थापित किए जाएंगे।



### यूएई में रमजान माह में सिर्फ तीन घंटे काम

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेगा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## सम्भल जामा मस्जिद की होगी रंगाई-पुताई!

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई से मांगी रिपोर्ट

प्रयागराज, वार्ता

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने कहा है कि संरक्षित स्थल होने के कारण वह सम्भल स्थित जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई की अनुमति नहीं दे सकता है। कोर्ट ने इस संबंध में अब एएसआई से रिपोर्ट मांगी है। वैसे कोर्ट ने कहा कि तीन सदस्यीय कमेटी की निगरानी में रंगाई-पुताई हो सकती है।

इसके लिए कोर्ट ने एएसआई और वैज्ञानिक के अलावा प्रशासन के एक अधिकारी की तीन सदस्यीय कमेटी बनाने को कहा है। तीन सदस्यीय कमेटी मस्जिद परिसर का निरीक्षण करेगी और यह तय करेगी कि किसी स्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाए बिना रंगाई-पुताई कैसे की जाए। एएसआई तीन सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट शुक्रवार को प्रस्तुत करेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट शुक्रवार को यह तय करेगा कि कैसे बिना ढांचे को नुकसान पहुंचाए रंगाई-पुताई होगी। वैसे मंदिर पक्ष और एएसआई की तरफ से जामा मस्जिद की प्रबंध समिति की याचिका का विरोध किया गया। प्रबंध समिति ने रमजान का महीना शुरू होने से पहले रंगाई-पुताई व मरम्मत की अनुमति के लिए याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने इस मामले में केंद्र व राज्य सरकार सहित एएसआई से जानकारी मांगी थी। प्रबंध समिति ने इससे पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के समक्ष आवेदन दाखिल कर रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई व मरम्मत की अनुमति मांगी थी। इसे एएसआई ने खारिज कर दिया था। इससे पहले जामा मस्जिद में रंगाई पुताई की अनुमति न देने के संबंध में सनातन सेवक संघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीदार को सौंपा था।

संघ का कहना है कि यह स्थल प्राचीन मंदिर था, जिसका लगातार स्वरूप बदलने का प्रयास किया गया है। अब भी रंगाई-पुताई कर इसे बदलने की कोशिश की जा रही है।



- रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट तय करेगा कैसे बिना ढांचे को नुकसान पहुंचाए रंगाई-पुताई हो
- मंदिर पक्ष और एएसआई ने जामा मस्जिद की प्रबंध समिति की याचिका का किया विरोध

### जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची ASI की टीम

**सम्भल।** उच्च न्यायालय के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम गुरुवार को जामा मस्जिद की पुताई और सजावट का सर्वे करने के लिए पहुंची। टीम ने मस्जिद की वास्तविकता का आकलन किया। इसके बाद तैयार रिपोर्ट न्यायालय में पेश की जाएगी। गौरतलब है कि जामा मस्जिद में हाल ही में हुई रंगाई-पुताई और सजावट को लेकर विवाद खड़ा हुआ था। इसके बाद मामला उच्च न्यायालय पहुंचा। न्यायालय ने इस पर संज्ञान लेते हुए एएसआई को जांच के निर्देश दिए थे। एएसआई की टीम ने मस्जिद के हर हिस्से की बारीकी से जांच की। अब इसकी रिपोर्ट उच्च न्यायालय में पेश की जाएगी।

### दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में मौसम का मिजाज बदल गया है। आसमान में बादल छाए रहे। गुरुवार सुबह दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बूंदाबांदी देखी गई। बारिश के चलते अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले कई दिनों से दिल्ली एनसीआर में मौसम गर्म होने लगा था, ऐसे में गुरुवार को हुई बूंदाबांदी ने मौसम में ठंडक ला दी है। इससे पहले मौसम विभाग ने दिल्ली में गुरुवार को आसमान में बादल छाए रहने और गरज के साथ हल्की बारिश होने की आशंका जताई थी। इस दौरान 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने और अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया था। इसके चलते सुबह व शाम ठिठुरन बढ़ेगी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव आया है।

### 'आप' विधायकों ने विधानसभा के बाहर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रवेश से रोकने के खिलाफ गुरुवार को परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा वालों ने सरकार में आते ही तानाशाही की हदें पर कर दी। 'जय भीम' के नारे लगाने के लिए तीन दिन के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों को सदन से निलंबित किया और गुरुवार को 'आप' विधायकों को विधान सभा परिसर में घुसने भी नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि ऐसा दिल्ली विधानसभा के इतिहास में कभी नहीं हुआ कि चुने हुए विधायकों को विधानसभा परिसर के अंदर नहीं घुसने दिया जा रहा। सुश्री आतिशी अपनी पार्टी के विधायकों के साथ धरने पर बैठ गई हैं और बैरिकेडिंग के पास प्रदर्शन किया।

### कैग की रिपोर्ट विधान सभा की लोक लेखा समिति को प्रेषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी की आबकारी नीति से संबंधित नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट को गुरुवार को लोक लेखा समिति (पीएसी) के पास भेज दिया। विधानसभा में कैग की रिपोर्ट पर हुई विस्तृत चर्चा के बाद श्री गुप्ता ने विपक्ष की अनुपस्थिति में इसे पीएसी के पास भेजने की घोषणा की।

## महाकुंभ में लगे सफाईकर्मियों को 10 हजार बोनस का ऐलान

**महाकुंभनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज महाकुंभ में कार्यरत रहे स्वच्छता कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को बड़ी सौगात देते हुए प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपये की धनराशि प्रदान करने का ऐलान किया।

मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को उपहार के साथ ही स्वच्छ कुम्भ कोष से बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया और साथ ही मंच से ऐलान किया कि जो भी स्वच्छता कर्मी और स्वास्थ्यकर्मी महाकुंभ के महा आयोजन में सहभागी बने, उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि अप्रैल से प्रदेश सरकार एक कॉर्पोरेशन का गठन करने जा रही है, -शेष पृष्ठ दो पर



**यूपी में सफाईकर्मियों का वेतन हुआ 16000 प्रति माह**

### योगी को भेंट किया गया तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र

**महाकुंभनगर।** मुख्यमंत्री योगी को मेला प्राधिकरण द्वारा बनाए गए तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र गुरुवार को भेंट किया गया। मुख्यमंत्री को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से मेला प्राधिकरण द्वारा स्थापित तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इन तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में से पहला एक साथ सर्वाधिक लोगों (329) द्वारा एक ही समय में कई स्थलों पर नदी की सफाई, दूसरा एक साथ सर्वाधिक संख्या 19 हजार सफाईकर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाए जाने और तीसरा आठ घंटे तक सर्वाधिक 10 हजार 102 लोगों द्वारा हैंडप्रिंट बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल रहा।

## वक्फ बिल में 14 बदलावों को केंद्र की मंजूरी

### रिपोर्ट में दावा: 10 मार्च से होने वाले बजट सत्र में लाना संभव, विपक्ष जता चुका विरोध

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही जेपीसी ने ड्राफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में एनडीए सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे जेपीसी के पास भेजा गया था। इसके बाद जेपीसी ने इस पर 655 पन्नों की रिपोर्ट दी थी। 13 फरवरी को राज्यसभा में भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में जेपीसी चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई। इनका आरोप है कि जेपीसी रिपोर्ट में उनकी असहमतियों को शामिल नहीं किया।





# ट्रम्प के सामने झुक रहे हैं मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ कांग्रेस के पूर्व सांसद अजय कुमार का आरोप

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'विश्वगुरु' के रूप में प्रचारित करते नहीं थक रही है, लेकिन सच यह है कि मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने पूरी तरह झुक जाते हैं और उनकी बात का प्रतिकार करने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाते हैं।

कांग्रेस के पूर्व सांसद अजय कुमार ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन ट्रम्प को मोदी अपना मित्र कहते हुए नहीं थकते हैं वह उन्हें रिसीव करने हवाई अड्डे तक नहीं आए।हमने देखा है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ट्रम्प को बातचीत के बीच में टोकते हुए यह बताते हैं कि आप गलत बोल रहे हैं मोदी के सामने ट्रम्प, भारत की बुराई करते रहे। भारत को टैरिफ वॉयलेटर बताते रहे, तब भी मोदी खामोश रहे जबकि मोदी इन्हीं डोनाल्ड ट्रम्प को अपना बेस्ट फेंड बताते हैं, जो लगातार भारत को अपमानित करने का प्रयास करते रहते हैं। भजपा के लोग नरेन्द्र मोदी को 'विश्व गुरु' बताते नहीं थकते, लेकिन जब प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के दौरे पर गए, तो राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी को रिसीव करने तक नहीं आए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कमाल तो यह है कि मोदी जैसे ही अमेरिका दौरे से वापस आए, अमेरिका की तरफ से घोषणा की गई कि पाकिस्तान को करीब 3,000 करोड़ रुपए एफ-16 की मेंटिनेंस के लिए दिए जा रहे हैं, लेकिन हमारे विदेश मंत्रालय ने इसका कोई जवाब नहीं दिया। अमेरिका और पाकिस्तान की डील थी कि एफ-16 फाइटर जेट्स का इस्तेमाल सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ होगा। जबकि हमारे सेना अधिकारियों द्वारा कई बार कहा जा चुका है कि पाकिस्तान ने एफ-16 फाइटर जेट्स का इस्तेमाल हमारे खिलाफ किया है, लेकिन मोदी सरकार खामोश रही। पहले भी अमेरिका ने कई बार नेहरू और इंदिरा के समय हम पर दबाव बनाया, लेकिन हम झुके नहीं, बल्कि देश के आत्मसम्मान और स्वाभिमान को और ऊंचा रखा।

उन्होंने कहा कि एलन मस्क ने एफ-35 को घटिया बताया है, लेकिन मोदी ने अभी तक एफ-35 की डील से इंकार नहीं किया है। मोदी सरकार ने ये भी नहीं कहा कि वो रक्षा विशेषज्ञों से चर्चा कर इस बारे में फैसला लेगी। एफ-35 इस देश के हित में नहीं है। इसके बारे में लगातार रिपोर्ट्स आई है कि इसकी डिजाइन और टेक्नॉलजी ठीक नहीं है। लेकिन ट्रम्प को खुश करने के लिए नरेन्द्र मोदी इस डील के लिए मना भी नहीं कर पा रहे हैं। डा. कुमार ने सवाल किया कि ट्रम्प ने पाकिस्तान को 350 मिलियन डॉलर की ग्रांट दी, तो मोदी सरकार ने विरोध क्यों नहीं किया।

## महिला सुरक्षा के मोदी-भाजपा के दावे खोखले: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को सुरक्षा देने के खोखले वादे करते हैं, लेकिन सच यह है कि भाजपा शासन में महिलाओं के साथ उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और उसकी सरकार महिलाओं के साथ हो रहे अपराध रोकने में विफल हो रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता डा. अजय कुमार ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महाराष्ट्र के पुणे में सरकारी बस के अंदर महिला से बलात्कार की घिनौनी वारदात हुई है, लेकिन अपराधी को पुलिस पकड़ नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने भजपा सरकार में महिला सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि आरोपी घटना के दो दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

# महाकुंभ के लिए 16 हजार से ज्यादा ट्रेनें चलीं

**महाकुंभनगर, वार्ता**

■ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी





रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज के लिये रेलवे ने 13 हजार ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए 16 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। वैष्णव ने गुरुवार को यहां रेलवे अधिकारियों से मुलाकात कर महाकुंभ के दौरान रेलवे की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह आयोजन भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन संभव हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने बिहार और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों का भी आभार जताया, जिनके सहयोग से रेलवे ने बेहतर समन्वय स्थापित किया और श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा की सुविधा दी। रेल मंत्री ने बताया कि प्रारंभ में रेलवे ने 13 हजार ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए 16 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। इस दौरान लगभग 4.5 से 5 करोड़ श्रद्धालु सुरक्षित रूप से महाकुंभ पहुंचे और संगम स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। रेलवे ने राज्य पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी और रेपिड़ एक्शन फोर्स के साथ मिलकर अभूतपूर्व समन्वय स्थापित किया, जिससे यातायात और भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाया जा सका। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार, श्रद्धालुओं को केवल भीड़ न समझकर उनकी श्रद्धा और भक्ति को प्राथमिकता दी गई। इसी दृष्टिकोण से रेलवे ने कई नवाचार किए, जिनमें खुशरोबाग, झूंसी, नैनी, छिवकी, प्रयाग जंक्शन और प्रयागराज जंक्शन में बड़े होर्डिंग एरिया विकसित किए गए। महाकुंभ के 45 दिनों के इस महा आयोजन में रेलवे के विभिन्न विभागों ने अत्यंत समन्वित रूप से कार्य किया और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी गई। रेल मंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से मिली सीख को रेलवे मैनुअल में स्थायी रूप से शामिल किया जाएगा, ताकि भविष्य में अन्य बड़े आयोजनों में इसका लाभ उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि रेलवे इस ऐतिहासिक अनुभव के आधार पर अपने भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधाओं में नए सुधार लाएगा, जिससे देशभर में यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा मंत्रालय की हिन्दी पत्रिका 'सशक्त भारत' का विमोचन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां रक्षा मंत्रालय की द्विवार्षिक हिंदी पत्रिका 'सशक्त भारत' के प्रथम संस्करण का विमोचन किया। इस पत्रिका में सशस्त्र बलों के कर्मियों की वीरता, देशभक्ति तथा बलिदान पर कविताएं और मंत्रालय के कर्मियों द्वारा लिखे गए सरकार की नीतियों पर लेख शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने लहदी को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा विभाग के रक्षा मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने हिंदी को अपनाने और इसके प्रयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा भाषा को भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को जोड़ने वाला सूत्र बताया।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री ने की मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जोरदार जीत पर बधाई दी। सूत्रों के अनुसार करीब आधे घंटे तक चली मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने हरियाणा में विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की। सैनी ने हरियाणा के आधारभूत विकास और भविष्य की परियोजनाओं पर भी प्रधानमंत्री मोदी को जानकारी दी। उन्होंने हरियाणा में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं और उनके क्रियान्वयन के बारे में भी मोदी को रिपोर्ट दी।

### भाजपा की जमानत जब्त कराएंगे: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जमानत जब्त करवा देंगे और हम 215 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। 294 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए ममता बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस भाजपा की सीटों की संख्या को पश्चिम बंगाल में कम करने की पूरी कोशिश करेगी। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 77 सीटें मिली थीं। टीएमसी पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि हम अगले बंगाल विधानसभा चुनावों में 294 में से 215 से ज्यादा सीटें जीतेंगे।

## दो-तीन मंत्रियों की छुट्टी होगी, तीन-चार नए चेहरे शामिल होंगे

# यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार का फार्मूला तय

**लखनऊ, वार्ता**



■ अगले आठ-दस दिनों में विस्तार होने की पूरी संभावना, प्रदेश स्तर से लिया जा चुका है फीडबैक

उप्र के योगी मंत्रिमंडल की बहुप्रतीक्षित विस्तार जल्द ही होने जा रहा है। महाकुंभ और विधासभा का सत्र पूरा होते ही इस दिशा में काम तेज होगा। सूत्रों के अनुसार यूपी में मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर पार्टी हाईकमान ने अपना होमवर्क पूरा कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक दो-तीन मंत्रियों की जहां छुट्टी होगी, वहीं तीन-चार नए चेहरे शामिल होंगे। लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे नेताओं को होली का तोहफा देने की तैयारी है।

राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक कुछ मंत्रियों के विभागों में बदलाव होगा। जिनके विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायतें मिली हैं या मंत्रियों की परफॉर्मेंस ठीक नहीं है, उन्हें हटाया जाएगा। अहम विभाग के साथ पश्चिम के भी दो चेहरे मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं। वहीं विस्तार में 75 वर्ष की आयु सीमा का भी ध्यान रखा जाएगा। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश स्तर से इस संबंध में फीडबैक लिया जा चुका है। अगले 8-10 दिनों में विस्तार होने की पूरी संभावना है।

प्रदेश में भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची जल्द ही जारी होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बीते दिनों कहा था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और महाकुंभ के आयोजन की वजह से ही प्रक्रिया कुछ धीमी हो गई थी। अब सूची जारी होने में अब कहीं कोई पेंच नहीं है। बीते दिनों जिलाध्यक्षों की सूची जारी होने में हो रही देरी से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा था कि सूची जारी होने में जो भी बिंदू सामने आए थे, सभी का निस्तारण हो गया है। भाजपा का संगठन सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी है।

समाज के सभी वर्गों में हमारा प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि हमारा ही एक ऐसा संगठन है, जिसमें महिलाओं और अनुसूचित जाति समेत सभी वर्गों के लिए काम करने के समान अवसर दिए गए हैं और आगे भी इसका ख्याल रखा जाएगा।

### महाकुंभ से 3 लाख करोड़ से ज्यादा की कमाई

**लखनऊ।** यूपी 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में प्रयागराज में महाशिवरात्रि पर संपन्न हुए महाकुंभ मेले-2025 ने राज्य की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया है। 13 जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर शेयर किया कि इस उत्सव के दौरान प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर पवित्र स्नान में 66.21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उद्योग जगत के लीडर्स के अनुसार, इस भव्य उत्सव से वस्तुओं और सेवाओं के माध्यम से 3 लाख करोड़ रुपये (लगभग 360 बिलियन डॉलर) से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है, जो महाकुंभ का नाम देश के सबसे बड़े आर्थिक आयोजनों की लिस्ट में जोड़ता है।

### योगी ने संगम तट पर किया स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह संगम तट पर पहुंच कर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। योगी महाकुम्भ 2025 की औपचारिक पूर्णाहुति के लिए प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाकुम्भ नगर के अरैल घाट पर सफाईकर्मियों के साथ मिलकर घाट की सफाई की और गंगा तट पर स्नानार्थियों द्वारा छोड़ी गए वस्त्र आदि को साफ करने में अपने मंत्रियों के साथ श्रमदान किया। जल में मौजूद छोड़े गए वस्त्रों को निकालकर महाकुम्भ के उपरांत पूरे मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए अभियान का शुभारंभ किया।

सफाई कार्य के बाद मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ फ्लोटिंग जेटी के जरिए संगम के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने जेटी से साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। संगम पहुंचकर योगी ने मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य रूप में मौजूद मां सरस्वती का विधिवत पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मंत्रिगणों के साथ मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर विधि-विधान से मां की आरती उतारी और लोक कल्याण की कामना की। योगी ने संगम स्नान को आए श्रद्धालुओं का भी अभिवादन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के अलावा कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, राकेश सचान, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, अनिल राजभर, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार और प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना संजय प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यों के साथ पारदर्शी संवाद की जरूरत: निर्मला

**नई दिल्ली।**



■ एक शिखर सम्मेलन में बोलीं वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को भारत के आर्थिक ढांचे को मजबूत करने के लिए राज्यों के साथ पारदर्शी और सहयोगात्मक संवाद की आवश्यकता पर जोरदेते हुये कहा कि राज्यों के साथ ईमानदारी से बातचीत होनी चाहिए।


सीतारमण ने यहां एक शिखर सम्मेलन में कहा कि राज्यों के साथ ईमानदारी से बातचीत होनी चाहिए। आपको लगता है कि संस्थागत व्यवस्था से आपको वांछित परिणाम मिलेंगे, लेकिन जीएसटी परिषद की स्थापना में भी प्रयास गहन और निरंतर थे। मुझे लगता है कि राज्यों के साथ बातचीत पहले होनी चाहिए।ह उन्होंने स्पष्टता और सहयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जैसे जेंडर के सवाल का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। उसी तरह से पैसे या कर हस्तांतरण कैसे होता है, इस बारे में जनता को गलत जानकारी देने का कोई भी प्रयास राष्ट्र के लिए नुकसानदेह है, क्योंकि कर्म भविष्य की पीढ़ियों पर बोझ है। फ़ायरसाइड चैट के दौरान इस बारे में पूछे जाने पर कि क्या संस्थागत ढांचा राज्यों के बीच राजकोषीय असमानताओं को दूर कर सकता है, सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद जैसी संरचनाओं के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता है, लेकिन इसकी नींव वास्तविक राज्य-स्तरीय भागीदारी पर आधारित होनी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या संरचनात्मक मुद्दों को दूर करने के लिए अतिरिक्त नीतिगत उपायों की आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि इस स्तर पर नहीं।

हमने जिन सुधार उपायों की घोषणा की है, उन्हें अभी कुछ और करना है। आयकर विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद हमें तेजी से आगे बढ़ना होगा। हमें एक अप्रैल के बाद तेज गति से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने निर्यात संवर्धन, करदाता सम्मान, आयकर सरलीकरण और सीमा शुल्क में चल रहे सुधारों पर प्रकाश डाला और इनके क्रियान्वयन में विश्वास व्यक्त किया।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली के चलते शेयर बाजार सपाट रहा

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की यूरोपीय संघ से आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी के बावजूद एनवीडिया के अपेक्षित परिणामों से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर बिकवाली से आज शेयर बाजार सपाट बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 10.31 अंक की मामूली बढ़त से 74,612.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 2.50 अंक फिसलकर 22,545.05 अंक पर सपाट रहा। बीएसई का मिडकैप 0.97 प्रतिशत की गिरावट लेकर 39,445.69 अंक और स्मॉलकैप 2.09 प्रतिशत का गोता लगाकर 44,111.64 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4072 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3030 में बिकवाली जबकि 943 लिवाली हुई, वहीं 99 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में गिरावट जबकि 19 में तेजी रही। बीएसई में दूरसंचार, वित्तीय सेवाएं और धातु में 0.70 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 18 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.86, सीडी 1.34, ऊर्जा 0.29, एफएमसीजी 0.81, हेल्थकेयर 0.72, इंडस्ट्रियल्स 2.47, आईटी 0.63, यूटिलिटीज 1.18, ऑटो 1.57, बैंलकग 0.09, कैपिटल गुड्स 1.58, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.83, तेल एवं गैस 0.60, पावर 1.80, रियल्टी 2.06, टेक 0.28, सर्विसेज 0.69 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.51 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.20, जापान का निक्केई 0.30 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.23 प्रतिशत मजबूत रहा, जबकि जर्मनी का डैक्स 0.93 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.29 प्रतिशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में संसेक्स 104 अंक की तेजी के साथ 74,706.60 अंक पर खुला और दमदारी लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 74,834.09 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 74,520.78 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 74,602.12 अंक के मुकाबले 0.01 बढ़कर 74,612.43 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 22 अंक उठकर 22,568.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,613.30 अंक के उच्चतम जबकि 22,508.40 अंक के निचले स्तर पर रहा।

### कोयला खान नीलामी पर शुक्रवार को मुम्बई में होगा रोड शो

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय कोयला क्षेत्र में निवेश के अवसरों और कोयले के व्यावसायिक खनन के लिए प्रस्वावित नीलामी पर रखे जाने वाले कोयला-प्रखण्डों की संभावित निवेशकों को जानकारी देने के लिए आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार को मुंबई में एक रोड शो आयोजित करने जा रहा है। मुंबई के ताज महल पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, अपर सचिव रूपिंदर बरार और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी वहां रहेंगे। इस कार्यक्रम में कोयला खनन, तकनीकी प्रगति, सर्वोत्तम और दीर्घकालीन प्रथाओं में उभरती संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रमुख हितधारक, अग्रणी उद्यमी और निवेशक शामिल होंगे।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे

विदेशी बाजारों की गिरावट के असर से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 34 रिंगिट टूटकर 4694 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.03 सेंट की गिरावट के साथ 45.56 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5950-6050, दाल चना 6950- 7050, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7850-7950 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल : 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़:** चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 16116 रुपये, मूंगफली तेल 18462 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 15751 रुपये, पाम ऑयल 13553 रुपये और वनस्पति तेल 16336 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**जीएसटी-सीमा....**

कानूनों के अंतर्गत अधिकारी पुलिस अधिकारी नहीं होते हैं और समान शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकते हैं। गिरफ्तारी पर जीएसटी विभाग द्वारा जारी किए गए परिपत्रों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि कर भुगतान में दबाव के आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए, प्रभावित व्यक्ति न्याय के लिए अदालत जा सकते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी प्रावधानों में अस्पष्टता के कारण नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए और इस बात पर बल दिया कि जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत कोई निजी शिकायत नहीं हो सकती। शीर्ष अदालत ने अरविंद केजरीवाल मामले से इस सिद्धांत को लागू किया, जहां धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के अंतर्गत गिरफ्तारी के लिए विश्वास करने का कारण होना आवश्यक है। उसने यह निर्णय दिया कि जीएसटी और सीमा शुल्क की गिरफ्तारी पर भी यही सिद्धांत लागू होता है, क्योंकि संबंधित कानूनी प्रावधान लगभग समान हैं। मुख्य न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हमने माना है कि दीपल महाजन का मामला अलग था और हमने अरविंद केजरीवाल मामले का हवाला दिया है। सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 132 और 104, जब अपराधों को संज्ञेय और जमानती के रूप में निर्दिष्ट करती है, तो इसके बजाय इसे गैर-संज्ञेय और गैर-जमानती माना जाना चाहिए। हमने देखा है कि कर भुगतान में जबरदस्ती के आरोपों में कुछ दम है और ऐसी प्रथाओं की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने अपने सहमति वाले फैसले में, अनुच्छेद 226 के अंतर्गत न्यायिक समीक्षा की शक्तियों को संबोधित किया, कर-संबंधी गिरफ्तारियों में संवैधानिक सुरक्षा उपायों को बनाए रखने पर अदालत के रुख की पुष्टि की। यह निर्णय जीएसटी और सीमा शुल्क अधिनियमों के दंडात्मक प्रावधानों को चुनौती देने वाली 279 याचिकाओं के जवाब में दिया गया। अदालत का फैसला आरोपी व्यक्तियों के लिए कानूनी सुरक्षा को बहुत मजबूत करता है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर बल दिया कि कर अधिकारियों द्वारा मनमानी गिरफ्तारी और जबरदस्ती संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करती है, यह सुनिश्चित किया कि प्रवर्तन कार्रवाई कानून की सीमा के अंदर होनी चाहिए। आगे की कार्यवाही के लिए मामले को 17 मार्च के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

**महाकुंभ में लगे...**

जिसके माध्यम से हर स्वच्छता कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी और उन सभी कर्मियों को जिन्हें न्यूनतम मानदेय नहीं मिल पाता था, उन्हें सरकार 16 हजार रुपये प्रतिमाह प्रदान करेगी। यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। इसके साथ ही यह भी कहा कि हर स्वच्छता कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी को आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हुए इस भव्य और दिव्य आयोजन के बाद आज आप सभी का अभिनंदन करने के लिए पूरी प्रदेश सरकार आपके बीच में है। इस आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में स्वच्छता और स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान है।

हमारी सरकार आपसे वादा करती है कि आपके वेलफेयर के लिए हम आगे भी लगातार काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ जब कोई कार्य होता है, तो उसके परिणाम ऐसे ही होते हैं, जैसे प्रयागराज महाकुंभ में आज हमको देखने को मिल रहे हैं। आज आप सबने साबित कर दिया कि अगर थोड़ी भी इच्छा शक्ति हो और सही सपोर्ट मिले, तो परिणाम कुछ भी लाया जा सकता है। सीएम योगी ने सभी स्वच्छता कर्मियों से अपील की कि स्वच्छता कार्यक्रम को अब नए सिरे से प्रस्तुत करना है। स्वच्छता का विशेष अभियान चलाना होगा। आज हमने इसकी शुरुआत की है। अब सभी अधिकारी, कर्मचारी भी इस अभियान में जुटें। मां गंगा के प्रति हमारी कृतज्ञता ज्ञापित होनी चाहिए।

योगी ने कहा कि आपको सम्मानित करते हुए और आपके साथ सहभोज में हिस्सा बनते हुए हमारा मंत्रिमंडल अभिभूत है। मुख्यमंत्री योगी ने महाकुम्भ में नाविकों के योगदान की सराहना करते हुए उनके लिए कई बड़ी घोषणाएं की, वहीं महाकुम्भ में रोडवेज की बसों के संचालन से जुड़े चालकों के लिए 10 हजार रुपये अतिरिक्त बोनस का ऐलान किया। योगी ने कहा कि नाव चालकों को सरकार विशेष सुविधाएं देगी, जिसके तहत पहले नाविकों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इसके बाद नाव के लिए पैसा और पांच लाख रुपये तक बीमा कवर की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। त्रिवेणी संकुल में नाविकों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के भव्य, दिव्य व सफल आयोजन में नाविकों के योगदान की सराहना की और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने शहीद चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस मनाया

**ठाकुरद्वारा।** नगर में यात्री प्रतीक्षालय में संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन कामरेड नत्थू सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अखिल भारतीय किसान सभा तथा अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ता कर महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का 95 वां शहादत दिवस मनाने के लिए एकत्र हुए तथा पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर शहीदों की याद में नारेबाजी करते हुए आरंभ किया गया जिसमें कॉमरेड धर्मपाल सिंह , डॉ.सईद सिद्दीकी, जाबिर हुसैन तथा भारत सिंह आदि ने संबोधित करते हुए चंद्रशेखर आजाद के संघर्षों व जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रिटिश हुकूमत की जड़े हिलाने वाले और देश को स्वाधीनता दिलाने वाले शहीद क्रांतिकारियों नमन करना व उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलकर उनके सपनों को साकार करना जरूरी है शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और शोषण विहीन समाज का निर्माण ही आम जनता के लिए एकमात्र रास्ता है इस दौरान किसान नेता प्रीतम सिंह ने कहां कि अपने हकों को प्राप्त करने के लिए संगठित होकर आंदोलन करना बहुत जरूरी है शहीदों के दिखाए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया इस दौरान अभाकिमस के जिला सचिव कॉमरेड हर स्वरूप सिंह जहांगीर अली नरेश सिंह हाजी कल्लू नरेश सिंह मनोज कुमार जाबिर हुसैन जगदीश सिंह पांडे महिपाल सिंह दुर्योधन सिंह असगर अली जाकिर हुसैन आदि मौजूद रहे।



# शादी में डांस करने के विवाद को लेकर मोहित के मारी गई थी गोली

**बिलारी।** बिलारी में शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की हत्या डीजे पर डांस करने को लेकर की गई थी। इस मामले को लेकर मृतक के भाई ने एक नामजद युवक के अलावा दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी युवकों की तलाश शुरू होगी।

बिलारी थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक बैंकट हाल में कुंद. रकी थाना क्षेत्र के गांव नगला सालार का रहने वाला मोहित पुत्र सुखबीर सिंह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। यहां पर मुरादाबाद जनपद के थाना छजलैट के गांव पचोकरा का रहने वाला अंकित पुत्र राकेश भी साथियों के साथ आया हुआ था। मृतक मोहित के भाई शोभित ने मुकदमे में दर्ज कराए गए रिपोर्ट के मुताबिक बताया कि रात्रि 10:30 बजे डांस करने को लेकर मोहित का झगड़ा अंकित व उसके दो साथियों के साथ हो गया था। अंकित अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है।

वहां पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कराकर मामले को शांत कर दिया। कुछ समय बाद मोहित को अंकित और उसके दोनों साथी शादी कार्यक्रम से अपनी बाइक पर बैठाकर ले गए। वहीं मोहित के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी और शव को ग्वालखेड़ा के मजरा के पास सड़क के किनारे फेंक दिया। जब मोहित घर वापस नहीं पहुंचा तो उसके भाई शोभित ने उसकी तलाश शुरू की तो पता लगा कि 26 फरवरी को 7 बजे उसके भाई की लाश सड़क किनारे पड़ी हुई थी। मृतक के भाई शोभित में अंकित के अलावा दो नामजद के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

## नवविवाहिता की हत्या के आरोपी पिता-पुत्र को भेजा जेल

**भोजपुर।** उप निरीक्षक महेश पाल ने गांव अक्का भीखनपुर निवासी पिता पुत्र मोहसिन और मोसिम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया।

अदालत ने आरोपियों को जेल भेज दिया। थाना डिलारी के गांव जुल ढकिया निवासी शराफत अली ने 24 फरवरी को बेटी रूबी की दो लाख रुपए नकदी और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग पूरी नही होने पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पति मोसिम,ससुर मोहसिन, सास सरवरी,जेठ मोनिस, जेठानी नजराना और ननद कुमारी निदा के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

## समाचार एक नजर में

### होटल में युवती से किया दुष्कर्म, शिकायत पर पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

**मुरादाबाद।** होटल में एक युवती से रेप और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरा. पी युवक के खिलाफ शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शहर के बुद्ध बाजार इलाके में स्थित होटल में युवती से दुष्कर्म किए जाने और दुष्कर्म करने के साथ ही वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने का मामला प्रकाश में आया है।आरोप है कि युवक ने पहले तो होटल में युवती से दुष्कर्म किया और उसके बाद उसकी अश्लील वीडियो बनाई और ब्लैकमेल कर कई दिनों तक उसका शोषण करता रहा। पीड़िता से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप भी पीड़िता ने आरोपी युवक पर लगाया है। पीड़िता के द्वारा एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, जिस पर एसएसपी के आदेश पर पुलिस जांच में जुट गयी है।

### आईएफटीएम में 'टैक्स प्लानिंग एंड इन्वेस्टमेंट ऑपर्चुनिटीज' विषय पर हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए ''टैक्स प्लानिंग एंड इन्वेस्टमेंट ऑपर्चुनिटीज'' विषय पर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस आयोजन से शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में टैक्स प्लानिंग और इन्वेस्टमेंट को लेकर नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि निवेश योजना अपने वित्तीय लक्ष्य को हासिल करने के लिए धन का निवेश करने का एक रणनीतिक तरीका होने के साथ ही यह एक वित्तीय साधन है, जो भविष्य में स्थाई संपत्ति बनाने में मदद करता है। इस कार्यशाला में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना ने बतौर रिसोर्स पर्सन शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को विभिन्न फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट की योजनाओं के बारे में विस्तार के साथ जानकारी उपलब्ध कराई। इस मौके पर स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समय-समय पर ऐसी कार्यशालाएं आयोजित होती रहनी चाहिए। साथ ही उन्होंने इन्वेस्टमेंट प्लानिंग को फाइनेंशियल प्लान का आवश्यक घटक बताया, जो कि व्यक्तियों को अपने जीवन के किसी लक्ष्य और फाइनेंशियल संकट को दूर करने में सहायता प्रदान करता है। स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की सह संयोजिका डॉ. निधि चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल के सभी सदस्यों समेत स्कूल के कई फैकल्टी मैम्बर्स का योगदान रहा।

### युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**भोजपुर।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के केस में वांछित चल रहे। गांव रूस्तमपुर तिगरी निवासी खालिद पुत्र भूरा को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया। मुकदमें की विवेचना कर रहे उप निरीक्षक रामकुमार ने बताया की आरोपी के तीन भाईयों साजिद,वाजिद और साहिल पर भी दुष्कर्म पीड़िता ने मारपीट गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। अभी जांच चल रही है। जो तथ्य सामने आएंगे उसी के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## बिश्नोई समाज ने भूड़ मन्दिर पर आयोजित 78वें वार्षिक उत्सव के हवन में आहुति देकर की देश और समाज की खुशहाली की कामना

**कांठ (शाह टाइम्स)** विश्नोई समाज की आस्था का केन्द्र भूड टीबा पर 78 वा वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गयास हजारों लोगों ने यज्ञ में आहुति दी और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। समाज एवं देश की खुशहाली के लिए गुरु जंभेश्वर महाराज द्वारा बताए गए 29 नियमों पर चलने का आह्वान किया ।श उत्तर प्रदेश में बिश्नोई समाज के भूड़ मन्दिर पर हर वर्ष फाल्गुन अमावस्या को विशाल मेला लगता है। यहां देश के कोने - कोने से आकर श्रद्धालु श्री जम्भेश्वर भगवान को नमन कर पर्यावरण को बनाये रखने, जीवों पर दया करने व उनके आदशों तथा उनके द्वारा प्रतिपादित 29 नियमों पर चलने का संकल्प लेते हैं। कांठ स्योहारा मार्ग स्थित ब्रह्मलीन स्वामी चन्द्रप्रकाश जी महाराज की तपोभूमि श्री जम्भेश्वर आश्रम भूड़ टीबा पर संतों एवं गणमान्य लोगों की मौजूदगी में विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने देसी घी, गोले सामग्री को आहुति देकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया तथा समाज और देश की उन्नति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की, श्रद्धालुओं ने मंदिर के अंदर स्थापित अखंड ज्योति के दर्शन किए और गुरु जंभेश्वर महाराज को नमन किया दोपहर को पर्यावरण गोष्ठी





का आयोजन किया गया जिसमें आश्रम के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह विश्नोई, मास्टर सीपी सिंह,सेवा. निवृत्त इंस्पेक्टर दिलावर सिंह बिश्नोई आदि ने विचार व्यक्त किए उल्लेखनीय है कि सन् 1763 में हरे वृक्षों की रक्षा करने के लिये माता अमृता देवी के नेतृत्व में 363 स्त्री पुरुषों एवं बच्चों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। यह घटना पूरे विश्व में अद्वितीय घटना है जो पर्यावरण की रक्षा के लिये आज पूरे विश्व में मिशाल बनी हुई है। श्री जम्भेश्वर आश्रम भूड़ टीबा के अध्यक्ष कुंवर सुरेन्द्र सिंह विश्नोई ने मेले के समापन पर आयोजित कमेटी की बैठक में वर्ष का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। लोदीपुर धाम, धामपुर, स्योहारा मुरादाबाद नगीना, हरिद्वार, दिल्ली, गाजियाबाद, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश आदि प्रमुख स्थानों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक राजेश कुमार उर्फ चुन्नू, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट दीपक बिश्नोई, महेश चंद्र गुप्ता भाजपा के जिला महामंत्री राजन बिश्रोई, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई, डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल कुमार यादव, श्रीओम बिश्नोई, देवेश बिश्नोई, विनीत बिश्नोई, दीप माला बिश्नोई,आस्था बिश्नोई, दिव्या बिश्नोई, देवेंद्र बिश्नोई, महेश कुमार बिश्नोई आदि हजारों लोग मौजूद रहे। आगंतुकों का आभार अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई ने व्यक्त किया।

## महिला अधिवक्ता पर तेजाब फेंकने के आरोप में दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, अधिवक्ता का हंगामा

**ठाकुरद्वारा।** गुरूवार को नगर में एक महिला अधिवक्ता पर जान से मारने और चेहरा विकृत करने की नियत से तेजाब डालने का प्रयास किया गया है। यह घटना सुबह 10.30 बजे हुई जब महिला अधिवक्ता तहसील के मुख्य गेट से होकर मोटरसाईकिल से अपने किरायेदार सतेन्द्र के साथ अपने चौम्बर के पेड के पास छोड़कर चला गया।

महिला अधिवक्ता के पीछे से सचिन कुमार पुत्र महावीर सिंह और उसका रिश्तेदार नितिन कुमार ने तेजाब डाला और तमंचा रखकर धमकी दी। महिला अधिवक्ता की हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला अधिवक्ता ने सचिन और नितिन के खिलाफ ठाकुरद्वारा न्यायालय में मुकदमों की पैरवी की है, जिसकी वजह से उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। पुलिस को इस मामले में सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करने की अपील की गई है। महिला अधिवक्ता के परिवार ने पुलिस से मांग की है कि सचिन और नितिन को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि यह घटना महिला अधिवक्ता के लिए बहुत बड़ा खतरा है और उन्हें न्याय मिलना चाहिए। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और सचिन और नितिन की तलाश शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।



### पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया फ्लैग मार्च

**भोजपुर।** महाशिवरात्रि का पावन पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के बाद पुलिस ने ईद उल फितर का पर्व भी शांति पूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए कमर कस ली है। रविवार से शुरू होने वाले रमजान मुबारक महीने में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने अधीनस्थों को साथ लेकर कस्बे के मुख्य मार्गों घासमंडी,बस स्टैंड, बड़ी मंडी, सब्जी मंडी, प्राचीन शिव मंदिर, गढ़ी, बगिया वाला,जान. वाला, फतेहपुरी, मलिन बस्ती आदि में गस्त कर आमजन को सुरक्षा प्रदान करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उनके साथ उप निरीक्षक शराफत हुसैन, रामकुमार,महेश पाल,अनिल गोस्वामी, पंकज कुमार राठी एवं हेड कांस्टेबल और सिपाही मौजूद थे।

## गन्ना उत्पादन बहुत लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है: डॉ. संजय सिंह

**ठाकुरद्वारा।** ब्लाक क्षेत्र के गांव मलपुरा लक्ष्मीपुर, स्तिथ कृषि विज्ञान केंद्र पर एक दिवसीय गन्ने के संबंध में कृषि प्रसार अधिकारियों द्वारा एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों व काशीपुर गन्ना अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ संजय सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ सिद्धार्थ कश्यप, उप कृषि निदेशक-, भूमि संरक्षण अधिकारी- केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ रवींद्र कुमार ने कार्यशाला का शुभारंभ किया व कार्यशाला में बाहर से आये वैज्ञानिकों, अधिकारियों का स्वागत व अभिनंदन किया तथा गन्ने में उर्वरक प्रबन्धन पर विस्तार से चर्चा करी। गन्ना उत्तर प्रदेश राज्य की एक प्रमुख नकदी फसल है इसका उत्पादन बहुत लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है किंतु इसमे लगने वाली कुछ रोग/बीमारियों जैसे लाल सड़न रोग, रतुआ रोग, मृदा जनित रोग व सही जानकारी जैसे बीज, उर्वरक आदि कई घटक हैं जो इसके उत्पादन को प्रभावित करते हैं। क्षेत्र के किसानों की इन्ही सब समस्याओं एवं सही जानकारी को दृष्टिगत रखते हुए गन्ना अनुसंधान केंद्र, काशीपुर के वैज्ञानिक डॉ संजय सिंह ने गन्ने में होने वाली सस्य क्रियाओं, गन्ने के उपोत्पाद, गन्ने में गहरी जुताई, बीज बोने के तरीके, बीज के साइज, पर्णीय छिड़काव आदि बहुत से पहलुओं पर जानकारी दी। डॉक्टर प्रमोद कुमार ने गन्ने की उन्नत प्रजातियों के बारे में बताया, गन्ना अनुसंधान केंद्र, काशीपुर के ही वैज्ञानिक डॉक्टर सिद्धार्थ कश्यप ने गन्ने में लगने वाली बीमारियों जैसे लाल सड़न रोग, उकठा रोग, पोका बो. इंग, कंडुआ रोग, टॉप बोरर की समस्या आदि विभिन्न बीमारिओं एवं उनकी रोकथाम के बारे में बताया। उप कृषि निदेशक, ने किसानों को गन्ने में सह फसली खेती, प्राकृतिक खेती, खरपतवार नाशियों को न्यून इस्तमाल करने आदि जैसी विभिन्न बातों को बताया। भूमि संरक्षण अधिकारी ने सरकारी योजना जैसे ष्खेत-तालाब योजनाध्लघु तालाब योजनाष् के बारे में जानकारी देते हुए गन्ने की समस्याओं के बारे में बात की। कार्यक्रम का संच. ालन केंद्र के पादप सुरक्षा के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किया। कार्यशाला में एसएमएस प्रवीण कुमार, सहायक विकास अधिकारी मोहित कुमार, नौ बहार सिंह, नीरज शर्मा पुष्पराज यादव, रणवीर सिंह, संदीप कुमार, दिनेश आदि मौजूद रहे।



### मदरसा जामिया तुल बनात फैजाने इमामे आजम में जशन दस्तार ए किरात व फजीलत हुआ आयोजन

**भोजपुर।** बृहस्पतिवार को मदरसा जामिया तुल बनात फैजाने ए इमामे आजम नई बस्ती भोजपुर में लड़कियों को आलिमा बनने के मौके पर दस्तार ए बन्दी का एक अजीमुश्शान इजलास मुनाकिद हुआ। जिसमें नाते रसूल कारी रहमत परवाज ने पढ़ी और बयान मुफ्ती मुहम्मद रजा ने और मुफ्ती हनीफ साहब ने किया इस दौरान नगर इमाम मौलाना हनीफ साहब ने इल्म हासिल करने और तलाक देने का रिवाज खघ्त्म करने के बारे में और मां बाप कि खिदमत करने के बारे में समझाया गया। साथ ही परदे की अहमियत पर रोशनी डाली गई। जिसमें मदरसे के नाजिमे आला मुफ्ती नाजिरुलघ्घ्ह कादरी ओर मुफ्ती हाशिम कारी फिरासत मौलाना अबुल कलाम, कारी तस्लीम, कारी अय्यूब ,मुफ्ती ओसाफ ,मौलाना राशिद व दीगर उलेमा मौजूद रहे। दस्तार से फारिग होने वाली आलिमा शाजिया आज्मी, अर्शी आज्मी, राबिया आज्मी, रोजिश मुस्कान आज्मी को दस्तार से नवाजा गया।

## आईएफटीएम के कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने किया उद्घाटन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में केंद्रीय पुस्तकालय की ओर से ''बंच ऑफ विजडम" थीम पर आधारित ''चतुर्थ वार्षिक पुस्तक प्रदर्शनी -2025'' का आयोजन किया गया। पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल एवं कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण करने के उपरांत फीता काटकर किया। इस अवसर पर कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने कहा कि पुस्तकें मार्गदर्शन का काम करती है, इसलिए विद्यार्थियों को अच्छी पुस्तकों का चयन कर उनका भली-भांति अध्ययन करना चाहिए। वहीं कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के अध्ययन, अध्यापन की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए सभी सुविधाओं से सुसज्जित एक अत्याधुनिक पुस्तकालय की सुविधा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी पुस्तकालय का अधिक से अधिक उपयोग करें। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रदर्शनी में उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा एवं निदेशक आईक्यूएसी प्रो. राकेश कुमार यादव ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों के अथक प्रयासों की सराहना की। पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. बी.के. राजपूत ने बताया कि इस प्रदर्शनी में देश भर के सुप्रसिद्ध 20 से अधिक प्रकाशकों ने 4500 से अधिक नव प्रकाशित पुस्तकों का प्रदर्शन किया। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रदर्शनी का प्रमुख उद्देश्य शिक्षकों एवं छात्रों में पुस्तकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पढ़ने के प्रति अभिरुचि जागृत करना एवं पुस्तकालय के संग्रह को अद्यतन करना रहा। प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकों समेत 1000 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में सह संयोजक व डिप्टी लाइब्रेरियन श्री बी. एस. बांगा, आयोजन सचिव डॉ. अशोक कुमार समेत आयोजन समिति के सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही। एम एच मेडिकल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होमियोपैथी एण्ड रिसर्च सेंटर अगवानपुर में भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया

## डायमंड पैलेस कुंदरकी में मेरा आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम का भव्य आयोजन

### कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाअधिकारी विनय कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया

**कुंदरकी।** गुरुवार को डायमंड पैलेस कुंदरकी में मेरा आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम का भव्य आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ गंगवार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाअधिकारी विनय कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय डूंगरपुर के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया। विशेष अतिथियों की भूमिका का निर्वहनखंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह, प्ब्क्ब सुप. रवाइजर श्रीमती विनीता गंगवार, प्ब्क्ब सुपरवाइजर श्रीमती रविता चौधरी मोहम्मद आरिफ प्रबंधक प्ज्ड ने किया। इसके बाद कंपोजिट विद्यालय मालीपुर के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया की गिरफ्त में फंसे बच्चे की स्थिति, इस कठिन समय में माता-पिता की भूमिका व इस समस्या से निवारण के उपाय बताती लघु नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर उप जिलाधिकारी द्वारा ब्लॉक के 9 संकुलो के 45 बच्चों (27 आंगनबाड़ी बच्चों + 18 निपुण बच्चों) को स्टेशनरी किट तथा ब्लॉक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। एसडीम द्वारा अपने उद्बोधन में कहा की हाल के कुछ वर्षो में पूर्व प्राथमिक शिक्षा तथा प्राथमिक शिक्षा की दशा बदल गई है। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ की नेतृत्व में कुंदरकी ब्लाक के शिक्षकों एवं बच्चों के कार्यो की प्रशंसा की। खंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने अपने संबोधन में कहा की 3 से 6 वर्ष के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिक्षक और विद्यालय प्रबंध समिति के जिम्मेदार इस दिशा में सार्थक पहल करना सुनिश्चित करें सरकार का उद्देश्य आंगनबाड़ी के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है उन्होंने बताया आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय में बुनियादी साक्षरता के



अंतर्गत कई प्रकार की सुविधा दी जा रही हैं बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहे। खंड विकास अधिकारी ने

कहा कि प्रारम्भिक शिक्षा औपचारिक शिक्षा के लिए नींव का काम करती है। अगर नींव कमजोर होगी तो इमारत कभी मजबूत नही हो सकती। आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों समन्वय से विद्यार्थियों को सार्थक शिक्षा दी जा सकती है।

इस अवसर पर प्रांगण में टी एल एम मेले का भी शानदार प्रदर्शन किया क्या गया जिसकी सभी अतिथि गणों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री जय प्रधान द्वारा किया गया। ।त्चे प्रीति सिंह प्रतिभा रानी गजराज सिंह,राजेश कुमार,राकेश कुमार शिक्षक गण मुकेश त्यागी, दीपक कौशिक, लव आनंद, मुजीबुर्रहमान, अर्चना सिंह,अंशु रानी, शाजिया इशराक, पुष्पांजलि दक्ष, श्वेता सिंह, तस्लीम जहां दीप्ति खुराना, आयुषी अग्रवाल, मनीषा,संजै, मेघा, रजनी, हिमांश, अरविंद सैनी, नरेश वर्मा, राजीव कुमार, विनीत कुमार, शांतनु, शिवा, नावेद, गुलाम साबिर आदि उपस्थित रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**ठाकुरद्वारा।** काशीपुर से दवाई लेने जा रहे दो बाइक सवार को तेज रफ्तार अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार कर दी। जिसमें बाइक सवार दो युवक धायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा के गांव सिपाहियो वाला निवासी शोराम सिंह पुत्र गंगाराम अपने साथी जयप्रकाश सिंह पुत्र चेता सिंह के साथ बाइक से उत्तराखंड के काशीपुर से दवाई लेने जा रहे थे तभी ठाकुरद्वारा सुरजन. नगर मार्ग पर स्थित कुआं खेड़ा खालसा गांव के निकट तेज रफ्तार कार चालक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी।

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( जू० डि० ), न्यू कोर्ट नं०-3 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**उत्तराधिकार वाद सं०:** 494/2024
**तारीख पेशी:** 07.03.2025
**फरजंद अली बनाम अनस महफूज**
फरजंद अली पुत्र नबीजान निवासी बरवारा मझरा भैंसिया मुरादाबाद- **वादी।**
**बनाम**
**प्रतिवादी**-अनस महफूज पुत्र स्व. श्री सैयद महफूज अली निवासी लाकड़ी वालान मुगलपुरा अव्वल तहसील व जिला मुरादाबाद।
चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 03 के दिवस 07 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 02 के दिवस 19 को निकाली गयी है।
**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( जू० डि० ), न्यू कोर्ट नं०-3, मुरादाबाद।**

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैंने अपना नाम KRISHNA KUMAR RANGA S/O DIVAN SINGH RANGA से बदलकर KRISHAN KUMAR RANGA S/O DIWAN SINGH RANGA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।
**KRISHAN KUMAR RANGA S/O DIWAN SINGH RANGA**
**ग्राम-जामनवाला इस्लामनगर ( बिजनौर )।**

## संक्षिप्त समाचार

### शादी से मना करने पर सिरफिरे ने छात्रा पर किया उस्तरे से हमला

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के सदर बाजार क्षेत्र में बृहस्पतिवार को कोलचग पढ़कर घर लौट रही नाबालिग छात्रा को एक सिरफिरे युवक ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक छात्रा पर जबरदस्ती शादी करने का दबाव बना रहा था। घायल छात्रा का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस ने बताया कि मोहल्ला ककरा निवासी 16 वर्षीय किशोरी इंटरमीडियेट की छात्रा है जो कोलचग पढ़कर घर लौट रही थी। रास्ते में सागर वाजपेई (27) नामक युवक ने छात्रा को रोक लिया और उस पर शादी करने का दबाव बनाने लगा। छात्रा के मना करने पर सागर ने छात्रा के ऊपर उस्तरे से हमला कर दिया जिससे उसकी गर्दन और हाथ में घाव हो गया। ।पुलिस ने घायल छात्रा को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया है। छात्रा के परिजनों ने बताया कि युवक छात्रा को काफी दिनों से परेशान कर रहा था।उस पर जबरदस्ती शादी करने का दबाव बना रहा था। मना करने पर जान से मारने की नियत से उसने उस्तरे से गर्दन और हाथ पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया उससे पूछताछ चल रही है।

### ठेकेदार ने अपने कर्मचारी की पत्नी का किया यौन शोषण

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना जलालाबाद क्षेत्र में ठेकेदार ने अपने ही कर्मचारियों की पत्नी के साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया जिसे वायरल करने की धमकी देकर आरोपी लगातार उसका यौन शोषण कर रहा था। पुलिस अधिकारी ने घटना की जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि थाना जलालाबाद क्षेत्र की रहने वाली 35 वर्षीय महिला का पति ठेकेदार विक्रांत के साथ कटरा जलालाबाद मार्ग पर काम करता है। आज से एक साल पहले ठेकेदार ने महिला से कहा कि तुम्हारे पति पर चोरी का आरोप लगा है और उन्होंने तुम्हें बुलाया है। उन्होंने दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि महिला जब ठेकेदार के साथ गई तो आरोपी ने उसे किसी सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ दुराचार किया और उसकी वीडियो बना लिया। उसके बाद आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ लगातार दुराचार करता आ रहा है तथा पति व बच्चों को छोड़कर अपने साथ रहने के लिए विवश कर रहा है। श्री अवस्थी ने बताया कि मामले में मंगलवार रात में दुष्कर्म आदि की धाराओं में मामला दर्ज कर महिला को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा है वहीं आरोपी घटना के बाद से फरार है इसकी तलाश की जा रही है।

### महोबा में शराबियों ने की चौकीदार की हत्या

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के महोबकंठ क्षेत्र में शराब के नशे में धुत दबंगो ने एक दलित चौकीदार की लाठी डंडो से पीट कर हत्या कर दी। पुलिस उप अधीक्षक हर्षिता गंगवार ने गुरुवार को बताया कि कनोरा गांव निवासी छक्की लाल (50) बसौर गांव का चौकीदार था। वह शादी विवाह एवं अन्य अवसरों पर बैंड बाजा का काम भी करता था। बुधवार रात वह पघेस के गांव में शादी समारोह में बेंड लेकर जा रहा था कि तभी रूरी कलां के पास एक स्थान पर शराब पी रहे आधा दर्जन दबंगो ने उसे रोका और शराब लेने के लिए ठेके तक जाने को उससे बाइक मांगी। बाइक देने से इंकार करने पर दबंग भड़क गए तथा जाति सूचक गालियां देते हुए उन्होंने लाठी डंडो से चौकीदार पर हमला बोल दिया। उन्होने बताया कि दबंगो ने उसे इस कदर पीटा कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना कि सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुक. दमा पंजीकृत कर लिया है तथा जांच पघ्ताल शुरू कि है। आरोपियों की गिरघ्तारी के लिए पुलिस उनके संभावित ठिकानो पर छापा मारी कर रही है।

# महाकुंभ के बहाने योगी ने तलाशा राजनीतिक अवसरवादः अखिलेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने धर्म, आस्था, और सेवा के महापर्व महाकुंभ की पवित्र भावना को ठेस पहुंचाते हुए राजनीतिक अवसरवाद तलाशने का काम किया है। उन्होने कहा कि महाकुंभ में हर तरफ अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा।

कुंभ को असत्य प्रचार का माध्यम बनाकर करोघें श्रद्धालुओं की भावनाओं से खिलवाड़ किया और राजनीतिक हितपूर्ति में इस्तेमाल किया है। मुख्यमंत्री ने अपनी सुविधानुसार 26 फरवरी को कुंभ का औपचारिक समापन कर दिया। जिससे उन करोघें बुजुर्गों की इच्छा अधूरी रह गई जो अमृतस्नान करने से किन्हीं कारणों से वंचित रह गए हैं। ऐसे में एक माह का समय बघना चाहिए था लेकिन भाजपा की मनमानी रोघ बन गई। श्री यादव ने कहा कि प्रयागराज संगम पर महाकुंभ का सदियों का पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व और इतिहास है। कन्नौज के सम्राट हर्षवर्धन से लेकर सपा की सरकार तक के समय 2013 में कुंभ का सफल आयोजन किया गया था। सरकार में 2013 के कुंभ की व्यवस्थाओं को साधु संतों सहित पूरी दुनिया ने



सराहा था। हावर्ड विश्वविद्यालय की टीम ने उस समय महाकुंभ में की गयी व्यवस्थाओं स्वच्छता, सफाई और भीघ प्रबन्धन की व्यवस्था को आश्चर्यजनक बताते हुए सराहना की थी और उस पर एक पुस्तक भी प्रकाशित किया। 2013 में समा. जवादी सरकार में आयोजित कुंभ पर न्यूयार्क में कल ही चर्चा और सेमिनार हुए। उन्होने कहा कि महाकुंभ को लेकर शुरू से भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री की नीयत में खोट था। वह धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन को राजनीतिक रंग देने में जुटे रहें। मुख्यमंत्री को महाकुंभ में आस्था कम व्यापार और व्यापारिक लाभ ज्यादा दिखाई दिया। वे उसी हिसाब-किताब में जुटे रहे। उन्होंने धार्मिक आयोजन की पवित्रता को नष्ट करने का पाप किया। व्यवस्थाओं, भीघ प्रबन्धन पर कोई ध्यान नहीं दिया जिसके चलते भगदघ हुई और बघी संख्या में श्रद्धालओं को जान गंवानी पड़ी। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा बार-बार मांग पर भी भाजपा सरकार ने कुंभ में हुई भगदघ में मृतकों की सही संख्या नहीं बता रही है और न ही रेलवे स्टेशन पर दुर्घटना के शिकार लोगों की सही संख्या नहीं बतायी जा रही है। तमाम लोग अपने परिजनों की खोज में आज भी भटक रहे हैं। यह भाजपा की संवे. दनहीनता है। आखिर भाजपा सरकार मृतकों और खोये हुए श्रद्धालुओं की सूची देने से क्यों भयाक्रांत है। उन्होने कहा कि भविष्य में कुंभ के सुचारू आयोजन के लिए समाजवादी पार्टी मांग करती है कि श्रद्धालुओं और साधु-संतो के आवागमन स्नान और आश्रय के लिए स्थायीघंचा विकसित करने के लिए एक दो लाख करोड़ रूपये का कार्पस फंड स्थापित किया जाना चाहिए। जिसमें एक लाख करोड़ रूपये राज्य सरकार और एक लाख करोघ रूपये केन्द्र सरकार को देना चाहिए। इसके साथ ही प्रयागराज के किला को भी केन्द्र सरकार से राज्य सरकार को स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में प्रयागराज अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में प्रयागराज, लखनऊ और बरेली ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। राज्य कार्यक्रम अधिकारी फाइलेरिया डॉ- एके चौधरी के अनुसार एमडीए राउंड 10 से 25 फरवरी तक प्रदेश के 14 जिलों के 45 ब्लाक में चलाया गया जिसमें कुल 1.10 करोड़ लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया। लक्ष्य के सापेक्ष 95-97 लाख लोगों को दवा खिलाई गई।

प्रयागराज, लखनऊ और बरेली ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने बताया कि शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरियारोधी दवा खिलाने के लिए एमडीए राउंड का मापअप राउंड 27 फरवरी से चार 4 मार्च तक चलाया जाएगा ताकि जो लोग छूट गए हैं उन्हें भी कवर किया जा सके। डॉ चौधरी ने बताया कि देश-प्रदेश से वर्ष 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को छूने के लिए जरूरी है कि इसी वर्ष एमडीए राउंड को खत्म किया जाए इसलिए शत प्रतिशत लोगों तक पहुं. चना जरूरी है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों से मापअप राउंड में अतिगंभीरता दिखाने के लिए और बचे प्रत्येक व्यक्ति को दवा खाने की अपील की है। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा एव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने एमडीए अभियान की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा कि अब सभी जिले मापअप राउंड के दौरान प्रत्येक छूटे व्यक्ति तक पहुंचें और उसे फाइलेरियारोधी दवा खिलाएं। इसके लिए अन्य विभागों का भी सहयोग लें। सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि मापअप राउंड के दौरान मानिटलरग प्रक्रिया को मजबूत करें और शत प्रतिशत आच्छादन के लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने जनसामान्य से भी सहयोग की अपील की है जिससे हम 2027 तक प्रदेश को फाइलेरिया मुक्त कर सकें।

# यूपी सिपाही भर्ती : शारीरिक दक्षता परीक्षा संपन्न

**■ मार्च में घोषित होगा रिजल्ट, डेढ़ लाख अभ्यर्थी हुए शामिल**

**लखनऊ।** सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड़) बृहस्पतिवार को संपन्न हो गई।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के बारे में शुक्रवार को विस्तृत जानकारी मुहैया कराएगा। बता दें कि दौड़ परीक्षा में करीब 1.50 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। अब मार्च माह में परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित होगा। भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने बताया कि पीएसी की सभी 12 वाहिनियों में शारीरिक दक्षता परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई है। बोर्ड द्वारा बीती 10 फरवरी से इसका आयोजन किया जा रहा था। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद शारीरिक मानक परीक्षा एवं दस्तावेजों की जांच में भी सफल अभ्यर्थियों को दौड़ परीक्षा के लिए बुलाया गया था। बता दें कि बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का मेडिकल टेस्ट और चरित्र प्रमाण पत्र भी लिया जाएगा। मार्च माह में मेरिट के आधार पर परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित किया जाएगा। इसमें महिलाओं को 20 फीसद आरक्षण भी दिया जाएगा।

# संजय गांधी चिकित्सालय में मरीज की मौत मामले में एफआईआर दर्ज

**■ सीएमओ ने दिया जांच का आदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिले के मुंशीगंज थाना क्षेत्र स्थित संजय गांधी अस्पताल एक बार फिर चर्चा में आ गया है बीती रात हार्ड के एक मरीज की कथित डॉक्टरों की लापरवाही व शराब की नशे में ऑपरेशन करने के दौरान मौत का मामला सामने आया है परिजनों ने शराब के नशे में ऑपरेशन करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है अस्पताल परिसर में भारी संख्या में पुलिस तैनात है।

मृतक मरीज शिव राम मिश्र उम्र 75 वर्ष निवासी गांव मऊ थाना गौरीगंज को 26 फरवरी को शाम संजय गांधी चिकित्सालय में इलाज के लिए लाया गया था जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई है मृतक शिव राम मिश्र के पुत्र देव प्रकाश मिश्र मुंशीगंज थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने पिता शिवराम को सीने में दर्द होने पर संजय गांधी अस्पताल ले आए थे जो पूरी तरह चल फिर रहे थे उनकी इसीजी सहित बीपी भी नॉर्मल थी उसकी जांच हुई। मिश्र का आरोप है कि हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सत्येंद्र तिवारी उनके पिता शिव राम को ऑपरेशन थिएटर ले गए और उनका ऑपरेशन किया साथ मौजूद चिकित्सक डॉक्टर संजय द्विवेदी शराब के नशे में थे जिनकी घोर लाप. रवाही के चलते उनके पिता की मौत हो गई शराबी डॉक्टर को उन लोगों ने पकड़कर मौके पर पहुंची पुलिस को सौंपा लेकिन पुलिस ने उन्होंने छोड़कर दिया। मरीज की मौत से नाराज़ परिजन व उनके रिश्तेदार रातभर अस्पताल परिसर में हंगामा करते रहे और शराबी डॉक्टर को पेश करने की मांग पर अंडे रहे ।उधर प्रशासन अस्पताल के गेट से लेकर परिसर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती कर दी है। संजय गांधी अस्पताल संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट नई दिल्ली से संचालित है यह 350 वेड का हॉस्पिटल है संजय गांधी ट्रस्ट मेमोरियल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी है जबकि राहुल गांधी इसके ट्रस्टी हैं इससे पूर्व 14 सितंबर 2023 को एक मरीज की मौत के बाद 16 सितंबर 2023 को संजय गांधी अस्पताल में ताला बंद कर दी गई थी बाद में उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के आदेश पर इसके ताले खुले थे उसके बाद एक बार संजय गांधी अस्पताल मरीज की मौत के मामले में चर्चा में आ गया है। अमेठी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉक्टर अंशुमान सिंह ने बताया कि इस मामले में उनकी तरफ से तीन डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया जा रहा है जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। संजय गांधी अस्पताल के सीईओ अवधेश शर्मा ने बताया कि मरीज शिवराम मिश्रा को हार्ट अटैक का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में लाया गया था कार्डियोलॉजिस्ट डा सत्येंद्र तिवारी और उनकी टीम द्वारा जांच के बाद ऑपरेशन की आवश्यकता समझाने पर उनका ऑपरेशन किया गया लेकिन इस दौरान उन्हें दोबारा हार्ट अटैक का दौरा आया जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ी उसके बाद कुछ समय तक अस्पताल के आईसीयू में वेंटिलेटर पर भी उन्हें रखा गया था लेकिन दुख है की डॉक्टरो की टीम उन्हें नहीं बचा नहीं सकी डॉक्टर के शराब के नशे में होने के सवाल पर शर्मा ने कहा कि जिस डॉक्टर संजय द्विवेदी पर आरोप लगाए जा रहे हैं फिलहाल उनका कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट से या ऑपरेशन से कोई मतलब नहीं है फिर भी मामले का संज्ञान लिया गया है जांच कराई जा रही है यदि यह पाया गया कि वह शराब के नशे में थे तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की चाहिए। अमेठी जिले की पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि मृतक शिव राम के परि. जनों की तरफ से इलाज में लापरवाही का शिकायत पत्र मुंशीगंज थाने में दिया गया है तहरीर के अनुसार पुलिस ने मुकदमा पंजीख्रत कर लिया है। मुंशीगंज थाने में डा सत्येंद्र तिवारी हृदय रोग विशेषज्ञ,डा संजय द्विवेदी,डा प्रशांत द्विवेदी व डा अपूर्वा मिश्रा के खिलाफ 106 (1) बीएनएस अधिनियम के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया है।

# दुनिया ने देखी भारतीय सभ्यता और संस्कृति की झलकः अवधेशानंद गिरि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वाराणसी।** जूना अखांड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने बुधवार को कहा कि महाकुंभ के जरिये भारत ने अपनी पुरातन संस्कृति, अनुशासन और सभ्यता की झलक दुनिया के समक्ष प्रस्तुत की है। 45 दिन तक चले महाकुंभ का आज समापन हो गया।

महा शिवरात्रि के अवसर पर विश्वनाथ मंदिर में जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने पत्रकारों से कहा कि भारत की लगभग आधी आबादी कुंभ में पहुंची। विभिन्न जातियों, धार्मिक मान्यताओं और मतों के लोग यहां एक साथ आए और अनुशासन के साथ त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगायी। दुनिया ने हमारी एकता देखी। दुनिया ने हमारी सभ्यता और संस्कृति की झलक देखी। उन्होने कहा कि भारत की आधी आबादी ने यहां कुंभ में विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। कुंभ का आज समापन हुआ। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देता हूं और इस भव्य व्यवस्था के लिए उन्हें बधाई देता हूं।

# सपा की पीडीए बैठक संपन्न, चुनावी रणनीति पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज अमेठी।** समाजवादी पार्टी द्वारा (पीडीए) की बैठकें बीरी पुर और अंगरावा में आयोजित की गईं। इन बैठकों की अध्यक्षता समा. जवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने की। बैठक में आगामी चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि ष्पीडीए गठबंधन सामाजिक न्याय और विकास की राजनीति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी चुनावों में जनता के सहयोग से हम साम्प्रदायिक ताकतों को हराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं, संगठन विस्तार, और आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर अपने सुझाव दिए। बैठक में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंच. ाने और बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में सिन्धू जीत सिंह, चंद्रशेखर यादव, अनिल कुमार यादव, जावेद खान युवाजनसभा जिलाध्यक्ष सहित ओम प्रकाश, शेष नारायण, राजेश मिश्रा प्रवक्ता समेत कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# सरकारी धन के दुरुपयोग व बंदरबांट की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के विकास खण्ड हलधरमऊ अन्तर्गत ग्राम पंचायत भोंका में सरकारी धन के दुरूपयोग व बंदरबांट तथा एक ही कार्य पर दो बार धन निकालने की शपथ पत्र के साथ शिकायत जिलाधिकारी से की गई है। प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए डीएम ने बीडीओ को जांच करने के निर्देश दिए हैं। वहीं मामले से जुड़े लोगों में खलबली मच गई है।

शिकायतकर्ता अब्दुल मुस्तफा ने बताया कि ग्राम भोंका के बदली पुरवा में सड़क निर्माण का एक ही काम को नाम बदलकर दो बार भुगतान लिया गया है। ई-रिक्शा कचड़ा वाहन के नाम पर एक ही वाहन पर दो बार भुगतान कराए जाने की बात सामने आई है। बादल पुरवा में पीर अली के घर से बाग तक नाली निर्माण का कार्य को दिखाकर भुगतान किया गया। जबकि कार्य धरातल पर नहीं दिख रहा है। फर्जी तरीके से नाम बदल कर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया। ग्राम बादल पुरवा में मसी. उद्दीन के घर से रईस के घर तक नाली निर्माण का कार्य दिखाकर भुगतान किया लिया गया। जबकि नाली पहले से बनी थी। जिसे रिपेयर किया गया है। उस नाली का नया निर्माण दिखाकर फर्जी तरीके से पैसा निकाला गया है। ओडीएफ से सोकफिट ग्राम पंचायत भोंका में बनना था वो भोंका में ना बनवाकर ग्राम पंचायत पतिसा में करीब 15 सोकफिट बना दिया गया है,जो कि दूसरे ग्राम पंचायत में आता है। ग्राम पंचायत भोंका में ओडीएफ द्वारा सोकफिट बनाकर भुगतान करा लिया गया है। उन्हीं सोकफिट पर लाभार्थियों का नाम बदलकर ग्राम निधि के खाते से भुगतान लिया गया। शिकायत को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए डीएम ने बीडीओ को जांच करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जानकारी करने के लिए खंड विकास अधिकारी के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# जुगाड के सहारे चल रही बिजली आपूर्ति, नहीं लगाएं पोल और केबल

**सुबेहा उपकेंद्र के चिरैया फीडर के बलीपुर गांव का मामला**

**शह टाइम्स संवाददाता**

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र अन्तर्गत थाना सुबेहा के बिजली विभाग के उपकेंद्र पलिया सुबेहा के चिरैया फीडर से जुड़े गांव बलीपुर में छः महीने पहले गांव में केबल और खंभे बदलने का का एक कार्यदाई संस्था को बिजली विभाग द्वारा सौंपा गया था।

जिसमें कार्रवाई संस्था द्वारा लगभग आधा दर्जन उपभोक्ताओं के दरवाजे बिजली आपूर्ति के लिए न तों बिजली के पोल लगाएं न केबल ही लगाया मनमाने ढंग से गांव में बिजली के पोल और केबल बिछाकर चलते बने जबकि बाबूलाल कोरी, दिनेश कुमार सिंह, राम धीरज यादव के दरवाजे बिजली का पोल और केबल की लाइन नहीं बिछाई गई उपभोक्ता दिनेश सिंह, बाबूलाल कोरी, आशुतोष, राम धीरज यादव आदि ने बताया कि कार्यदाई संस्था के द्वारा बिजली आपूर्ति हेतु अभी तक बिजली के पोल और केबल नहीं बिछाई गई जिसके चलते जुगाड के सहारे बिजली आपूर्ति चल रही है जबकि इस मामले में बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित रूप से जानकारी भी दी गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका जुगाड के सहारे बिजली आपूर्ति चल रही है। उपभोक्ताओं ने बताया कि बलीपुर गांव में शंकर जी मंदिर से लेकर बाबूलाल के घर तक दो पोल, और सुरेश के दरवाजे से दिनेश सिंह के घर तक तीन पोल, काली मंदिर से राम धीरज यादव के दरवाजे तक तीन बिजली के पोल लगाने और केबल खींचने के राम सनेहीघाट डिवीजन के अधिकारियों ने निर्देश दिए थें लेकिन कार्यदाई संस्था द्वारा निर्देश का पालन नहीं किया। आठ खंभे और केबल नहीं बिछाई जिससे उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है इस मामले में चिरैया प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह चौहान ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा कार्यदाई संस्था को बिजली पोल और केबल बिछाने का जो भी काम सौंपा गया था वह अधूरा छोड़ दिया और भुगतान कराकर चलते बनी जबकि इस मामले उपभोक्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक दिनेश कुमार रावत, अधिशासी अभियंता,से लेकर उच्च अधिकारियों को लिखित रूप से जानकारी दी लेकिन उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.03.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.03.2025 at 12.40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14205-SLR-F2-AYC-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.03.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14224-SLR-F2-BSB-RGD-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.03.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.03.2025 at 13.10 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

630/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14229-SLR-F1-PYGS-YNRK-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.03.2025 at 12.00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.03.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12231-SLR-F2-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.03.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14235-SLR-R1-BSB-BE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.03.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.03.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.03.2025 at 13:10 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 629/25

# टीएमयू में हैल्थ एक्सपर्ट्स ने साझा किए अनुभव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी की ओर से इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- हैल्थ फोर्स-2025 का ऑडिटोरियम में देश और विदेश के नामचीन एक्सपर्ट्स की गरिमामयी मौजूदगी में शंखनाद हुआ। एविडेंस बेस्ड प्रैक्टिस ब्रीजिंग गैप बिटवीन रिसर्च क्लिनिकल एप्लीकेसंस एंड इंटरडिसिप्लिनरी कोलाबोरेशन फोर बैटर हैल्थ आउटकम पर ब्लेंडेड मोड में आयोजित दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ टीएमयू के कुल. पति प्रो. वीके जैन ने दीप प्रज्ज्वलन के संग किया। इस अवसर पर केंद्र के डायरेक्टरेट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज सर्विसेज, एमएचए- नई दिल्ली के डायरेक्टर-कम-चीफ फॉरेंसिक साइंटिस्ट डॉ. एसके जैन बतौर मुख्य अतिथि, मेडिकोलीगल इंस्टिट्यूट, बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, पंजाब के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. आरके गोरेया बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर, शेरलॉक इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, दिल्ली के डॉ. रंजीत कुमार सिंह, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. नीतीश मिश्रा, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, टीपीसीओएन, अमरोहा की प्राचार्या प्रो. श्योली सेन, टीएमयू की रिसर्च एंड डवलपमेंट की असिस्टेंट डीन डॉ. ज्योति पुरी, टीएमसीओएन, मुरादाबाद की प्राचार्या डॉ. जसलीन एम., पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. नवीनत कुमार, फिजियोथेरेपी विभाग की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल, टीएमसीओएन के उप-प्राचार्य प्रो. राम निवास आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन 58 शोध पेपर्स प्रस्तुत किए। सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर टीएमयू इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंटीग्रेटेड हेल्थ केयर- आईजेआईएच का विमोचन भी किया गया। टीएमयू नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने सम्मेलन की थीम-एविडेंस बेस्ड प्रैक्टिस- की अवधारणा प्रस्तुत की, जबकि इससे पूर्व फिजियोथेरेपी विभाग की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल के स्वागत भाषण दिया। पैरामेडिकल के प्राचार्य प्रो. नवीनत कुमार ने वोट ऑफ थैंक्स देते हुए, गणमान्य अतिथियों, वक्ताओं, शोधार्थियों और प्रतिभागियों का दिल से आभार व्यक्त किया। संच. ालन श्री बसवराज मुधोल और प्रो. विजी मोल ने किया। **मेडिकल फील्ड में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाना होगा: डॉ. जैन** केंद्र के डायरेक्टरेट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज सर्विसेज, एमएचए- नई दिल्ली के डायरेक्टर-कम-चीफ फॉरेंसिक साइंटिस्ट डॉ. एसके जैन ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि रिसर्च और अनुसंधान और क्लिनिकल एप्लीकेसंस के बीच की खाई को पाटने में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस हैल्थ फोर्स-2025 मील का पत्थर साबित होगी। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इनके महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने से रोगियों को बेहतर उपचार मिल सकता है। साथ ही बोले, युवा शोधकर्ताओं को नवीनतम चिकित्सा तकनीकों और अनुसंधान पद्धतियों में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए ताकि वे स्वास्थ्य सेवा में अपना अनमोल योगदान कर सकें। अंत में उन्होंने छात्रों को सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र सिद्धांत को अपनाने पर बल दिया। **मेडिकल रिसर्च और फील्ड प्रैक्टिस के बीच समन्वय जरूरी: डॉ. गोरेया**-मेडिकोलीगल इंस्टिट्यूट, बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, पंजाब के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. आरके गोरेया ने बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर अनुसंधान और व्यावहारिक चिकित्सा के बीच मौजूद अंतराल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अनुसंधान को सरल और व्यावहारिक बनाया जाना चाहिए, जिससे यह चिकित्सकों और दीगर स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए उपयोगी सिद्ध हो सके। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रभावी सहयोग ही रोगी की देखभाल को अधिक सशक्त बना सकता है। उन्होंने चिकित्सा अनुसंधान और फील्ड प्रैक्टिस के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए ठोस नीतियों और क्रियान्वयन योजनाओं की आवश्यकता पर भी चर्चा की।**हैल्थ सर्विस में ट्रस्ट मॉडल को करें आत्मसात: प्रो. वीके जैन**-टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने अपने उद्घाटन संबोधन में ट्रस्ट मॉडल- ट्रांसपेरेन्सी, रेस्पेक्ट, अंडरस्टैंडिंग, शेयर्ड, डिसीजन-मेकिंग और टीम वर्क को आत्मसात करने पर बल दिया, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में आपसी समन्वय और विश्वास को





बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने अनुसंधान के बढ़ते महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार हो रहे हैं। हमें भी नवीनतम तकनीकों और अनुसंधानों को अपनाने के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने युवा शोधार्थियों से आग्रह किया कि वे केवल सैद्धांतिक अनुसंधान तक सीमित न रहें, बल्कि अपने शोध कार्यों को व्यावहारिक रूप से लागू करने के प्रयास करें ताकि वे स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। उन्होंने आयोजन समिति और विश्वविद्यालय प्रशासन को इस सार्थक पहल के लिए साधुवाद भी दिया।**फिलीपींस का आपदा प्रबंधन अनुकरणीय: डॉ. टेरेसा**-फिलीपींस के मदर टेरेसा पीजी एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की वाइस प्रिंसिपल डॉ. ए. मारिया टेरेसा ने ब्रीं. जंग डिसिप्लिन: ए फ्रेमवर्क फॉर कल्चरली कॉम्पिटेंट डिजास्टर विक्टिम इंवेस्टीगेशन पर बोलते हुए कहा, फिलीपींस का आपदा प्रबंधन विश्व के लिए अनुकरणीय है, क्योंकि स्वदेशी ज्ञान प्राणाली- आईकेएस को वहां संजीदगी से अपनाया गया है। आईकेएस जलशुद्धिकरण, आध्यात्मिक उपचार, औषधीय पौधों, प्रारम्भिक चेतावनी संकेत, सांस्कृतिक दक्षता सरीखे कदमों में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया, हम पारम्पारिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के बीच सेतु निर्माण करके स्वास्थ्य सेवाओं और आपदा प्रबंधन को और सुदृढ़ बना सकते हैं। डॉ. टेरेसा ने समग्र शिक्षा, स्वास्थ्य चुनौतियों, फॉरेंसिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर भी विस्तार से चर्चा की। डॉ. टेरेसा ने अंतत: आपदा प्रबंधन, फॉरेंसिक विज्ञान और चिकित्सा अनुसंधान को एकीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने वीडियो के जरिए फिलीपींस में पक्षियों की आवाज से आपदाओं के पूर्वानुमान को पहचाने की विधि समझाई। वह बोलीं, किसी भी आपदा के पूर्व संकेत हमारे आसपास ही मौजूद होते हैं, बस हमें उन्हें समझने की दरकार है।

## आशाओं को एनीमिया मुक्त भारत का दिया प्रशिक्षण

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** एनीमिया मुक्त भारत के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी सभागार में समस्त एएनएम एवं आशाओं को एनीमिया मुक्त भारत का



प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया की 5 साल से छोटे बच्चों को आयरन सिरप की दो डोज प्रति सप्ताह दी जानी है एवं गर्भवती महिलाओं को आयरन की रेड टैबलेट तथा समस्त गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को 6 माह तक केवल स्तनपान 6 माह के उपरांत ऊपरी आहार के साथ आयरन की दो डोज बच्चों को दी जानी है एवं स्तनपान रेग. ुलर कराया जाए सभी गर्भवती महिलाओं को हरी पत्तेदार सब्जियां खाने एवं आयरन के अच्छे स्रोत वाले भोजन को लेना चाहिए जिससे महिलाओं एवं बच्चों में खून की कमी ना हो इसी कार्यक्रम के अंतर्गत सभी किशोर किशोरियों को आयरन की पिक एवं ब्लू गोलियां स्कूलों के माध्यम से वितरित की जाती है जिससे बच्चों में खून की कमी ना हो तथा वर्ष में दो बार एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाती है प्रशिक्षण में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद सीपीएम मनीष कुमार श्री सतीश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## रमजान रहमत-बरकत का महीना: मौलाना वसी हसन खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** फेजाबाद से तशरीफ लाए शिया घर्म गुरु मौलाना वसी हसन खान ने कहा कि रमजान रहमत बरकत का महीना है। नगर के इमामबड़ा हजरत अबुतालिब मे हिफाजत हुसैन काजमी की बरसी की मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना वसी हसन खान ने कहा कि रसूले करीम ने रमजान के महीने को खुदा का खास महीना बताया है। इस महीने मे ज्यादा से ज्यादा सदका अदा करना चाहिए और रसूले करीम ने फरमाया है कि इस महीने मे ज्यादा से ज्यादा इबादत करके अपने गुनाहों की तौबा किया करों क्योंकि अल्लाह इस माह की रहमत के सदके मे जहन्नुम की आग को ठंठा कर देता है और जन्नत के दरवाजे खोल देता है। मौलाना ने कहा की रोजा नमाज व इबादत करने के लिए वह ही शख्स हाजिर होता है जिसको अल्लाह तौफीक अता करता है अब अगर कोई शख्स रोजे के वक्त चौराहो पर खड़े होकर गुटखा बीड़ी सिगरेट व वह काम करता है जो अल्लाह के हुक्म के खिलाफ है तो वह खुदा के हुक्म की मुखालफ्त का ऐलान कर रहा है।

ऐसा शख्स सोचे की अल्लाह ने उसको इबादत करने की तौफीक अता क्यों नहीं की इसलिए हर मुसलमान को अपने गुनाहों की तौबा करने के साथ ही इबादत करने की तौफीक अता करने की दुआ करनी चाहिए ताकि कोई भी खुदा की रहमत नेमत से महरूम न रह सके / मौलाना ने कहा कि गुनाहों की तौबा सुबह नमाज से पहले, शबे जुमा और रमजान मे जल्द कुबूल होती है और जिसके गुनाहों की तौबा रमजान मे कुबूल नहीं होती है उसके शायद ही कभी गुनाह



माफ हो सके हालांकि खुदा रहमान और रहीम है /रसूले करीम ने रमजान मे गरीबो की मदद की मदद करने और अपने रिश्तेदारों के साथ मेल मुहब्बत के साथ रहने का हुक्म दिया है। मौलाना ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत ब्यान की तो आजादारों की आँखे नम हो गईं। आमिल अब्बास काजमी ने मरसिया पढ़ा संचालन मौलाना अफाक आलम जैदी ने किया व तुराब काजमी ने आभार व्यक्त किया।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**चन्दौसी।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी संभल के निर्देशन पर



आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के तहत गुरुवार को पीएमश्री विद्यालय फत्तेपुर में आत्मरक्षा शिविर का समापन किया गया तथा इटाइला माफी में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें। जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार व महिला ताइक्वांडो खिलाड़ी वैष्णवी ने फ्रंट किक, फेस पंच, लेग राइस, वन हैंड सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी। छात्राएं आत्मरक्षा सीखने में काफी उत्साहित हैं व नियमित काफी संख्या में उपस्थित हो रही हैं। बालिकाओं के साथ-साथ विद्यालय के अध्यापक भी मार्शल आर्ट सीखने में रुचि दिखा रहे हैं। साथ ही छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, घरेलू हिंसा, छात्रवृति आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## आईएफटीएम के कृषि विद्यार्थियों ने 'पूसा कृषि विज्ञान मेला' का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग के बीएससी- कृषि तथा बी.टेक- कृषि, अंतिम वर्ष के 32 विद्यार्थियों ने दिल्ली में आयोजित ''पूसा कृषि विज्ञान मेला- 2025'' का भ्रमण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को भ्रमण के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। मेला भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने स्मार्ट खेती मॉडल, संरक्षित खेती, हाइड्रोपो. निक, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मुर्गी पालन, पशुपालन एवं मछली पालन के बारे में विषय विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने कृषि में अधिक उत्पादन के लिए अच्छे बीजों के चयन और बीजों को खरीदते समय रखने वाली सावधानियों तथा जैविक खेती उत्पाद से कृषि में किसानों द्वारा अपनी आय बढ़ाने के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। भ्रमण में विद्यार्थियों ने कृषि आधारित नए सेक्टर्स में अधिक आय प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार की टेक्नोलॉजी के बारे में ज्ञान प्राप्त करने के साथ ही इनको प्रारंभ करने के लिए सरकार सब्सिडी प्राप्त करने के बारे में जाना। वहीं विद्यार्थियों को नैनो फर्टिलाइजर्स के माध्यम से उन्नत खेती करन, स्वयं अपना रोजगार चुनने व इंस्टीट्यूट में उपलब्ध रिसर्च कार्यों के तरीकों के बारे में भी जानकारी मिली। साथ ही विभिन्न प्रकार की हर्बल औषधि के बारे में भी जानकारी मिली, जिनका प्रयोग करके मनुष्यों के विभिन्न प्रकार के रोगों को आसानी से सही किया जा सकता है। इस मौके पर स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक प्रो. वीरेन्द्र सिंह ने जानकारी दी कि




विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के व्यवहा. रिक ज्ञान में वृद्धि करने के लिए सुप्रसिद्ध संस्थानों एवं कृषि मेले का भ्रमण उन्हें नियामित रूप से कराया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि तकनीकी ज्ञान से आत्मनिर्भर किसान विषय पर आधारित यह कृषि विज्ञान मेला भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, दिल्ली में 22 से 24 फरवरी तक आयोजित होगा। भ्रमण के दौरान कृषि विभाग के डॉ. सुनील कुमार, श्री अभिषेक तिवारी, इंजीनियर विजेता सिंह एवं डॉ. आंचल सिंह भी उपस्थित रहे।

## औद्योगिक भ्रमण से व्यावहारिक ज्ञान की ओर कदम

**मुरादाबाद।** टिमिट के प्रबंधन विभाग के अंतर्गत संचालित बीबीए प्रथम वर्ष के छात्रों ने हाल ही में जीनस पेपर एंड बोर्ड लिमिटेड में एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण किया। इस शैक्षिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली, प्रबंधन रणनीतियों और नवीनतम तकनीकों से अवगत कराना था। औद्योगिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने कागज उत्पादन की आधुनिक तकनीकों, पुनर्चक्रण प्रक्रिया और प्रबंधन की विभिन्न रणनीतियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। जीनस पेपर एंड बोर्ड लिमिटेड के जी.एम. (ह्यूमन रिसोर्स) श्री असरार अहमद ने छात्रों को उत्पादन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कागज निर्माण के विभिन्न चरणों, गुणवत्ता नियंत्रण उपायों और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनाई जाने वाली तकनीकों पर प्रकाश डाला। श्री अशरार अहमद ने बताया कि किस प्रकार कंपनी आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए पर्यावरण अनुकूल उत्पाद तैयार करती है और उद्योग की स्थिरता को बनाए रखने में योगदान देती है। छात्रों ने इस भ्रमण के दौरान कागज निर्माण की जटिल प्रक्रिया को नजदीक से देखा, जिसमें कच्चे माल से तैयार उत्पाद तक की यात्रा शामिल थी। उन्होंने उत्पादन इकाई में मशीनों की कार्यप्रणाली, उत्पाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की प्रक्रियाएं और प्रबंधन की चुनौतियों को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया। टिमिट के डीन, प्रोफेसर विपिन जैन ने इस औद्योगिक भ्रमण की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ''ऐसे शैक्षणिक दौरे छात्रों को उद्योग की वास्तविकताओं से अवगत कराते हैं और उनकी व्यावसायिक समझ को गहरा करते हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण से छात्रों की व्यावसायिक दक्षता में वृद्धि होती है और वे उद्योग की व्यवहा. रिक चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर रूप से तैयार होते हैं। प्रोफेसर जैन ने भविष्य में भी ऐसे




आयोजनों की निरंतरता पर बल दिया। इस औद्योगिक भ्रमण में विभाग के संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। छात्रों ने इस अनुभव को अपनी शैक्षिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया और कहा कि इससे उन्हें उद्योग की कार्यप्रणाली को गहराई से समझने का अवसर मिला।

जीनस पेपर एंड बोर्ड लिमिटेड में आयोजित इस औद्योगिक भ्रमण ने छात्रों के ज्ञानवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके पाठ्यक्रम की सैद्धांतिक शिक्षा को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने का अवसर प्रदान किया।

## सपा सांसद का बिलारी विधायक के कार्यालय पर स्वागत

### संगीत सोम पर हेट स्पीच के तहत सरकार करे कार्रवाई, प्रदेश की स्थिति बद से बदतर: धर्मेन्द्र यादव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाक बंगला के निकट स्थित सपा कैम्प कार्यालय एम0आई हाउस पर सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव का विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान समेत सपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है, एक भी वादा वो पूरा नहीं हैद्व किसान



परेशान है, गन्ना पैराई सत्र लगभग खत्म होने को आ गया, लेकिन सरकान ने गन्ने के रेटों में कोई वृद्धि नहीं की, किसानों की आमदनी नहीं बढ़ी। आगे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर बोलते हुए कहा कि वो अपने गुरू स्व0 हरीशंकर तिवारी के नहीं हुए, बहुजन समाज पार्टी ने उन्हें बहुत आगे बढ़ाया, वह उनके नहीं हुए और वह बीजेपी के भी नहीं होंगें, वह केवल चलती का नाम गाड़ी है, जिसका समय चलता है उसी के साथ चल देते है। कहा कि पीडीए के लोगों ने लोकसभा के चुनाव में अंगड़ाई ली थी और आने वाले विधानसभा में पीडीए के लोग ऐतिहासिक तरीके से न केवल एक होंगे, संगठित होंगे बल्कि पीडीए विरोधी इस सरकार को उखाड़ फेकेंगे और पीडीए के नायक अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश की कमान देंगे। आगे कहा कि मुंख्यमंत्री द्वारा दिया गया ब्यान अशोभनीय है, कहा कि महाकुंभ में जो परिजन अपने परिवार की खोए हुए लोगों को ढूंढ रहे है, जो पहले से ही परिवार गम में है, उन पर जले पर नमक छिड़कने जैसा है। कहा कि कुंभ में गन्दगी तो केन्द्र सरकार ने ढूंढी है, सैंट्रल प्रदूषण केन्द्र ने गन्दगी ढूंढी है, तो क्या डबल इंजन आपस में टकरा रहे है। संगीत सोम पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अभी जनता ने उन्हें पूर्व बनाया है, अगर उन्हें पूर्व से भी पूर्व बनने का शौक है, तो जनता उन्हें बना देगी, कहा कि जो कल टिप्पणी की है, उस पर सरकार को हैट स्पीच के तहत कार्यवाही करना चाहिए। कहा कि मोहन भागवत के ब्यान पर अपनी न तो हिन्दू खतरे में, न मुसलमान खतरे में है, केवल और केवल राजनीति रोटियां सेकने के लिए काम कर रहे है, मोहन भागवत से पूछिए क्या दलित हिन्दू में है या नहीं, क्या पिछड़े हिन्दू में है या नहीं, जो हक और अधिकार मंडल आयुक्त की सिफारिशो के बाद मिले है, उन पर इनकी आवाज क्यों नहीं निकलती, क्या मुठठी पर लोग ही इनके लिए हिन्दू है, कहा कि यदि मुठठी भर लोग ही इनके लिए हिन्दू है, तो निश्चित तौर पर ये जो दलित भाई लोग है, पिछड़े भाई लोग है और मुसलमान भाई लोग सब लोग मिलकर पीडीए की ताकत बनकर इन्हें आने वाले चुनाव में बाहर कर देगी। इस दौरान सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान, नगराध्यक्ष शिशुपाल यादव, विधायक प्रतिनिधि मौहम्मद हस्सान उर्फ फौजी, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ यादव, शिशुपाल यादव, नगराध्यक्ष व्यापार सभा चिराग अग्रवाल, ग्राम प्रधान आसिफ मलिक, राजेश प्रजापति, कसीम आजाद, सुबहान सभासद, कययूम प्रधान, बसर मलिक, मुजस्सिम कमाल, शहबाज पाशा आदि समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विशेष सचिव, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन ने निर्माणाधीन गुरु जम्भेश्वर विश्व विद्यालय का किया भौतिक स्थलीय निरीक्षण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गरिजेश कुमार त्यागी, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा,उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ ने जनपद मुरादाबाद में निर्माणाधीन गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय का गहनतापूर्वक स्थलीय निरीक्षण किया। विशेष सचिव ने विश्व विद्यालय की चारों तरफ की वाउंड्रीबाल का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था से पिलर और पाईल के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जंग लगे सरिया का उपयोग न किया जाये और बिल्डिंग का स्ट्रक्चर खड़ा करने में तेजी लाये। विशेष सचिव ने एडमिन ब्लाक, एकाडेमिक, क्यूसी लैब, ब्लाक ए, वीसी रेजीडेंस, सर्वेन्ट क्वाटर, फैसिलिटी सेन्टर, गर्ल्स हॉस्टल, बायस हॉस्टल आदि सभी का मौका मुआयना किया और कार्य कर रहे श्रमिकों की संख्या के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त की। श्रमिकों की संख्या कम पाये जाने पर उन्होंने निर्देशित किया कि श्रमिकों की संख्या को बढ़ाकर विश्व विद्यालय निर्माण की कार्य प्रगति को बढ़ाया जाये। उन्होंने सभी श्रमिकों के पहचान पत्र जारी करने के निर्देश दिए और विश्वविद्यालय में बनने वाले आडीटोरियम की भी जानकारी प्राप्त की। विशेष सचिव ने क्यूसी लैब में निर्माण सामग्री की टेस्टिंग प्रक्रिया की जानकारी ली। विशेष सचिव ने ठेकेदार को श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि विश्व विद्यालय निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोई कमी न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने सभी से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए कार्यदायीं संस्था को राज्य विश्व. विद्यालय का काम समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुलसचिव श्री शशि भूषण, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग श्री राजेन्द्र बहादुर, जे0ई0 श्री अरुण कुमार, ए0ई0 श्री रमेश वर्मा, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहें।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गाटा संख्या 228/1 व 228/2 कुल रकबा 1.70 हे० ग्राम पंडित नगला सम्भल रोड निकट होम स्टाइल एक्सपोर्टस फर्म के बीच व आस-पास की आराजी विवादित आराजी है इसके सम्बन्ध में विभिन्न पक्षो के मध्य इस आराजी/सम्पत्ति को लेकर माननीय न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन न्यू कोर्ट संख्या-3/न्यायिक मजिस्ट्रेट मुरादाबाद के न्यायालय में मुकदमा संख्या 1029/2023 मोहम्मद आलम आदि बनाम मुनीर बारी शम्सी, फाद इकराम शम्सी, अहमद अतीक, रजत अग्रवाल, कु०रितिका अग्रवाल, रेखा अग्रवाल व ख्वाजा प्रोपर्टी आदि विचाराधीन है। उक्त आराजी से सम्बंधित फर्जी कागजात के आधार पर कुछ भूमाफिया लोग इस सम्पत्ति पर अवैध निर्माण व कब्जा करके धोखाधड़ी से बेचना चाहते है। इस विवादित आराजी को कोई भी व्यक्ति क्रय-विक्रय न करें यदि कोई ऐसा करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**वादीगण**

**मौहम्मद आलम आदि......**

**पता: असालतपुरा बड़ी मस्जिद के पीछे थाना गलशहीद मुरादाबाद।**

# कार्यशाला में तम्बाकू से होने वाली बीमारियों से किया जागरुक

■ मिशन ग्लोबल एकेडमी रिछा में राष्ट्रीय ओरल हेल्थ एंव राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण पर हुई कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** वृहस्पतिवार को मिशन ग्लोबल एकेडमी सिंधौरा (रिछा) में सीएचसी रिछा एवं आरबीएसके की टीम के द्वारा राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।ঢ जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के साथ तंबाकू से होने वाले रोगों के बारे में जागरुक और सचेत करते हुए इसका सेवन न करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीएचसी रिछा के डेंटल सर्जन डॉक्टर अजीत प्रज्ञ, आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मानसी सिंह एवं विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डेंटल सर्जन डॉक्टर अजीतঢ प्रज्ञ ने छात्र-छात्राओं को ओरल हेल्थ के विषय में जानकारी दी, और बच्चों को ब्रश करने के सही तरीके के विषय में भी बताया, तथा डॉक्टर मानसिक सिंह ने तंबाकू से होने वाले विभिन्न बीमारियों के विषय में बताया। इस अवसर पर एक पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रा शिफा नाज ने प्रथम, अनुष्का गंगवार ने द्वितीय एवं अजीफा फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रा साइना नूर, साइना गौतमी एवं अशफा खान को सांत्वना पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को तंबाकू के उपयोग न करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना ने छात्र-छात्राओं से आहवान किया कि वह स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं और तंबाकू जैसे व्यसनों से दूर रहें। विद्यालय की ओर से डॉक्टर अजीत प्रज्ञ, डॉक्टर मानसी सिंह एवं निर्मल को स्मृति चिन्ह देकर उनके द्वारा समाज के लिए की जा रही सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के प्रबंधक जितिन सक्सेना ने सभी का आभार जताया।

इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना और प्रबंधक जितिन सक्सेना के अलावा प्रधानाचार्य बीके कश्यप, उप प्रधानाचार्य मोबिन मालिक, निर्देशक अमित देओल, शिक्षक सौरव गौर, संजय सक्सेना, आशुतोष वर्मा, विपिन सिंह, राजपाल सैनी, रामेंद्र पाठक, लता, रुचि, नेहा, गीता कश्यप, कहकंशा, सिदरा खान, राफिया, शाजिया, अबरे जहां, निशा, राकेश कुमार तथा आरबीएसके टीम की निर्मला, हेल्थ वर्कर गौरव तथा डेंटल हाइजीनिस्ट सुंदरम उपस्थित रहे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को क्रियाशील कर उपलब्ध कराएं फोटो: कमिश्नर

■ कमिश्नर की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न
■ बैठक में दवा वितरण स्थलों पर उपलब्ध दवाओं का बोर्ड लगाने, शेड की व्यवस्था कराए जाने के दिए गए निर्देश
■ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में लक्ष्य के सापेक्ष शीघ्रता से प्रगति लाने के दिए गए निर्देश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गुरुवार को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में सर्वप्रथम आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को प्रभावी क्रियाशील किए जाने की समीक्षा की गई, और समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को क्रियाशील कराते हुए फोटो उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए। निर्देश दिए गए कि टेली मेडिसिन कंसल्टेंसी का कार्य को विशेष रूप कराया जाए। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में संविदा चिकित्सकों के स्वीकृत पद के सापेक्ष चयन व तैनाती एवं वास्तविक उपयोग की स्थिति को अवगत कराते हुए बताया गया कि चयनित में से कुछ ने इस्तीफा दे दिया है, जिसपर पुनः विज्ञापन निकालकर चयन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों का अनुश्रवण करते हुए निर्मित कार्यों के वास्तविक उपयोग की समीक्षा की गई, और पूर्ण भवनों को अतिशीघ्र हैंडओवर कराने तथा ईडीसी के मानक के अनुसार दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि मण्डल में 70 आयु वर्ग से व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के अन्तर्गत जनपद बरेली में 21203, बदायूं में 9805, पीलीभीत में 7021 तथा शाहजहांपुर में 13485 कार्ड बन चुके हैं। जिसपर निर्देश दिये गये कि 70 आयु वर्ग व्यक्तियों के आधार कार्ड का डेटा निकालकर उसके अनुरूप भी कार्ड बनाए जाएं। बैठक में ई-कवच के माध्यम से सीआई वीएचएसएनडी दिवसों का नियमित अनुश्रवण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवगत कराया गया कि मार्च से दातागंज में प्रसव केन्द्र आरम्भ हो जायेगा, जिसपर दूरस्थ क्षेत्रों जैसे पूरनपुर आदि में प्रसव केन्द्र सक्रिय बनाये रखने के निर्देश दिए गए। नेत्र ज्योति अभियान के अन्तर्गत सर्जरी व नि शुल्क चश्मों का वितरण की भी समीक्षा की गयी। बैठक में टीबी रोगियों की समीक्षा की गई और पाया कि क्षय रोग के अन्तर्गत जनपद बरेली के अलावा अन्य जनपदों में कम क्षय रोगी चिन्हित किए गए हैं, जिसपर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। दवा वितरण स्थलों पर उपलब्ध दवाओं का बोर्ड लगाने और दवा वितरण स्थल पर शेड की व्यवस्था कराए जाने तथा चिकित्सालयों में बायो मैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में निराश्रित गौवंश संरक्षण, गौशालाओं के निर्माण, भूसा, हरा चारा की उपलब्धता आदि की समीक्षा की गयी, और सम्बंधित अधिकारियों को गौशालाओं में गौवंशों के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा की गयी, जिसपर अवगत कराया गया कि जनपद बरेली का वार्षिक लक्ष्य 3000 तथा अन्य जनपदों को एक-एक हजार का लक्ष्य निर्धारित किया है, इस प्रकार मण्डल का कुल लक्ष्य 6000 है। कमिश्नर ने सम्बंधित अधिकारियों को उक्त योजना में अति शीघ्र प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में छात्रवृत्ति वितरण में सुधार लाने के निर्देश दिए गए क्योंकि इसके कारण रैंकिंग प्रभावित हो रही है। बैठक में आईजीआरएस के मानकों में हुए बदलावों की जानकारी देते हुए संतुष्ट फीडबैक बढ़ाने के निर्देश दिए गए। नियमित टीकाकरण में जनपद पीलीभीत में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। कमिश्नर ने स्कूलों में लड़कियों के लिए सक्रिय टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त प्रदीप कुमार, जिलाधिकारी बरेली रविन्द्र कुमार, जिलाधिकारी शाहजहांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी पीलीभीत संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी बदायूं निधि श्रीवास्तव, नगर आयुक्त बरेली संजीव कुमार मौर्य, समस्त मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गुरुवार को पुष्पा पाण्डेय, सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग लखनऊ की अध्यक्षता में विकासखण्ड बिथरी चैनपुर के सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में हरेन्द्र पटेल ब्लॉक प्रमुख बिथरी चैनपुर, मोनिका राणा जिला प्रोबेशन अधिकारी बरेली, अंजना सिरोही खण्ड विकास अधिकारी, हर्ष मोदी क्षेत्राधिकारी नवाबगंज, मनोज कुमार जिला कार्यक्रम अधिकारी, डा. अल्का शर्मा एमओआईसी, विदित कुमार नायब तहसीलदार (सदर), राधा ग्राम प्रधान परातासपुर आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल-26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 12 शिकायतों का निस्तारण सदस्या द्वारा कराया गया। शेष 14 शिकायतों के निस्तारण हेतु कर्मचारी व अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि पीड़िताओं की शिकायतों का निस्तारण यथाशीघ्र करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त सदस्या द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उनके समक्ष जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उनका निस्तारण ससमय करना सुनिश्चित करें। पीड़िताओं द्वारा दी गयी कोई भी शिकायत किसी भी दशा में लम्बित न रहे।



### झोलाछाप ने किया पांच साल की बच्ची से रेप

गली में खेल रही बच्ची को चीज का लालच देकर बुलाया था दुकान में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** गली में खेल रही पांच वर्षीय बच्ची को चीज का लालच देकर झोलाछाप अपनी दुकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के चीखने की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस के मुताबिक भूता के गांव मल्लपुर निवासी हाकिम काफी समय कस्बे एक मोहल्ले में दुकान चलाकर लोगों को दवा देता है। गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे गली में खेल रही पांच वर्षीय बच्ची को उसने चीज देने का लालच देकर अपनी दुकान में बुला लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के चीखने पर उसके परिजन दुकान के अंदर पहुंचे तो उसकी हालत देखकर उनके होश उड़ गए। हाकिम ने भागने की कोशिश की लेकिन परि. जनों ने उसे दबोच लिया। मौके पर भीड़ इकट्ठी हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित बच्ची को मेडिकल के लिए भेजा जा रहा है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बिना अवकाश लिए गायब सिपाही को एसएसपी ने किया बर्खास्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने किसी भी अधिकारी से बिना अवकाश लिए पिछले 410 दिन से अनुपस्थित होने व अपनी सेवाकाल में 1363 दिन गैरहाजिर रहने वाले सिपाही सचिन तोमर को बर्खास्त कर दिया। सिपाही लगातार एक के बाद एक अनुशासनहीनता कर रहा था।

सिपाही सचिन तोमर बिना उच्चाधिकारीगणों को कोई सूचना दिए पुलिस नियमों का उल्लंघन कर अनुपस्थित रहे। सिपाही इससे पूर्व में भी यह सिपाही वर्ष 2020 में ड्यूटी से बिना अवकाश की अनुमति के 180 दिन गायब रहा। साथ ही वर्ष 2022-23 में ड्यूटी से बिना अवकाश लिए 544 दिन लापता रहा। एसएसपी ने कर्तव्यों का सही निर्वहन नहीं करने, अपने कर्तव्य के प्रति अनुशासनहीनता, अकर्मण्यता, स्वेच्छाचारिता बरते जाने का द्योतक मानते हुए सिपाही सचिन तोमर को पुलिस विभाग के आरक्षी पद से बर्खास्त कर दिया।

### 43 लाख अफीम के साथ महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** झारखंड से अफीम लाकर जिले में सप्लाई करने वाली देवीपुर थाना भमोरा निवासी रिजवाना बेगम को सुभाषनगर थाना क्षेत्र से स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने गिरफ्तार किया है। महिला के पास से दो किलो नौ सौ ग्राम अफीम बरामद हुई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद अफीम की कीमत 43 लाख रुपये बताई जा रही है। एसटीएफ टीम ने आरोपी महिला को सुभाषनगर पुलिस को सौंप दिया।एसटीएफ एसपी अब्दुल कादीर ने बताया कि टीम मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों की तलाश कर रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि सुभाष नगर पुलिया के पास रेलवे के खंडहर क्वार्टरों के पास से होकर एक महिला अफीम लेकर जाने वाली है। टीम ने आरोपी महिला को बुधवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर आरोपी महिला ने बताया कि बरामद अफीम वह झारखंड के चतरा से अखिलेश नाम के व्यक्ति से लेकर आई थी। उसने बताया कि इसे वह स्थानीय लोगों और पंजाब के करनाल के जसवंत नाम के व्यक्ति को मोटी रकम में सप्लाई करती थी। वह यह काम कई वर्षों से कर रही थी।



# मुंडिया जागीर और मंगदपुर के विद्यालयों में मनाया वार्षिकोत्सव

■ अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते वाले बच्चे हुए पुरस्कृत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** विकासखण्ड दमखोदा (रिछा) के जूनियर हाईस्कूल मंगदपुर और मुंडिया जागीरঢ में छात्र-छात्राओं द्वारा पेश किए गए रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सबका दिल मोह लिया।

वर्ष भर विद्यालय में आयोजित होने वाले पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप, खेलकूद, मीना मंच, साहित्य कला एवं संस्कृति आदि में उल्लेखनीय कार्य करने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मंगदपुर में विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक और पूर्व वरिष्ठ एबीआरसी सदाकत हुसैन इदरीसी, सहायक अध्यापक भुवनेश प्रताप, एसएमसीके अध्यक्ष नरदेव उपस्थित रहे। जबकि मुंडिया जागीर में विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री मोहम्मद हसन के अलावा सहायक अध्यापिका शैली जौहरी, रचना सक्सेना, मिथलेश कुमारी, विघालय प्रबंध समिति अध्यक्ष गजाला बी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला व्यापार बंधु की बैठक हुई सम्पन्न

■ व्यापारियों की समस्याओं, सुझावों को सुनकर उनके निराकरण किए जाने के दिए निर्देश





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला व्यापार बंधु की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया कि महादेव पुल से कोहाड़ापीर के दोनों तरफ ई-रिक्शा की वजह से जाम की समस्या होती है, जिसपर जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक यातायात को उचित कार्यवाही करते हुए जाम की समस्या से निजात दिलाने के निर्देश दिये। बैठक में व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत विभाग की एकमुश्त समाधान योजना में कुछ समस्या आ रही है, जिसपर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को उक्त योजना में आ रही समस्या को अति शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक में अवगत कराया गया कि गलत मीटर बिल की शिकायतें अधिक आ रही हैं, जिसपर विद्युत विभाग को अति शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, पुलिस अधीक्षक यातायात मो0 अकमल खान, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, व्यापारीगण सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नेग नहीं देने पर किन्नरों ने दो युवकों को पीटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सेटेलाइट बस अड्डे के पास किन्नरों की गैरकानूनी गति. विधियां बढ़ती जा रही हैं। मंगलवार आधी रात किन्नरों ने राह चलते एक युवक से नेग के नाम पर जबरन वसूली की कोशिश की और विरोध करने पर उसे जमकर पीटा।

सेटेलाइट बस अड्डे के पास हर रात किन्नरों का जमावड़ा रहता है। सेक्स गतिविधियों के साथ वे राह चलते लोगों को रो. ककर नेग के नाम पर जबरन वसूली भी करते हैं। मंगलवार रात ई रिक्शा पर जा रहे एक युवक को किन्नरों ने रोक लिया और उससे पैसे मांगने लगे। युवक ने इन्कार किया तो किन्नरों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिली तो सेटेलाइट पुलिस चौकी से पहुंची चीता मोबाइल ने आसपास के लोगों की मदद से युवक को बचाया। पूरी घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। हालांकि युवक ने किन्नरों के खिलाफ तहरीर देने से इन्कार कर दिया।

# जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

■ 0 से 5 वर्ष के बच्चों के आधार कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाए जाने के निर्देश
■ पोस्ट ऑफिस के अन्तर्गत जहां-जहां आधार कार्ड बनाये जा रहे हैं वहां पर बोर्ड पर कर्मी का नाम, नंबर व समय अंकित किया जाए, जिससे लोगों को असुविधा न हो




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाए जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए। जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि जिन बच्चों के आधार कार्ड अभी तक नहीं बन पाए हैं, उनका अतिशीघ्र आधार कार्ड बनवाया जाए। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि बेसिक शिक्षा विभाग तथा बीएसएनएल द्वारा बच्चों का आधार कार्ड बनाने का कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिससे लोगों को समस्या हो रही है, जिसमें अति शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए गए, यदि अगली बैठक तक आधार कार्ड बनाने के कार्य में सुधार नहीं किया गया तो कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि पोस्ट ऑफिस के अन्तर्गत जहां-जहां पर आधार कार्ड बनाये जा रहे हैं, वहां पर एक बोर्ड बनाकर लगाया जाए, जिसमें आधार कार्ड बनाने वाले व्यक्ति का नाम, मोबाइल नम्बर व समय लिखवाया जाए कि कितने बजे से कितने बजे तक आधार कार्ड बनते हैं, जिससे लोगों को समस्या ना हो। बैठक में निर्देश दिए गए कि जनपद में 360 आधार कार्ड बनाने के केन्द्र हैं, प्रत्येक केन्द्र की प्रति माह समीक्षा की जाएगी कि हर माह कितने आधार कार्ड केन्द्र बन रहे हैं, जिस केंद्र पर भी 200 से कम आधार कार्ड बन रहे हैं उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। यह भी निर्देश दिए गए कि जो भी आधार कार्ड बनाने वाली मशीनें असक्रिय हैं उन्हें अति शीघ्र सक्रिय किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, बीएसएनएल व पोस्ट ऑफिस के अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के सम्बन्ध में हुई बैंक अधिकारियों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा आगामी आठ मार्च दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसके संबंध में जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के सभागार में समस्त बैंक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का संचालन अपर जनपद न्यायाधीश अजय कुमार शाही, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा किया गया। सचिव द्वारा बैंक के अधिकारियों को लोक अदालत को सफल बनाने व अधिक से अधिक वादों के निस्तारण करने हेतु दिशा निर्देश दिए गये, तथा ज्यादा से ज्यादा वादों के सफल निस्तारण कराने पर जोर दिया।

अपर जनपद न्यायाधीश अजय कुमार शाही, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली ने बताया कि सभी बैंकों से आये अधिकारियों से लोक अदालत में लगाए वादों की जानकारी एकत्र की, साथ ही चिन्हित किये गए वादों में ज्यादा से ज्यादा नोटिस प्रेषित किये जाने हेतु निर्देश जारी किये गए। बैठक में लीड बैंक मैनेजर वीके अरोड़ा, पंजाब नेशनल बैंक से मदन लाल, यूनियन बैंक से कुलदीप सिंह, केनरा बैंक से अरुण कुमार सिंह, इण्डियन बैंक से अनुज कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा से मनोज कुमार, एचडीएफसी बैंक से मृदुल सक्सेना, यूपीसीबी से आशुतोष बाजपेयी एवं सेन्ट्रल बैंक से केएम सक्सेना द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### आगामी पांच से सात मार्च तक लग रही है विशेष लोक अदालत

प्राधिकरण सचिव अजय कुमार शाही, अपर जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया कि जनपद बरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व तीन दिवस की विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लघु आपराधिक वादों के निस्तारण पर जोर दिया जा रहा है। सभी न्यायालयों द्वारा लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण के लिए वादों का चयन किया गया है, जिनका सफल निस्तारण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली सचिव द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने वादों का सफल निस्तारण कराएं।

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पैरा लीगल वालंटियर को लगाया गया है, जो शहर के अलग-अलग स्थानों पर जाकर लोक अदालत का प्रचार कर रहे हैं, और आम जनता को लोक अदालत के लाभ बता रहे हैं।

### जंक्शन के प्लेटफार्म एक से दोबारा शुरू हुआ ट्रेनों का संचालन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जंक्शन का प्लेटफार्म एक चालू हो गया है। बुधवार को कई ट्रेनें का संचालन प्लेटफार्म एक से किया गया। अभी तक सुबह से शाम छह बजे तक प्लेटफार्म एक पर मुरादाबाद की ओर से आने वाली ट्रेनों का संचालन बंद था।

मुरादाबाद की ओर से लखनऊ की ओर जाने वाली राज्यरानी एक्सप्रेस सुबह 11 बजे प्लेटफार्म एक से रवाना हुई। त्रिवेणी एक्सप्रेस रद थी। राजधानी एक्सप्रेस और शाम को गरीबरथ एक्सप्रेस प्लेटफार्म एक पर रुकी। अभी ट्रैक पर पत्थर नहीं डाला गया है लेकिन डाउन साइड की ट्रेनों को प्लेटफार्म एक से धीमी गति से चलाया जा रहा है।



# अवैध संबंध के चलते सिपाही ने की पत्नी की हत्या

■ पुलिस ने दोनों मददगार दोस्तों को भी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** पीएसी की आठवीं बटालियन में तैनात सिपाही रवि ने अवैध प्रेम संबंधों की वजह से पत्नी मीनू की हत्या की थी। उसने दो दोस्तों की मदद से मीनू के गले में छह बार जहर का इंजेक्शन घोंपा था। पुलिस ने उसके दोनों दोस्तों को भी गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को पुलिस ने तीनों को घटनास्थल पर ले जाकर सीन रीक्रिएशन भी कराया। बृहस्पतिवार को पुलिस घटना का विस्तृत खुलासा करेगी।

मूल रूप से मिलक (रामपुर) के गांव सिहारी के रहने वाले रवि कुमार की शादी पास ही के गांव की मीनू से 2015 में हुई थी। शादी के दो साल बाद वह पीएसी में सिपाही के पद पर नियुक्त हुआ। रवि और मीनू की तीन बेटियां है। शनिवार दोपहर रवि कुमार 28 वर्षीय मीनू को कार में साथ लेकर दवा दिलाने के बहाने से घर से निकला था। रास्ते में फरीदापुर इनायत खां के पास दो दोस्तों के साथ मीनू के गले में जहर के इंजेक्शन लगाकर उनकी हत्या कर दी। मीनू के पिता जगदीश ने रवि और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने घटना के बाद रवि की कॉल डिष्टेल की जांच की तो उसके अवैध प्रेम संबंधों का पता चला। एक महिला के नंबर पर उसकी नियमित रूप से लंबी बात होने की पुष्टि हुई।इसके बाद रवि से पूछताछ की तो पुष्टि हो गई कि इसी महिला की वजह से उसने अपनी पत्नी को रास्ते से हटाया है। पूछताछ में रवि ने मीनू पर भी कई आरोप लगाए। मीनू के पिता जगदीश का आरोप है कि रवि ने इससे पहले भी एक बार गला दबाकर उनकी बेटी की हत्या करने की कोशिश की थी। उसे कई बार मारपीट कर घर से भी निकाल चुका है।

पत्नी की हत्या का आरोपी सिपाही रवि फार्मा का डिप्लोमा कर चुका है। इसी वजह से उसके दिमाग में मीनू की जहर के इंजेक्शन लगाकर हत्या का करने का आयडिया आया। हत्या की साजिश में साथ देने के लिए उसने अपने एक फार्मासिस्ट दोस्त को भी तैयार किया। दोनों दोस्तों के साथ उसने मीनू को कार में ही दबोचकर उसके गले में जहर के इंजेक्शन लगाए। मीनू की मौत के बाद उसके दोस्त फरार हो गए। खुद रवि हमले का नाटक करते हुए पास के खेत में जाकर लेट गया। पुलिस ने कॉल डिटेल के जरिए ही हत्या में साथ देने वाले उसके दोस्तों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया है। आरोपी रवि ने पुलिस की पूछताछ में पत्नी मीनू पर भी कई गंभीर आरोप लगाए। पुलिस को बताया कि वह मीनू से इस कदर परेशान था कि अगर वह नहीं मरती तो उसे खुद मरना पड़ता। दूसरा कोई रास्ता नहीं था। इस वजह से मजबूर होकर उसने उसकी हत्या करने का फैसला लिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में धोखाधड़ी करने पर तीन बहने गिरफ्तार

## कूटरचित प्रपत्रों के आधार पर की धोखाधड़ी एक लाख 53 हजार रुपये प्राप्त करने वाली तीनों हैं सगी बहने

**■ तीनों सगी बहनों नें मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह के अन्र्तगत लिया था लाभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** बीती दिनांक 05 दिसम्बर 2023 को मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह कार्यक्रम रामपुर के आयोजन में तीन सगी बहने आफरीन जहाँ, शमा परवीन एवं नाजरीन जहाँ पुत्रीगण अब्दुल नवी निवासीगण मोहल्ला मनिहारन कस्बा व थाना टाण्डा रामपुर द्वारा सामुहिक विवाह योजना के तहत अपनी माता वास्तविक नाम नाजमा बेगम के स्थान आफरीन जहां ने अपनी माता का नाम जायदा, शमा परवीन ने अपनी माता का नाम हसीना, नाजरीन जहां ने अपनी माता का नाम जैनब दर्शाते हुए आवेदन किया था। जिसके क्रम में दिनांक 05.12.2023 को रामपुर मे सम्पन्न सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आफरीन जहाँ का विवाह नावेद पुत्र असगर अली निवासी ग्राम इमरता खेमपुर स्वार जनपद रामपुर व शमा परवीन का विवाह तहब्बर पुत्र बदलू सिंह निवासी अजयपुर सैजनी नानकार रामपुर तथा नाजरीन जहाँ का विवाह मोहम्मद यासीन पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी कुण्डा मिस्सर वाला उधम सिंह नगर के साथ सम्पन्न हुआ तथा उक्त तीनों द्वारा मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना से प्राप्त 35 35 हजार रुपये अपने बैंक खातों मे नकद प्राप्त किये तथा 16 सौलह हजार रुपये के दान उपहार आदि का लाभ प्राप्त किया गया। इसी क्रम में शिकायतकर्ता अहमद नवी पुत्र मौहम्मद नवी निवासी मोहल्ला नबावपुरा वार्ड नम्बर 4 कस्बा व थाना टाण्डा जनपद रामपुर आदि व्यक्तियों द्वारा जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र की जाँच अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद टाण्डा रामपुर द्वारा करते हुए पाया कि आवेदिका आफरीन जहां, शमा परवीन एवं नाजरीन जहां तीनो सगी बहने है और उनकी माता का नाम नाजमा बेगम होना पाया। परन्तु उक्त तीनों ने मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह कार्यक्रम के आवेदन पत्र में अपनी माता का नामा अलग-अलग अंकित कर धोखाधड़ी से दस्तावेजों मे कूटरचना की गयी तथा सरकारी धन का अनुचित लाभ प्राप्त किया गया। इस सम्बन्ध में पुनीत कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद टाण्डा रामपुर की तहरीर के आधार पर उक्त तीनों आफरीन जहाँ, शमा परवीन एंव नाजरीन जहाँ पुत्रीगण अब्दुल नवी निवासीगण मोहल्ला मनिहारन कस्बा व थाना टाण्डा रामपुर के विरूद्ध दिनांक 13 फरवरी 2025 को मुकदमा अपराध संख्या 72/25 धारा 318 (4) वी. एन.एस पंजीकृत होकर विवेचना उप निरीक्षक अफजाल अहमद द्वारा सम्पादित कर धारा 338, 33693), 340(2), 61(2) बीएनएस की वृद्धि करते हुए अन्य सहअभियुक्तगण इरफान पुत्र मौहब्बे अली, मुबारक अली पुत्र असगर अली निवासीगण ग्राम भाऊपुरा थाना टाण्डा, रामपुर के नाम प्रकाश में आये। दस्तावेजी प्रपत्रो आधार कार्ड, राशन कार्ड, हाईस्कूल इण्टरमीडिएट परीक्षा अंक पत्रों व फर्जी माता के नाम सहित गिरफ्तार किया है।




# रुपये के लेनदेन को लेकर हुए झगड़े में आठ पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के पर्यवेक्षण में सैफनी थाना पुलिस द्वारा ग्राम सागरपुर में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के साथ झगड़ा करने वाले आशिफ पुत्र यासीन, इसरार पुत्र अबरार हुसैन, जाहिद इदरीशी पुत्र मोहम्मद तहसीन, नसीम अहमद पुत्र यामीन, मुनीर हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन, गुड्डू पुत्र मोहम्मद तसलीम, मोहम्मद शमीम पुत्र मोहम्मद यामीन समस्त निवासीगण सागरपुर, शाहरुख पुत्र शब्बन उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम रवाना ने पैसे के लेन देन को लेकर झगड़ा करने वालों का चालान के अंतर्गत धारा 170/126/135 बी एन एस एस में गिरफ्तार कर न्यायालय एसडीएम शाहाबाद कोर्ट में पेश किया गया।



# विधायक ने लगवाई अपनी निधि से मन्दिरों पर हाई मास्ट लाइटें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** स्वार टांडा विधायक शफीक अंसारी ने नगर पंचायत क्षेत्र में कई मन्दिरों पर अपनी निधि से सेमी हाई मास्ट लाइटें लगवाई। नगर के मन्दिरों पर लाइटें लगवाने का प्रस्ताव विधायक प्रतिनिधि दीप गोयल द्वारा विधायक को दिया गया था।

विधायक प्रतिनिधि की मांग पर नगर के शिव मंदिर मसवासी के पास वार्ड नं.9, व शिव मंदिर चाऊपुरा बार्ड नं. 6, शिव मंदिर भूवरा बार्ड नं. 3, में विधायक शफीक अहमद अंसारी ने अपनी निधि से हाई मास्ट लाइटें लगवाई हैं।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार, अशीष पाल, संजीव कुमार मौर्य, संजीव गुप्ता, राजेश मौर्य, विक्रम सिंह, कुलदीप देओल, गनपद चन्द्रा, महेश भारद्वाज, इश्वरी प्रसाद मौर्य, अमित सक्सेना, रामचन्द्र चन्द्रा, आदि मौजूद रहे।



# महाशिवरात्रि पर करवाया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** माह शिवरात्रि के उपलक्ष्य में ग्राम लालू नगला में पश्चिम शिव मंदिर में पंडित पवन कुमार शर्मा ने रामायण पाठ और कीर्तन किया। उसके बाद धूमधाम से भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांव में भक्तों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर कृष्णपाल सैनी, महिपाल सिंह राजपूत, मनप्रीत सिंह खालसा, राजपाल सैनी, गजेंद्र सैनी, पप्पू, राकेश आदि मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने चलाया विशेष छापामार अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम लगाने और आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य)-11/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा जनपद में विशेष अभियान चलाया गया।

इस विशेष छापामार अभियान में तहसील बिलासपुर के बाजार कलां, स्थित ए-वन चिकन कार्नर के मुबरिसर अली पुत्र शाहिद अली से बेसन का 01 नमूना लिया गया।

इस दौरान मोहल्ला जियारत शिरी मियां स्थित रईस दुल्ला पुत्र नवाब दुल्ला की कुरैशी मीट शॉप, मोहल्ला साहूकारा स्थित इरफान पुत्र इस्लाम की राशिद मीट शॉप और मोहल्ला जियारत शिरी मियां स्थित शहजाद पुत्र मिरशाद, अमान पुत्र लाईक, अब्दुल गफ्फार पुत्र नजमू, बिलाल पुत्र इलियास की मीट शॉप का निरीक्षण किया गया और मौके पर पायी गयी कमियों में सुधार हेतु इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया।

संग्रहीत किये गये बेसन के नमूनें को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वादद योजित किया जायेगा।

सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला उपस्थित रहे।



# खोदकला में नहीं पहुंची जांच टीम

## ग्रामीणों को बिना बयान दर्ज किए होना पड़ा वापस, ग्रामीणों में आक्रोश

**■ सोलर लाइट की खरीद और खेल के मैदान में गड़बड़ झाला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** खोदकला ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की शिकायत पर फिर जांच टीम। अब एक मार्च को गांव पहुंचेगी और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए जाएंगे। गुरुवार को भी जांच के लिए टीम पहुंचनी थी लेकिन प्रधान के खिलाफ जांच टीम नहीं पहुंच सकी। जिससे तमाम शिकायत कर्ताओं को वापस होना पड़ा। खोदकला ग्राम पंचायत में सोलर लाइट की खरीद और खेल के मैदान पर खर्च ब्यूरा को लेकर गांव में बवाल मचा हुआ है कई लोगों ने जिलाधिकारी समेत आला अधिकारियों को शपथ पत्र देकर शिकायत की गई थी की ग्राम प्रधान ने विकास कार्यों में धांधली की है इसको लेकर 17 फरवरी को जांच टीम गांव पहुंची थी लेकिन ग्राम पंचायत सचिव पर रिकॉर्ड उपलब्ध न होने का बहाना बनाकर 27 फरवरी को गांव में फिर से जांच करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया था। लेकिन जांच टीम गुरुवार को भी गांव नहीं पहुंच सकी जिससे तमाम ग्रामीणों को बिना बयान दर्ज किये ही पंचायत घर से वापस होना पड़ा। अब 1 मार्च को जांच टीम गांव पहुंचकर ग्रामीणों के बयान दर्ज करेगी और लेखा-जोखा ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत करेगी। शिकायतकर्ता फैज मियां अदनान मियां और हर नारायण मौर्य का कहना है की ग्राम पंचायत अधिकारी अभिलेख उपलब्ध न होने का बहाना बनाकर जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं और ग्रामीणों को बुलाकर बार-बार परेशान कर रहे हैं।



# फेक फेसबुक आईडी बनाकर कर रहा रूपये की डिमांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम चौहद्दा निवासी संदीप सिंह ने पुलिस चौकी इंचार्ज मसवासी को लिखित तहरीर देकर कहा है कि उसके फेसबुक अकाउंट पर किसी ने उसका फोटो लगाकर फर्जी आईडी बना ली है और लोगों को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा है जिससे ग्रामीण को परेशान होना पड़ रहा है ग्रामीण की किसी व्यक्ति के द्वारा फेसबुक पर फोटो लगाकर C8RT नाम से अकाउंट बनाया है। जिससे ग्रामीण के नाम से लोगों को मेसेंजर द्वारा मैसेज भेज कर रूपयो की डिमांड की जा रही है एवं उल्टी सीधी बातें कर रहा है प्रार्थी की स्वच्छ एवं सम्मानित छवि को भी धूमिल कर रहा है ग्रामीण ने पुलिस से उक्त व्यक्ति के खिलाफ जाच करकड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# बिजली विभाग की टीम ने की छापामार कार्रवाई

## मसवासी कई अस्पतालों में अवैध रूप उपयोग की जा रही थी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** बिजली विभाग की टीम ने नगर में कई स्थानों पर छापेमार कार्रवाई की जिसमे कई निजी अस्पतालों में बिजली चोरी पकड़ी गई जिससे लोगों में हड़कंप मचा रहा लेकिन अभी तक बिजली विभाग की ओर से किसी के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

गुरुवार को अवर अभियंता सत्येंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बिजली टीम ने मसवासी कस्बे के कई मोहल्ले में छापे मार कार्रवाई की इस दौरान कई स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई कई अस्पताल बिना कनेक्शन के ही बिजली चोरी से चलाए जा रहे थे बिजली टीम ने केवल काटकर अपने साथ ले गई। छापेमार कार्रवाई से बिजली चोरी करने वाले लोगों में हड़कंप मचा रहा। लेकिन बिजली चोरी के मामले में विभागीय कर्मचारियों ने किसी के भी खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। अवर अभियंता सत्येंद्र कुमार ने बताया की अभी जांच की जा रही है बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। टीम में उमेश कुमार, अनिल कुमार, हरकेश कुमार, हेमंत कुमार, आदि शामिल रहे।




मसवासी। अस्पताल में बिजली की जांच करते बिजली कर्मी।

# करीमपुर और चौहद्दा में तेंदुए की दहशत बरकरार

## एक सप्ताह बाद भी वन विभाग के पिंजरे में नहीं हो सका कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** जवाहर गंज टंडोला कोसी नदी क्षेत्र में वन विभाग को तेंदुआ पकड़ने के लिए दूसरे दिन भी कोई सफलता नहीं मिल सकी है। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है और किसान खेतों पर जाने से कतराने लगे हैं उधर करीमपुर के जंगल में भी पिंजरा लगा हुआ है लेकिन तेंदुआ पिंजरे से नदारद है।

बुधवार की तड़के जवाहर गंज टंडोला के कोसी नदी क्षेत्र में गन्ने के खेत पर अनीस अहमद के पालतू कुत्ते का तेंदुए ने शिकार कर लिया था जिससे आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया था और इस मामले की सूचना तुरंत वन विभाग के अधिकारियों को दी गई थी।

वन विभाग के दरोगा शील कुमार ने आसपास के किसानों को इकट्ठा करके कुत्ते का रक्त और कुछ अवशेष देखे थे। कुत्ते का शिकार होने के बाद आसपास गन्ने के खेतों में छीलाई कर रहे मजदूर भी भाग गए थे।

करीमपुर से लेकर चौहद्दे तक तेंदुए का आतंक बना हुआ है वन विभाग के अधिकारियों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए करीमपुर के पूर्व प्रधान हरमेल सिंह उर्फ वीर भाई के क्रेशर के आसपास पिंजरा लगा रखा है लेकिन एक सप्ताह बाद भी तेंदुआ पिंजरे में कैद नहीं हो सका है जिससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है महिलाओं और बच्चों ने खेतों पर जाना छोड़ दिया है। उधर वन रेंजर मुजाहिद हुसैन ने बताया कि तेंदुआ पकड़ने के लिए उसकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है।



# शहर विधायक ने किया भोले बाबा की बारात का शुभारंभ

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**रामपुर।** रस्तोगी धर्मसभा रामपुर के द्वारा भोले बाबा की बारात का शुभारंभ नगर विधायक आकाश सक्सेना जी के द्वारा किया गया। भोले बाबा की बारात मोहल्ला कैथवाली मस्जिद, बड़ा सनातन, मयूर मसाला उद्योग, घेर उस्मान खान, बैजनाथ गली , छोटा सनातन, चाह इच्छाराम होते हुए रस्तोगी धर्मसभा, कैथवाली मस्जिद पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में दिलीप रस्तोगी, दिनेश कुमार रस्तोगी, छोटे लाल रस्तोगी, उमेश रस्तोगी, सुनील रस्तोगी, मुकेश रस्तोगी, संजय रस्तोगी, अंकित रस्तौगी, नकुल रस्तोगी, प्रदीप अग्रवाल, पंडित अशोक मिश्रा, अमित रस्तोगी, निशांत रस्तोगी, शोभित रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

# सतपाल महाराज का रामपुर में एक दिवसीय सद्भावना सम्मेलन

## दो मार्च को होगा रामपुर के ग्लोबल हाल मोदी हॉटल में आयोजित एक दिवसीय सद्भावना सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** डॉ.चन्द्रप्रकाश शर्मा मीडिया प्रभारी, सद्भावना सम्मेलन मानव उत्थान सेवा समिति शाखा रामपुर नें मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि समिति के तत्वाधान में दिनांक 2 मार्च 2025 को प्रात: 11:00 बजे ग्लोबल हाल, मोदी फैक्ट्री परिसर, मोदीपुर बरेली रोड रामपुर में एक दिवसीय सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सतपाल महाराज के सद्भावना एवं ज्ञान विज्ञान से मार्मिक उद्बोधन होंगे। ज्ञातव्य है कि सतपाल महाराज सुविख्यात आध्यात्मिक तत्त्ववेत्ता गुरु, सुप्रसिद्ध समाज सेवी संत एवं उत्तराखंड सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री भी हैं। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी अमृता रावत भी इस सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए पधार रही हैं जो उत्तराखंड में कई बार कैबिनेट मंत्री भी रही हैं। सतपाल महाराज अखिल भारतीय पंजीकृत आध्यात्मिक एवं समाजसेवी संस्था मानव स्थान सेवा समिति के मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्रोत हैं। समिति द्वारा शिवापुरम, सिविल लाइन, रामपुर में मानव धर्म मंदिर नामक आश्रम का नव निर्माण किया गया है जिसका लोकार्पण सतपाल महाराज के कर कमलों द्वारा संपन्न होगा। आश्रम के लोकार्पण के उपलक्ष में स्थानीय श्रद्धालु भक्तों एवं अनुयायियों की प्रार्थना पर दिनांक 2 मार्च को एक दिवसीय सद्भावना सम्मेलन का आयोजन ग्लोबल हाल, मोदी फैक्ट्री परिसर, रामपुर में किया जा रहा है जिसको सतपाल महाराज एवं माता अमृता संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में महाराज एवं माताजी के सत्संग प्रवचन एवं दर्शनों का लाभ प्राप्त करने हेतु भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त एवं अनुयायी सम्मिलित होने के लिए पधार रहे हैं।



# सीएचसी पर ब्लड बैंक का औषधि निरीक्षक ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थापित ब्लड बैंक का निरीक्षण औषधि निरीक्षक रामपुर ने किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए आज मिलक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बनाई गई जिले की दूसरी ब्लड बैंक का निरीक्षण औषधि निरीक्षक मुकेश शाह द्वारा किया गया।

जहां पर विभिन्न रजिस्टर चेक किए गए और आवश्यक दिशा निर्देश उनके द्वारा स्टाफ को दिए गए यहां की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर बासित अली द्वारा अवगत करवाया गया है जिला रामपुर में यह दूसरा ब्लड बैंक है जो जनता को सी एच सी मिलक में ब्लड बैंक के द्वारा ब्लड उपलब्ध करवाया जा रहा है यहां पर कई मरीजों को ब्लड की सुविधा उपलब्ध करवा भी चुके हैं साथ ही औषधि निरीक्षक मुकेश शाह के द्वारा इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां पर उपस्थित समस्त स्टाफ के साथ- साथ रामपुर जिले के जिलाध्यक्ष विनोद प्रकाश सक्सेना ऑल इंडिया एंटी करप्शन उपस्थित रहे।



# पैदल मार्च के दौरान बच्चे ने पुलिस को किया सैल्यूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** गुरुवार को आगामी त्योहारों शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाल पंकज पंत ने अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों क्राइम इंस्पेक्टर संजय सिंह, उप निरीक्षक राजकुमार ,उप निरीक्षक विष्णु कुमार, मचल सिंह, व कांस्टेबल के साथ नगर के मोहल्ला हकिमान ,जिलेदारान, अफगानांन सहित रामपुर चौराहा होते हुए ब्लॉक अस्पताल चंदौसी चौराहा बिलारी चौराहा व मार्केट मैंन मार्केट में पैदल मार्च किया इस दौरान रास्ते में मिले एक बच्चे ने पुलिस को देखकर सेल्यूट किया बच्चे के सलूट करने पर पुलिसकर्मी प्रभावित हुए और उससे बात कर पूछा कि स्कूल जाते हो तो बच्चे ने कहा जी स्कूल जाता हूं पढ़ लिखकर क्या बनना चाहते हो तो उसने कहा आपकी तरह पुलिस बनना चाहता हूं।



# शिवरात्रि पर्व श्रद्धा भाव से मनाया

## भजन संध्या का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** खातियान स्थित सुनारों वाले शिव मंदिर मैढ सभा में शिव. रात्रि का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ बनाया गया

मंदिर परिसर में भारी संख्या में भक्तजनों के द्वारा अपने आराध्य देव शिव को पंचामृत से स्नान कराकर तथा बेलपत्र, फल, फूल, भांग, धतूरा चढ़ा कर धूप दीप से पूर्ण भक्ति के साथ पूजा अर्चना करके देश में सुख समृद्धि तथा शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कमलेश वर्मा द्वारा बन गई बन गई आज गोरा दुल्हन, दूल्हा बने हैं भोले बाबा, नमीता वर्मा द्वारा मौजा ही मौजा लूटी भोले के संग ब्याह करके। रचना शर्मा द्वारा भोला भोला बोले सारी दुनिया, सारा जग भोले का भजन करें। उमा वर्मा द्वारा मुक्ति का कोई तो यत्न कर ले रोज थोड़ा-थोड़ा प्रभु का भजन कर ले। सीमा सिन्हा द्वारा भोले बाबा हमको चरणों में बनाए रखना मरते दम तक सेवा में लगाए रखना। सुमन वर्मा द्वारा भोले का मैं रूप निराला देखा। राजकुमारी द्वारा श्री राम की गली में तुम जाना वहां नाचते मिलेगे हनुमान।

इस अवसर पर दीपमाला वर्मा, सुमन वर्मा, कमलेश वर्मा, बिना वर्मा, प्रीति वर्मा, उमा वर्मा, नमीता वर्मा, कंचन वर्मा, रेखा कात्यायन, सीमा सिन्हा, रचना शर्मा, सरोज शर्मा, रेनू तोमर, राजकुमारी, सोमवती, प्रेमवती उपस्थित रही।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश वर्मा का योगदान रहा।

## शिव मंदिर में श्रद्धा समर्पण समारोह

**धामपुर।** मोहल्ला बाड़वान स्थित शिव मंदिर में आयोजित 35 वे वार्षिक श्रद्धा समर्पण समारोह में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करते हुए भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। इस मौके पर आयोजित भंडारे में भी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। छोटेलाल सैनी एवं उनकी धर्मपत्नी सुमित्रा देवी सैनी के संरक्षण में आयोजित पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान तेजपाल सिंह सैनी एवं पूजा रानी, पवन कुमार सैनी एवं गीता देवी, नंदकिशोर सैनी एवं सरोज देवी, चंद्रपाल सिंह सैनी एवं रेनू रानी, कमल कुमार सैनी एवं नीरज देवी, राजपाल सिंह सैनी एवं पूनम देवी, रवि कुमार सैनी एवं पूजा रानी, राहुल कुमार सैनी एवं अंजनी रानी, मनमो. हन सिंह सैनी एवं मीनू देवी, मुकेश कुमार सैनी एवं बीना रानी आदि रहे। जिन्होंने परिजनों सहित पूजा अर्चना में सहभागिता बनाते हुए भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की।

# किताबों से मिले ज्ञान को अर्जित कर जीवन में आगे बढ़ें छात्र: अरुण वर्मा



## परीक्षा में नकल व अनुचित साधनों से दूर रहने की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने पढ़ने वाले बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि परीक्षाएं हमें जीवन का संघर्ष सिखाती हैं और जीवन मे आगे बढ़ने की दिशाएं दिखाती है और कॉपी करने वालों को जीवन में अंधेरों में जाने का रास्ता दिखाती है।

अब दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। जिंदगी का सबसे कीमती समय विद्यार्थी जीवन होता है। पढ़ने-लिखने का मतलब नकल करके या फिर अनुचित तरीके से डिग्री हासिल करना नहीं बल्कि किताबों से मिले ज्ञान को अर्जित करना होता है। अरुण कुमार वर्मा ने कहा है कि मगर अफसोस की बात यह है कि हमारे देश में कई युवा किसी भी तरह और उचित अनुचित तरीके से डिग्री हासिल करना चाहते हैं। शिक्षा प्रणाली में दोष देश के लिए दीमक है। कुछ विद्यार्थी पढ़ाई का समय सदुपयोग नहीं करते हैं और परीक्षा के समय परीक्षा में पास होने के लिए अनुचित साधनों की तलाश करने लगते हैं। विद्यार्थियों को याद रखना चाहिए कि नकल की आदत कभी न कभी कहीं न कहीं उनके करिअर के लिए भी बाधा उत्पन्न कर सकती है। भविष्य भी खराब कर सकती है। विद्यार्थी समय का सदुपयोग करें तो उन्हें नकल की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। पढ़ाई करना कोई कठिन काम नहीं है। नकल करके परीक्षाओं में पास होने वाले विद्यार्थी अगर जीवन में आगे बढ़ भी जाते हैं और किसी क्षेत्र में नौकरी पा भी लेते हैं तो क्या वे अपना कार्य ठीक से कर पाएंगे, शायद नहीं। इसलिए भ्रष्टाचार के लिए शिक्षा प्रणाली में कई त्रुटियां भी जिम्मेदार हैं।

अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि सभी बच्चे मेहनत और लगन के साथ पूरी ईमानदारी से किताबों को पढ़ें और नकल से दूर रहें। यह एग्जाम तुम्हारी जिंदगी के बहुत महत्वपूर्ण एग्जाम होते हैं। इससे तुम्हें जिंदगी में किस दिशा में जाना है वह रास्ते दिखाता है। तुम सब आने वाले वक्त के हिसाब से देश के भविष्य बनोगे, इसके लिए आगे अच्छी सोच रखते हुए पढ़ाई पर ध्यान दें।

# अवैध हथियारों के साथ वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** अवैध हथियारों के साथ वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और युवक को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

कई दिन से सोशल मीडिया पर एक युवक का अवैध हथियारों के साथ फोटो और वीडियो वायरल हो रहे थे। जिसके बाद ये वीडियो 26 फरवरी को पुलिस की नजर में आ गए। पुलिस आरोपी युवक की खोजबीन में जुट गई। पुलिस को पता चला कि अवैध हथियारों के साथ वायरल वीडियो नांगल थाना क्षेत्र के गांव हरचंदपुर निवासी आजम पुत्र सफीक का है। नांगल थाने के हेड कांस्टेबिल प्रवीण कुमार और विकास कुमार आरोपी आजम को नांगल मंडावली मार्ग पर सैदपुरी नहर की पुलिया से एक बंदूक और एक तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

# शिक्षा ही जीवन की मूल कुंजी: मौ. फैज

## नैतिकता व शिक्षा विषय पर विचार गोष्ठी



शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** नगर के बास्टा रोड स्थित नेशनल एजूकेशन ऑफ आरटीआई में नैतिक्ता एवं शिक्षा विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया और दोनों विषय पर अपने अपने विचार एक दूसरे के साथ साझा किये।

प्रबंधक एडवोकेट मौहम्मद फैज ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की मूल कुंजी है और शिक्षा बिना न परिवार में और न ही समाज में अच्छी नजरों से देखा जाता। शिक्षा बिना जीवन ही बेकार है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में शिक्षाविदों ने जन्म लिया और शिक्षा के प्रचार व प्रसार में अपना अहम किरदार निभाया। डा. सर्वपल्ली राधा कृष्णन एक मिसाल है।

उन्होंने कहा कि जिस देश का युवा शिक्षित होगा वही देश दुनियां में तरक्की करेगा। एडवोकेट मौहम्मद फैज ने कहा कि शिक्षा और नैतिकता सफल जीवन की दो ऐसे रत्न है जिनके बिना एक सफल जीवन बेकार है। नैतिकता पर बोलते कहा कि सबसे पहले माता पिता ही बच्चे के गुरू होते है जो कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा व नैतिकता का पाठ पढ़ाते है। उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं से अच्छी शिक्षा, अच्छे संस्कार, अच्छे व्यवहार के प्रति जागरूक्ता बनाये रखने का आह्वान भी किया।

गौरतलब है कि नेशनल कॉलेज आर्फ आरटीआई बास्टा रोड चांदपुर मे समय समय पर रोजगार मेलों को आयोजन भी किया जाता है जिसमें शिक्षित बच्चों को रोजगार के अवसर प्रदान किये जाते रहे है। साथ ही रोजगार मेले में देश की अनेक कम्पनियां सैम्संग, जोमेटो, शूजी, लोजिस्टिक, पीआईआर आदि नामक कम्पनियों के प्रतिनिधि बच्चों को सलैक्शन कर ले जाते है जो आज प्राईवेट सैक्टर में अच्छे जॉब कर रहे है।

# माह के प्रथम व तृतीय मंगलवार को ग्रामों में लगेंगी ग्राम चौपाल

## विकास कार्यों की समीक्षा व स्थलीय निरीक्षण भी होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में माह के प्रथम व तृतीय मंगलवार को ग्रामों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जायेगा।

चौपाल में ग्रामवासियों को सरकार द्वारा संचालित सभी लाभार्थीपरक योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी जायेगी। साथ ही राजस्व तथा विकास कार्यों की समीक्षा एवं स्थलीय निरीक्षण भी किया जाएगा। निर्धारित तिथि को सम्बन्धित ग्राम में सभी लाभार्थीपरक योजनाओं से सम्बन्धित विभाग कैम्प लगाकर अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे तथा पात्र लाभार्थियों के नियमानुसार ऑनलाइन आवेदन कराकर उन्हें लाभान्वित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि निरीक्षण/ग्राम चौपाल कार्यक्रम चार मार्च को ग्राम रामपुर चाठा, विकास खण्ड नजीबाबाद, 18 मार्च को ग्राम बावनसराय ब्लॉक कोतवाली, एक अप्रैल को ग्राम चतरूवाला (मोटाढाक) ब्लाक नजीबाबाद, 15 अप्रैल को जहानाबाद ब्लॉक कोतवाली, छह मई को मेदूवाला (चौहड़खाता) ब्लाक नजीबाबाद तथा 20 मई को भोगपुर ब्लाक कोतवाली सहित उपरोक्त विकास खण्डों के अन्तर्गत अपरान्ह दो बजे से निरीक्षण/ग्राम चौपाल आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त कार्यक्रमानुसार निरीक्षण/ग्राम चौपाल कार्यक्रम में आवश्यक तैयारी/अपनी विभागीय योजनाओं से सम्बन्धित अध्यावधिक प्रगति रिपोर्ट सहित ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

# अनुसंधान पद्धति पर अतिथि व्याख्यान

## अनुसंधान का महत्व व उद्देश्य बताया



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम 'अनुसंधान पद्धति' विषय पर आयोजित किया गया।

व्याख्यान कार्यक्रम का शुभारंभ राजनीति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मृदुल त्रिवेदी के द्वारा मुख्य वक्ता डॉ. मनोज कुमार एवं मंचासीन समस्त शिक्षकगण का अभिनंदन करते हुए किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. मनोज कुमार के द्वारा अनुसंधान को परिभाषित करते हुए छात्राओं को यह बताया गया कि अनुसंधान का महत्व एवं इसका उद्देश्य क्या है तथा छात्राओं को किस प्रकार से अनुसंधान करते हुए अनुसंधान पद्धति का प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने अनुसंधान पद्धतियों का वर्णन करते हुए बताया कि यह वह रणनीतियां, प्रक्रियाएं या तकनीकें हैं जिनका उपयोग विश्लेषण के लिए डेटा या साक्ष्य एकत्र करने में किया जाता है ताकि नई जानकारी उजागर हो सके या किसी विषय की बेहतर समझ पैदा हो सके।

इस कार्यक्रम में छात्राएं उत्साहित होकर प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर मृदुल त्रिवेदी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रवक्ता गण प्रो. मंजू चौधरी, श्रीमती अनु रानी, अल्पना सिंह, डॉ. आबिदा खातून एवं डॉ. दयावती उपस्थित रही।

# शाहपुर सैदू में किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक

## एक्सप्रेस-वे बिजनौर से निकालने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरुकी।** गंगा एक्सप्रेस वे की मांग को लेकर आज किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं की एक बैठक संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी के निवास स्थान शाहपुर सैदू में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे जिला बिजनौर से निकलने पर जिला बिजनौर की खूबसूरती और बढ़ेगी। विकास चौधरी ने कहा कि नजीबाबाद में एक आयोजित पंचायत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया था कि जिला बिजनौर में महात्मा विदुर की पावन धरती से गंगा एक्सप्रेस वे निकाला जाएगा। लेकिन अब वह अपनी बात से मुकरते नजर आ रहे हैं। विकास चौधरी ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे अगर जिला बिजनौर से होकर नहीं निकाला गया, तो 2027 के चुनाव में सरकार को जनता के भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिला बिजनौर की जनता गंगा एक्सप्रेस वे को लेकर सरकार से बहुत नाराज है। बैठक के दौरान संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि भाकियू अराजनीतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने इस मुद्दे को जोरो से उठाया है। दिगंबर सिंह ने गंगा एक्सप्रेस वे के मुद्दे को उठाकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। गंगा एक्सप्रेस वे की मांग में किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा का किसान नेता दिगंबर सिंह को पूर्ण समर्थन है। इसी को लेकर 3 मार्च को किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचकर सरकार को एक ज्ञापन सौंपेंगे।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, पीतम सिंह, संजय सिंह, राजीव त्यागी, छोटन सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### सहकारी समिति ने की सेवा



**नजीबाबाद।** ग्राम विजयपुर निकट मोटा महादेव मंदिर स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड विजयपुर सहकारिता विभाग के सौजन्य से एक कांवर शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें शिव भक्तों को केला, संतरा, अंगूर एवं पकौड़ी आदि का प्रसाद वितरित कर धर्म लाभ उठाया। इस शुभ अवसर पर समिति के चेयरमैन देशराज सिंह सचिव विजय पाल सिंह एवं शाखा प्रबंधक जनार्दन प्रसाद व शाखा प्रबंधक शिवकुमार चतुर्वेदी, सचिव कामेंद्र सिंह, सचिव शिवानी प्रभारी, सचिव पवन कुमार, सचिव वीरेंद्र कुमार, समिति आंकिक दीपक डोडवाल, नितिन कुमार, दीपांकर चौधरी, आंकिक राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजक जयवीर सिंह राठी, सहायक विकास अधिकारी, सहकारिता नजीबाबाद ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

### कांवड़तियों ने निकाली शोभायात्रा



**बढ़ापुर।** महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों पर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दी। कस्बे के श्री मनोकामना झारखंडी शिव मंदिर, श्री शिव बड़ा मंदिर, श्री शिव चुन्नीवाला मंदिर, माता काली देवी मंदिर व द्वारिकाधीश मंदिर को फूल मालाओं व इलेक्ट्रॉनिक झालरों से सजाया गया। हरिद्वार से कांवड़ लेकर पहुंचे शिवभक्तों ने देर शाम कस्बे से श्री मनोकामना झारखंडी शिव मंदिर तक डीजे के साथ शोभायात्रा निकाली। वहां पर देर रात शिवभक्तों ने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। वही हरिद्वार से लाई गई डाक कांवड़ में शामिल शिवभक्तों ने भी देर रात शोभायात्रा निकालकर भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया।

### युवक को सांप ने काटा

**नहटौर।** मौहल्ला पीर शहीद काला निवासी खुर्शीद अहमद का 20 वर्षीय पुत्र अनस बुधवार को करीब पांच बजे मौहल्ले में ही बंद दुकानों के सामने खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रहा था। बताया जाता है कि दुकान में से निकलकर आए सांप ने अनस के पैर में डस लिया। परिवार के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

### आग लगने से मचा हड़कंप

**कोतवाली देहात।** ग्राम लालपुर निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र घसीटा सिंह के घर पर आग लग गई। आग छत पर रखी लड़कियों में लगी। धीरे-धीरे आग सारे घर में फैल गई। घटना की सूचना पुलिस तथा फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंची लेकिन उससे पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। घटना की सूचना राजस्व विभाग को दे दी गई है।

# कार्यालय प्रबंध प्रशिक्षण के लिए आवेदन करें अभ्यर्थी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय बिजनौर के अधीन शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में अप्रैल, 2025 से कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित ऐसे अभ्यार्थियों को दिया जाएगा, जिनकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट होगी तथा हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय होना अनिवार्य है। स्नातक तथा स्नातकोत्तर डिग्री धारकों को वरीयता दी जायेगी।

प्राप्म समाचार के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए अभ्यर्थी की आयु प्रवेश के समय 18 वर्ष होना आवश्यक है तथा अधिक से अधिक 35 वर्ष तक के अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते है साथ ही अन्य किसी संस्थान में अध्ययनरत न हो। इस प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष होगी, इस प्रकार प्रशिक्षण सत्र अप्रैल, 2025 से प्रारम्भ होकर मार्च 2026 तक चलेगा, प्रशिक्षण पूर्णतया नि:शुल्क होगा। परन्तु अभ्यर्थी को प्रवेश के उपरान्त नोट्स आदि के लिए लेखन सामग्री की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में आशुलिपि, टंकण तथा कम्प्यूटर के साथ-साथ सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित, वहिखाता एवं सचिवीय पद्धति विषयों का अध्ययन कराया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षार्थियों में आत्मविश्वास जागृत करने के लिए समय-समय पर विशज्ञों की वार्ताओं का आयोजन किया जाता है। इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर सम्बन्धित वर्गो के अभ्यर्थी अत्यधिक लाभान्वित होते है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में 24 मार्च 2025 तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें। इस तिथि के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए 27 मार्च 2025 को प्रात: 11 बजे अपने समस्त मूल प्रमाणपत्रों को साथ लेकर स्वयं के व्यय पर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र बिजनौर में उपस्थित होना है। साक्षात्कार के लिए अलग से कोई बुलावा पत्र नहीं भेजा जायेगा। आवेदन पत्र के प्रारूप तथा अन्य जानकारी के हेतु प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र, बिजनौर में सम्पर्क किया जा सकता है।

# रामभरोसे चल रहा सरकारी अस्पताल

## डॉक्टर अस्पताल से नदारद, फार्मासिस्ट दे रहा मरीजों को दवाई



शाह टाइम्स संवाददाता

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम अजुपुरा जट में स्थित सरकारी अस्पताल राम भरोसे ही चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही के चलते यहां जिम्मेदार प्रभारी के रूप में मौजूद डॉक्टर अक्सर गायब रहते है। जिम्मेदार डॉक्टर के ज्यादातर गायब रहने और फार्मासिस्ट द्वारा ही दवाई दिए जाने के चलते यहां मरीजो ने वैसे ही आना कम कर दिया है। यहां पांच लोगों का स्टाफ मौजूद बताया जाता है परंतु केवल फार्मासिस्ट ही यहाँ मौजूद मिलता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लॉक जलीलपुर के ग्राम अजुपुरा जट में स्थित सरकारी अस्पताल लंबे समय से राम भरोसे चल रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यहां पर मौजूद प्रभारी डॉक्टर कौशल ज्यादातर गायब ही रहते हैं। यह अस्पताल दूर जंगल में स्थित होने के चलते न तो मरीज ही जल्दी से इस अस्पताल में जाना गवारा समझते हैं और अधिकारियों को तो यहां कभी देखा जाना संभव ही नहीं हुआ है जिसके चलते यहां मौजूद प्रभारी ज्यादातर गायब ही रहते हैं। सूत्रों का मानना है कि यह लोग प्राइवेट प्रैक्टिस कर नोट छापने में लगे जबकि सरकारी नौकरी के नाम पर केवल सरकार से धन का ऐंठा जा रहा है। बताया जाता है कि रविवार को डयूटी देने के चलते यह शुक्रवार को अपना अवकाश ले लेते है परंतु बृहस्पतिवार को खाली मिली उनकी कुर्सी और फार्मासिस्ट का रवैया बता रहा था कि सरकार और उनके मुलाजिमो के आंखों में धूल झोंकी जा रही है। सूत्रों का दावा है कि इस अस्पताल में मौजूद 5 लोगों के पूरे स्टाफ को महीने में एक बार भी साथ देखा जाना संभव नही है। जो बताता है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बिजनौर जिले में मौज उड़ा रहे है।




हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया

# सेमीफाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेगा अफगानिस्तान

## चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप मुकाबला आज, ऑस्ट्रेलिया की साख होगी दांव पर

**लाहौर, वार्ता।** इंग्लैंड पर शानदार जीत से उत्साहित अफगानिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप मुकाबले में शुक्रवार को जीत के इरादे से उतरेगा, वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए इस मैच पर उसकी साख दाव पर होगी। गद्दाफी स्टेडियम में कल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के 10वें मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने पर अपनी लय को जारी रखना चाहेगा। यह मुकाबला रोमांच होने वाला है अगर अफगानिस्तान इस मुकाबले को जीत लेता है वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो जायेगी। ग्रुप बी की मौजूदा स्थिति को देखा जाये तो दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान ने एक-एक मैच में जीत दर्ज की हैं।

वहीं अफगानिस्तान को दो मैचों में एक में हार का सामना भी करना पड़ा है। हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच में उमरजई की ऑलराउंड प्रतिभा और जादरान की 146 गेंदों पर 177 रनों की पारी ने अफगानिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई, जिससे टीम को इस अहम मुकाबले से पहले नया आत्मविश्वास मिला। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम जोश इंग्लिस की इंग्लैंड के खिलाफ पिछले मैच में सिर्फ 86 गेंदों पर नाबाद 120 रनों की पारी से प्रेरणा लेगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज की जवाबी पारी ने अकेले दम पर खेल का रुख बदलने की उनकी क्षमता को दर्शाया। जिसने उन्हें प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में उबरे हैं। संतुलित अफगानिस्तान एक बार फिर लाहौर की परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए राशिद खान, मोहम्मद नबी और नूर अहमद की स्पिन तिकड़ी पर निर्भर करेगा। विश्व स्तरीय लेग स्पिनर राशिद विपक्षी लाइनअप को ध्वस्त करने की अपनी




क्षमता के साथ गेम-चेंजर बने हुए हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई खेमे के एक गतिशील ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और ऑफ-स्पिन के साथ मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं, जिससे वह इस करो या मरो वाले मुकाबले में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन सकते हैं। ट्रैविस हेड की आक्रामक बल्लेबाजी अफगानिस्तान के लिए एक बड़ा खतरा है। अफगानिस्तान का शीर्ष क्रम जदरान की निरंतरता पर निर्भर करेगा, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पारी की शुरुआत की, जबकि उमरजई की दोनों विभागों में योगदान देने की क्षमता से टीम को बल मिलता है। स्टीवन स्मिथ की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम पर इस मुकाबले को लेकर दबाव है।

उसे पता है कि हार से चैंपियंस ट्रॉफी में उसका अभियान समाप्त हो जाएगा। हेड और मैथ्यू शॉर्ट की मौजूदगी में शीर्ष पर, उसके बाद स्मिथ और मार्नस लैबुशेन की मौजूदगी में मध्यक्रम में स्थिरता बनी हुई है, जिससे उनकी बल्लेबाजी एक महत्वपूर्ण ताकत बनी हुई है। गेंदबाजी विभाग में, एडम जम्पा की स्पिन और नाथन एलिस की गति अफगानिस्तान की आक्रामक बल्लेबाजी इकाई का मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। गद्दाफी स्टेडियम की पिच से शुरुआत में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, और मैच आगे बढ़ने के साथ ही स्पिनरों की भूमिका भी बढ़ जाएगी।



## बारिश के चलते पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश का मैच रद्द

**रावलपिडी, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच गुरुवार को होने वाले मैच को रूक रूक कर हो रही बारिश के कारण रद्द कर दिया गया हैं। मैच रेफरी ने मैदान का निरीक्षण किया और बारिश को देखते हुए इस मैच को रद्द करने का फैसला लिया। दोनों टीमों को एक-एक अंक दिए गए। दोनों टीमें पहले ही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुकी और यह दोनों का आखिरी ग्रुप मुकाबला था। बारिश के कारण मैच का टॉस भी नहीं हुआ और बिना एक भी गेंद फेंके मैच को रद्द कर दिया गया। बांग्लादेश तीन मैचों में दो हार और एक रद्द मैच के साथ एक अंक और माइनस 0-44 नेट रन रेट लेकर तीसरे स्थान पर रही। वहीं मेजबान पाकिस्तान माइनस 1-09 नेट रन रेट के साथ ग्रुप अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही।



### चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर पाक में हंगामा

## पीएम शहबाज शरीफ संसद में उठाएंगे मुद्दा

**रावलपिंडी, वार्ता।** मेजबान पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से एक भी मैच जीते बिना बाहर हो गया है। टीम के खराब प्रदर्शन से पाकिस्तान में बवाल मचा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस मामले की कैबिनेट और संसद में चर्चा करेंगे। पीएम के राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों के सलाहकार राना सनाउल्लाह ने जियो टीवी के कार्यक्रम जियो पाकिस्तान में यह जानकारी दी। चैनल ने दावा किया है कि यह मामला संसद में उठाया जाएगा।

पाकिस्तान को 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली। इससे पहले 1996 में भारत के साथ मिलकर पाकिस्तान ने वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी। पीएम एडवाइजर राणा सनाउल्लाह ने कहा कि इस टूर्नामेंट के लिए हमने 12 से 14 अरब रुपए खर्च किए, लेकिन टीम हार गई। मुझे इस बात का बहुत अफसोस हुआ। दुनिया क्रिकेट खेलेगी और हम तमाशाई बन गए हैं। जितनी तवज्जो स्टेडियम को दी गई। उतनी ही टीम को देनी चाहिए थी। इससे पूरा पाकिस्तान मायूस है। पाक क्रिकेट बोर्ड एक स्वतंत्र ऑर्गेनाइजेशन है। इसमें बेपनाह पैसा है, यहां पर अधिकारी पैसे के लिए टिके हुए हैं। लोग डेपुटेशन पर अपनी डयूटी लगवाते हैं, जिससे एक सिस्टम बन गया है। मेरा मानना है कि च्ब्ठ को सरकार नियंत्रित करे। सिर्फ एक अंक मिला पाक की टीम इस टूर्नामेंट में एक भी जीत हासिल नहीं कर सकी है। ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल में टीम के पास महज एक अंक है। बांग्लादेश को भी एक अंक मिला है। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें 4-4 अंक लेकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। टीम लगातार तीसरे आईसीसी टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर पाक की टीम लगातार तीसरे आईसीसी टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर हो गई है। इससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप और 2023 वनडे वर्ल्ड कप में भी पाक टीम टॉप-4 में नहीं पहुंच सकी थी। टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद भी पाक क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकवी को फटकारा गया था। वहीं, वनडे वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद कप्तान, कोच और पीसीबी चीफ को हटाया गया था। टी-20 वर्ल्ड कप रू 4 में से 2 मैच जीत सकी टीम पाक की टीम वेस्टइंडीज और अमे. रिका में आयोजित टी-20 टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर हो गई थी। टीम ने 4 में से 2 मैच ही जीत सकी। टीम सुपर-8 राउंड में भी जगह नहीं बना सकी थी। तब बाबर ने कप्तानी छोड़ दी थी। कोच गैरी कर्स्टन और जेसन को हटाया गया था। वनडे वर्ल्ड कप में पहले राउंड से बाहर भारत की मेजबानी में आयोजित 2023 वनडे वर्ल्ड कप में पाक पहले राउंड से बाहर हो गई थी।

### खेल विशेष

## गुजरात जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का किया फैसला

**बेंगलुरु, वार्ता।** गुजराज जायंट्स ने गुरुवार को वूमेंस प्रीमियर लीग के 12वें मैच में टॉस जीतकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां गुजरात जायंट्स की कप्तान ऐश्ली गार्डनर ने टॉस जीतकर कहा कि हम पहले गेंदबाजी करेंगे। लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा है। उम्मीद है कि हम शुरुआती विकेट लेने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है हेमा को एकादश में शामलि किया गया हैं। वहीं रॉयल चैलेंजर्स की कप्तान स्मृति मांधना कि हम भी लक्ष्य का पीछा करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है प्रेमा को एकादश में जगह दी गया है।

## आदित्य सरवटे ने केरल की लड़खड़ी पारी को संभाला

**नागपुर, वार्ता।** आदित्य सरवटे (नाबाद 66) की जूझारू पारी ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुकाबले के दूसरे दिन केरल की लड़खड़ी पारी को संभाला। इससे पहले एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम (3-3 विकेट) और एनपी बासिल (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत केरल ने मैच में वापसी करते हुए विदर्भ को पहली पारी में 379 के स्कोर पर रोक दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी केरल की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए।

## दीपक-रणविजय ने किया विश्वस्तरीय निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन

**निशानेबाजी सुविधा छात्रों को सर्वोत्तम प्रशिक्षण करने के साथ-साथ अगली पीढ़ी के चैंपियंस को प्ररित भी करेगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय शूटर दीपक कुमार और टीवी कलाकार रणविजय सिघा ने गुरुवार को वसंत कुंज के जीडी गोयनका स्कूल में एक अत्याधु. निक निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन किया। यह शूटिग रेंज एक प्रभावशाली, ओलंपिक आकार की 10-मीटर सुविधा है, जिसमें आधुनिक एयर राइफल और एयर पिस्टल के साथ-साथ एक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक टारगेट स्कोरिग प्रणाली है।

इस अवसर पर रणविजय सिघा ने कहा कि मैं इस निशानेबाजी सुविधा को देखकर और यहां हुए कुछ खेलों को फिर से देखकर बहुत उत्साहित हूं। अगर युवा बच्चों को स्कूल में ऐसी सुविधा और समर्थन मिलेगा तो खिलाड़ी और एथलीट देश के लिए अनगिनत पदक जीतने से नहीं रुकेंगे। अधिकारी, एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज दीपक कुमार ने कहा कि निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन एक शुभ कदम है। एक एथलीट में हमारे राष्ट्रीय ध्वज को पूरी दुनिया के सामने ऊंचा करने की क्षमता होती है।

## उत्तर प्रदेश अपर ने जीता कामाख्या क्रिकेट लीग का खिताब

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश अपर ने चंडीगढ़ चैंपियन को 25 रन से हरा कर कामाख्या क्रिकेट लीग का खिताब अपने नाम कर लिया है।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अंडमान निकोबार के तत्वाधान में चैंपियंस स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट द्वारा नोएडा इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गये मैच में यूपी अपर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 159 रन बनाए जिसमें हाफिज मोहम्मद फैज ने सर्वाधिक 72 रन का योगदान दिया।

## पैट कमिंस डब्ल्यूटीसी के लिए तैयार



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिस को उम्मीद है कि आगामी आईपीएल सीज़न और जून में दक्षिण अफीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए वह तैयार हो सकेंगे। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान टखने की चोट के कारण कमिस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से चूक गए थे। हालांकि अगले कुछ महीनों के दौरान व्यस्त सीज़न में वह अपनी फिटनेस को लेकर आशावादी हैं। कमिस ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो को बताया कि टखना पूरी तरह से मजबूत हो रहा है, इसे अच्छा आराम दे पा रहा हूं और फिर धीरे-धीरे मजबूत हो रहा हूं, जो आपको बहुत अधिक क्रिकेट खेलने पर नहीं मिलता है। यह कुछ समय के लिए उतना ही मजबूत महसूस हो रहा है। आईपीएल के लिए ठीक होना चाहिए, यही योजना है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने बताया कि उनके टखने को समय के साथ सावधानीपूर्वक प्रबंधन की आवश्यकता थी और मेलबर्न में

**टखना पूरी तरह से मजबूत हो रहा है, इसे उच्छा आराम दे पा रहा हूं और फिर से मजबूत हो रहा हूं**

बॉक्सिग डे टेस्ट के दौरान यह एक बड़ा मुद्दा बन गया। कमिस ने कहा कि यह कुछ ऐसा है जिस पर हमने कभी भी सर्जरी नहीं करने का विकल्प चुना है, बस पुनर्वास के लिए बहुत कुछ करना होगा। इस ब्रेक का मतलब है कि मैं कुछ कॉर्टिसोन प्राप्त कर सकता हूं और वास्तव में पिछले कुछ हफ्तों में इसका अच्छी तरह से पुनर्वास कर सकता हूं। भविष्य को देखते हुए, कमिस को उम्मीद है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में पूर्ण भूमिका निभाने से पहले आईपीएल के दौरान उनका कार्यभार लगातार बढ़ेगा। उन्होंने व्यस्त कार्यक्रम में रणनीतिक आराम के महत्व को स्वीकार किया। उन्होने कहा कि कभी-कभी अजीब दौरे को मिस करने से आप वास्तव में पूरे साल अधिक क्रिकेट खेलते हैं।

### आईपीएल-2025

## पीटरसन को डीसी ने बनाया मेंटॉर



**2009 से 2014 तक बतौर खिलाड़ी आईपीएल का हिस्सा रहे फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी कर चुके**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्व इंग्लिश कप्तान केविन पीटरसन को आईपीएल 2025 के लिए अपना मेंटॉर बनाया है। वे पहली बार कोचिंग रोल में होंगे। 44 साल के पीटरसन का यह कोचिंग रोल में पहला कार्यकाल है। वे 2009 से 2014 तक बतौर खिलाड़ी भारतीय लीग का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 17 आईपीएल मैचों में कप्तानी भी की है। दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को इस पोस्ट के जरिए पीटरसन को मेंटॉर बनाने का ऐलान किया। फ्रेंचाइजी ने 3 महीने पहले कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया फ्रेंचाइजी ने 3 महीने पहले अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया था। तब हेड कोच रिकी पोंटिंग पंजाब किंग्स के साथ जुड़ गए थे। पूर्व तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल को गेंदबाजी कोच बनाया गया, जबकि हेमंग बदानी टीम के हेड कोच और वेणुगोपाल राव क्रिकेट के डायरेक्टर बने। 2021 के बाद से प्लेऑफ में नहीं पहुंची दिल्ली दिल्ली कैपिटल्स की टीम 2021 के बाद से आईपीएल के प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी है। तब टीम ऋषभ पंत की कप्तानी में कोलकाता से क्वालिफायर-2 हारकर बाहर हो गई थी।

## एमडी निधीष और ईडन ऐपल टॉम ने विदर्भ को रोका

**नागपुर, वार्ता।** एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम (तीन-तीन विकेट) और एनपी बासिल (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत केरल ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन गुरुवार को एक बार फिर से मैच में वापसी करते हुए विदर्भ को पहली पारी में 379 के स्कोर पर रोक दिया। विदर्भ ने कल के चार विकेट पर 254 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में 290 के स्कोर पर एनपी बासिल ने कल के शतकवीर दानिश मालेवार को बोल्ड कर केरल को बड़ी सफलता दिलाई। दानिश मालेवार ने 285 गेंदों में 15 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (158) रनों की पारी खेली। विदर्भ के स्कोर में पांच और रन जुड़ने के बाद ही बासिल ने यश ठाकुर (25) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आये कप्तान अक्षय वड़कर भी पिच पर अधिक देर तक नहीं टिक सके। ईडन ऐपल टॉम ने पहले यश राठौड़ (तीन) को आउट किया। अक्षय कारनेवार (12) और नचिकेत भूटे (32) रन बनाकर आउट हुए। अक्षय वड़कर (23) ईडन ऐपल टॉम ने आउट किया। केरल के गेंदबाजी आक्रमण के आगे विदर्भ की टीम ने आज 125 रन और जोड़कर अपने छह विकेट गवां दिए। विदर्भ ने 123-1 ओवर में 379 का स्कोर बनाया। केरल की ओर से एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम ने तीन-तीन और एनपी बासिल ने दो विकेट विकेट लिए।

## रामकुमार-मायनेनी ने शानदार जीत के साथ की शुरुआत

**रामकुमार और मायनेनी ने मजबूत शुरुआत की और चौथे गेम में विरोधियों की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली**



**बेंगलुरु, वार्ता।** गत चैंपियन रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी ने केएसएलटीए कोर्ट में इटली के जैकोपो बेरेटिनी और एनरिको डल्ला वैले पर सीधे सेटों में जीत के साथ अपने 2025 दाफान्यूज बेंगलुरु ओपन अभियान की शुरुआत की। टूर्नामेंट के इतिहास में तीन खिताबों के साथ सबसे सफल भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में आगे बढ़ने के लिए एक घंटे और 14 मिनट में 6-3, 7-6(4) से जीत हासिल की। कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (केएसएलटीए) द्वारा आयोजित दो लाख अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाला बेंगलुरु ओपन वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा एटीपी टूर इवेंट है, जिसमें चैंपियन 125 एटीपी रैंकिग अंक अर्जित करने के लिए तैयार है। रामकुमार और माइनेनी ने मजबूत शुरुआत की और चौथे गेम में अपने विरोधियों की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली। उन्होंने शुरुआती सेट 30 मिनट से कम समय में खत्म कर दिया, लेकिन दूसरे सेट में कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, छठे गेम में बेरेटिनी और डल्ला वैले ने वापसी की। हालाँकि, घरेलू प्रबल दावेदारों ने तुरंत वापसी की और टाईब्रेकर में 6-3, 7-6(4) से जीत हासिल कर ली। भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला हाइनेक बार्टन और एरिक वैनशेलबोइम से होगा, जिन्होंने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जोहान्स इंगिल्डसन और इवान लिउटारेविच को 6-3, 1-6, 13-11 से हराया। अन्य युगल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त अनिरुद्ध चन्द्रशेखर और रे हो ने साई कार्तिक रेढी गंता और खुमोयुन सुल्तानोव पर 6-4, 6-4 से जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की की। भारतीय-ताइवानी जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन करते हुए प्रत्येक सेट के नौवें गेम में सर्विस तोड़कर एक घंटे 13 मिनट में जीत हासिल कर ली। इस बीच, वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले आदिल कल्याणपुर और करण सिंह ने शानदार वापसी करते हुए साथी भारतीयों नितिन कुमार सिन्हा और मनीष सुरेशकुमार को रोमांचक तीन-सेटर में हरा दिया। पहला सेट 1-6 से हारने के बाद, आदिल और करण ने दूसरे सेट में 6-2 से जीत हासिल की और मैच टाईब्रेकर में 10-4 से हावी हो गए।

## फिर नाम बदलो राजनीति

दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही शहरों के नाम बदलने की राजनीति शुरू हो गई है। यानि एक बार फिर से इतिहास को बदलने की राजनीति हो रही है। बीजेपी के शासन वाले राज्यों में पहले भी कई स्थानों के नाम बदल दिए गए, अब दिल्ली के नजफगढ़ का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। मुगलों के दौर में दिल्ली देहात के इस इलाके को नाहरगढ़ के नाम से जाना जाता था। कई बार इसका नाम बदलने की कोशिश की गई, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया, क्योंकि दिल्ली में 10 साल से आप की सरकार थी। अब बीजेपी को मौका मिल गया और उसने एक बार फिर इतिहास को बदलने की नीति चली है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि नजफगढ़ का नाम बदलने से इलाके की पहचान में दिक्कत होगी,इसलिए नजफगढ़ का नाम नहीं बदला जाना चाहिए।जगहों के नाम बदलने से लोगों की समस्याएं खत्म नहीं होती। अगर सरकार कुछ करना ही चाहती है, तो वह पहले देश की जनता की समस्याओं को हल करे। क्योंकि नाम बदलने से लोगों के दिमाग में जो कुछ बीजेपी के खिलाफ है, वह नहीं बदल सकता। नजफगढ़ को यह नाम मिला मिर्जा नजफ खान से। नजफ खान मुगल बादशाह शाह आलम द्वितीय का कमांडर-इन-चीफ रहा है। नजफ खान ने 18वीं शताब्दी में सैन्य चौकी की स्थापना की, बाद यहां से ब्रिटिश, मराठा और सिखों के खिलाफ अभियान चलाए गए। दिल्ली के बॉर्डर पर मौजूद नजफगढ़ को मुगलों के केंद्र दिल्ली को सुरक्षित रखने की रणनीति को ध्यान में केंद्र बनाया गया, ताकि बाहरी दुश्मनों को यहीं पर रोका जा सके। बीजेपी की नाम बदलो राजनीति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केंद्र की मोदी सरकार ने देशभर में एक साल में 25 शहरों-गांवों के नाम बदलने को मंजूरी दी है। ऐसे कई प्रस्ताव भी सरकार के पास लंबित हैं। इनमें पश्चिम बंगाल का नाम बदलने का प्रस्ताव भी है। पश्चिम बंगाल का नाम 'बांग्ला' करने का प्रस्ताव केंद्र के पास है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में राजमुंदरी का नाम राजा महेंद्र वर्मन, आउटर व्हीलर आईलैंड का नाम एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, केरल के मलाप्पुरा जिले में अरिकोड को अरीकोड, हरियाणा में जींद जिले के पिंडारी को पांडु पिंडारा, रोहतक जिले में सांपला का नाम चौधरी सर छोटूराम नगर, नगालैंड के खिफिरे जिले में सनफुर का नाम सामफुरे करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अलावा महाराष्ट्र में सांगली जिले में लंगडेवाडी का नाम नरसिंहगांव करने के प्रस्ताव शामिल हैं। ये अलग बात है कि सरकारी कागजों में लिखे नाम से उस शहर के बाशिंदों को खास फर्क नहीं पड़ता है, लेकिन इस नाम परिवर्तन का खर्च जरूर उनकी जेब से जाता है। यह खर्च भी कम नहीं है। औसतन एक शहर का नाम बदलने में 300 करोड़ रुपये तक खर्च होते हैं, यदि शहर बड़ा हो तो ये राशि 1000 करोड़ तक भी पहुंच सकती है। आजादी के बाद से ज्यादातर नाम परिवर्तन अंग्रेजों की गलतियों की वजह से किए गए। त्रिवेंद्रम को तिरुअनंतपुरम या कोचीन को कोच्चि सिर्फ अंग्रेजों की स्पेलिंग में सुधार के लिए किए गए। आजादी के बाद से अब तक 21 राज्यों ने कुल 244 जगहों के नाम बदले हैं।

## सौ करोड़ भारतीयों की कोई अतिरिक्त आय नहीं



प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत दृष्टिकोण आम लोगों की जेबें खाली कर रहा है और चुनिंदा अरबपतियों की तिजोरियां भर रहा है, भारत एक वैश्विक कर युद्ध और व्यापार बाधाओं का सामना कर रहा है, सौ करोड़ भारतीयों के पास कोई अतिरिक्त आय नहीं है, केंद्रीय बजट में की गई घोषणाएं निराशाजनक साबित हुई हैं, हमारे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 60 फीसदी उपभोग पर निर्भर है। लेकिन भारत के केवल 10 फीसदी लोग आर्थिक विकास और उपभोग को बढ़ावा देते हैं और 90 फीसदी लोग बुनियादी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं, भारत की 50 फीसदी मध्य वर्गीय करदाताओं ने पिछले दशक में वेतन में वृद्धि नहीं देखी है। ग्रामीण मजदूरी नकारात्मक वृद्धि का सामना कर रहा है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

# केजरीवाल अब राज्यसभा में दहाड़ेंगे

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया



सियासी उड़ान में भी अनगिनत ख्वाहिशें होती हैं। एक सपना टूटा तो दूसरे ड्रीम का ताना-बाना तैयार हो जाता है। आप के राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल दिल्ली चुनाव में परास्त होने के बाद अब पंजाब से राज्यसभा पहुंचेंगे। इसके लिए शतरंज की गोटियां बिछने लगी हैं। आप के राज्यसभा मेंबर एंव पंजाब के उद्योगपति संजीव अरोड़ा को पार्टी ने पंजाब विधानसभा की रिक्त लुधियाना वेस्ट सीट से लड़ाने का अहम फैसला लिया है। इस आशय का ऐलान भी आप की ओर से 26 फरवरी को कर दिया गया है।

हालांकि अरोड़ा का राज्यसभा में कार्यकाल 2028 तक है। स्वाभाविक है, अरोड़ा के इस्तीफे से यह सीट खाली हो जाएगी। आप की रणनीति है, वह अपने सीनियर लीडर केजरीवाल की बड़ी आसानी से राज्यसभा में ताजपोशी करा देगी। इससे साफ है, अरविंद केजरीवाल अब केंद्र की पॉलिटिक्स करेंगे। उल्लेखनीय है, विधायक गुरप्रीत सिंह गोगी के निधन के बाद लुधियाना वेस्ट सीट पर उपचुनाव होना है। गोगी का 11 जनवरी, 2025 को अपने घर पर रिवॉल्वर साफ करते हुए गोली लगने से देहावसान हो गया था। हालांकि अभी चुनाव आयोग की तरफ से उपचुनाव की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है। कयास लगाए जा रहे हैं, बिहार विधानसभा चुनाव के साथ यहां भी वोटिंग हो सकती है। बिहार में नवम्बर में इलेक्शन डडू है। यूं तो केजरीवाल ने 2014 में भी लोकसभा में दस्तक देने का ख्वाब संजोया था। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सबसे कद्दावर नेता एवं पीएम पद के घोषित प्रत्याशी नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी में ताल ठोकी थी। हालांकि लोकसभा के इस आम चुनाव का नतीजा अरविंद केजरीवाल समेत अमूमन सभी सियासीदां पहले से ही जानते थे।

### राजनीतिक पंडितों ने जैसा सोचा था, वाराणसी का परिणाम वैसा ही आया...

राजनीतिक पडितों ने जो सोचा था वही हुआ। केजरीवाल 3.71 लाख मतों के अंतर से हार गए, बाकी कांग्रेस और बसपा उम्मीदवारों की तो जमानत जब्त हो गई थी। केंद्र शासित दिल्ली में केजरीवाल की 10 बरस की सरकार को सत्ता का नशा, मंत्रिमंडल का कदाचार, बड़बोलापन, अपरिपक्व सियासत, सरकारी आवास को शीशमहल बनाने के संग-संग अंततः नई शराब नीति ले डूबी।

### आप के तीन बड़े चेहरे...

अरविंद केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन की नाव चुनावी सुनामी में डूबने के बाद पार्टी कोमा से बाहर निकलने को छटपटा रही है। वैसे तो पंजाब में सत्तारुढ़ होने के बाद आप को नेशनल पार्टी का दर्जा मिल गया है, लेकिन दिल्ली में सत्ता से बेदखली के बाद केवल पंजाब पर ही पार्टी की नैया पार कराने की आस टिकी है। फिलहाल दिल्ली आतिशी मार्लेना के हवाले है। वह लीडर ऑफ ऑपोजिशन हैं। पंजाब की बागडोर भगवंत मान संभाले हुए हैं।

जंगपुरा से हार के बाद सिसोदिया पर पंजाब सरकार के सुपरविजन का जिम्मा है। भविष्य में पंजाब की राजनीति भी किस करवट बैठेगी, कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इससे पूर्व यह दायित्व राघव चड्ढा निभा रहे थे। चड्ढा के राज्यसभा में जाने के बाद पंजाब का यह उत्तरदायित्व खाली चल रहा है।

### भविष्य में पंजाब की राजनीति भी किस करवट बैटेगी

आने वाले समय में पंजाब की राजनीति किस करवट बैठेगी इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। फिलहाल तो पार्टी के आला लीडर्स ने यह कहकर सबके मुंह बंद कर दिए हैं, सिसोदिया और पंजाब के सीएम के बीच जबर्दस्त बॉन्डिंग है। पंजाब में बंपर जीत के बाद अप्रैल,2022 में आप के पांच उम्मीदवार राज्यसभा के लिए चुने गए थे। इनमें एलपीयू के चांसलर अशोक कुमार मित्तल, दिग्गज उद्योगपति संजीव अरोड़ा, प्रख्यात क्रिकेटर हरभजन सिंह, सीए राघव चड्ढा, देश- विदेश में शिक्षाविद रहे डॉ. संदीप पाठक शामिल हैं। इन सभी का कार्यकाल 2028 तक है। सूत्र यह बताते हैं, इनमें से पार्टी के लिए सॉफ्ट टारगेट संजीव अरोड़ा रहे हैं। पंजाब के सियासी गलियारों में यह भी चर्चा आम है, संजीव अरोड़ा बाई इलेक्शन जीतते हैं तो उन्हें बतौर उपहार कैबिनेट मंत्री का पद मिलेगा, लेकिन देश- विदेश तक फैले कारोबार में अति व्यस्त अरोड़ा को यह नज़राना सहज स्वीकार होगा, फौरीतौर पर यकीन नहीं होता है। दूसरी ओर अपने पति के इंतकाल के बाद गुरप्रीत सिंह गोगी की पत्नी सुखचौन गोगी चुनाव लड़ने का स्वप्न देख रही हैं। यदि उन्होंने बागी तेवर अपनाए तो क्या होगा?

उल्लेखनीय है, संजीव अरोड़ा से पूर्व आप अपनी राज्यसभा मेंबर एवं दिल्ली महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती स्वाति मालीवाल से भी इतीफा चाहती थी, लेकिन पार्टी साम, दाम, दंड, भेद की नीति के बावजूद विफल रही थी, बल्कि केजरीवाल के पीए विभव कुमार पर दबंगई के आरोप लगे थे। आरोपी को जेल तक जाना पड़ा था। यह बात दीगर है, केजरीवाल के खासमखास समझे जाने वाले विभव कुमार अब पंजाब सरकार के लिए काम कर रहे हैं। सियासत हो या उद्योग या कोई भी दीगर फील्ड, हर सेक्टर में अंततः चाह तो ऊंची उड़ान की ही होती है। यदि केजरीवाल खुद या उनकी पार्टी अपर हाऊस में भेजना चाहती है,तो किसी को ऐतराज नहीं होनी चाहिए। अरविंद केजरीवाल की अब दिल्ली या पंजाब से एमएलए बनने की कोई ख्वाहिश नहीं रखते हैं और न ही आप की केंद्रीय काउंसिल चाहती है। केजरीवाल की पार्टी के आला नेता भी उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में देखना चाहते हैं। दूसरी ओर विपक्ष दल मौजूदा समय में बिखरे-बिखरे से नज़र आ रहे हैं। इसी टूट का लाभ उठाकर एनडीए ने हरियाणा से लेकर दिल्ली तक अपनी सरकार बना ली हैं। यह बात दीगर है, एनडीए ने हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, तो हाल ही में दिल्ली में भाजपा ने ढाई दशक बाद अपनी सरकार बनाने में कामयाब रही है।2025 के अंत में बिहार की 243 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि 26 के मिड में वेस्ट बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम में चुनाव होंगे, लेकिन इंडिया गठबंधन को एक नेशनल कन्वीनर की दरकार है। इंडी गठबंधन को आतुर बिहार के सीएम नीतीश कुमार तो चुनाव से पूर्व ही विपक्ष को झटका देकर फिर से भाजपा की शरण में चले गए थे। वेस्ट बंगाल की सीएम सुममता बनर्जी इंडी में शामिल ही नहीं हुई थीं। दिल्ली में कांग्रेस का तीसरी बार सूपड़ा साफ होने पर इंडी दलों को एनर्जेटिक नेशनल कन्वीनर की दरकार है।

**( लेखक सीनियर जर्नलिस्ट और रिसर्च स्कॉलर हैं )**




> **2025 के अंत में बिहार की 243 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि 2026 के बीच में वेस्ट बंगाल, केरल तमिलनाडु, असम में चुनाव होंगे लेकिन इंडिया गठबंधन को एक नेशनल कन्वीनर की दरकार है, इंडिया गठबंधन को आतुर बिहार के सीएम नीतिश कुमार तो चुनाव से पूर्व ही विपक्ष को झटका देकर फिर से भाजपा की शरण में चले गए थे वेस्ट बंगाल की सीएम ममता बनर्जी गठबंधन में शामिल ही नहीं हुई थीं**

# स्किन को ग्लोइंग बनाने में मददगार है मुलेठी...

> **स्किन केयर रूटीन में मुलेठी का इस्तेमाल करना यकीनन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है, यह एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ-साथ दाग धब्बों को कम करने और जलन को शांत करने में मददगार है**

**हम** सभी अपनी स्किन को ग्लोइंग तो बनाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स पर निर्भर रहना बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। केमिकल्स आपका कुछ देर के लिए भले ही अच्छा दिखाने में मदद करें, लेकिन लंबे समय में ये आपकी स्किन को नुकसान ही पहुंचाते हैं। ऐसे में कुछ नेचुरल चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इन्हीं में से एक है मुलेठी। स्किन केयर रूटीन में मुलेठी का इस्तेमाल करना यकीनन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ-साथ दाग-धब्बों को कम करने और जलन को शांत करने में मददगार है। अगर आप मुलेठी के स्किन बेनिफिट्स का लाभ उठाना चाहते हैं तो ऐसे में इसे कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल करें। आप मुलेठी से फेस मास्क से लेकर टोनर तक बना सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कि ग्लोइंग स्किन के लिए मुलेठी का इस्तेमाल किन तरीकों से किया जाए।

### मुलेठी से बनाएं फेस पैक...

मुलेठी की मदद से स्किन ब्राइटनिंग फेस पैक बनाया जा सकता है। इसे बनाने के लिए आपको मुलेठी पाउडर के अलावा कच्चे दूध व शहद की जरूरत होगी।

### आवश्यक सामग्री...

- एक बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
- एक बड़ा चम्मच दही या कच्चा दूध
- आधा छोटा चम्मच शहद

### फेस पैक बनाने का तरीका

- फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में सारी सामग्री डाल दें
- अब इसे अच्छी तरह मिक्स करके चिकना पेस्ट बना लें
- स्किन साफ करें और इसे अपने चेहरे पर समान रूप से लगाएं
- इसे 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें

**रोजाना इस्तेमाल के लिए मुलेठी टोनर**

एक ब्राइटनिंग और रिफ्रेशिंग स्किन पाने के लिए मुलेठी की मदद से टोनर भी बनाया जा सकता है। आप इसे हर दिन इस्तेमाल कर सकती हैं।

### आवश्यक सामग्री...

- एक बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
- एक कप पानी
- टोनर बनाने का तरीका
- मुलेठी पाउडर को पानी में उबालें और इसे ठंडा होने दें
- अब इसे छानकर एक स्प्रे बोतल में भरकर रख लें
- अपना चेहरा साफ करने के बाद हर दिन टोनर की तरह इस्तेमाल करें

### मुलेठी से बनाएं स्क्रब

यह स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटाता है जिससे स्किन में तुरंत चमक आती है यह स्क्रब ब्राइटनिंग स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है

### आवश्यक सामग्री...

- एक बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
- एक बड़ा चम्मच बेसन
- थोड़ा दही या गुलाब जल

### स्क्रब बनाने का तरीका...

- स्क्रब बनाने के लिए मुलेठी पाउडर, बेसन व गुलाब जल डालकर मिक्स करें
- अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं और
- सर्कुलर मोशन में हल्के हाथों से मसाज करें इसे धोने से पहले इसे 20 मिनट के लिए छोड़ दें



# महाकुंभ-एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ...

**( प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्लॉग से )**

महाकुंभ संपन्न हुआ,एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया।

### ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था...

यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है। बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं।

### संगम पर स्नान की भावनाओं का जवार लगातार बढ़ता रहा...

हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था-संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पालिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए।

### मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता...

स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा। और मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है। इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकार्ड बनाया है। लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था। लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई। आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है। महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों-मुनियों, विद्वत् जनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था। इस मंथन में देश को, समाज को नए दिशा-निर्देश मिलते थे। इसके बाद हर 6 वर्ष में अर्धकुंभ में परिस्थितियों और दिशा-निर्देशों की समीक्षा होती थी। 12 पूर्णकुंभ होते-होते, यानि 144 साल के अंतराल पर जो दिशा-निर्देश, जो परंपराएं पुरानी पड़ चुकी होती थीं, उन्हें त्याग दिया जाता था, आधुनिकता को स्वीकार किया जाता था और युगानुकूल परिवर्तन करके नए सिरे से नई परंपराओं को गढ़ा जाता था। 144 वर्षों के बाद होने वाले महाकुंभ में ऋषियों-मुनियों द्वारा, उस समय-काल और परिस्थितियों को देखते हुए नए संदेश भी दिए जाते थे। अब इस बार 144 वर्षों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकासयात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। ये संदेश है-विकसित भारत का। जिस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वो गरीब हों या संपन्न हों, बाल हो या वृद्ध हो, देश से आया हो या विदेश से आया हो, गांव का हो या शहर का हो, पूर्व से हो या पश्चिम से हो, उत्तर से हो दक्षिण से हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है। आज मुझे वो प्रसंग भी याद आ रहा है जब बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किए हैं।



# इम्यूनिटी को करना है बूस्ट तो खाली पेट पीएं ये ड्रिंक्स

हम सभी बीमारियों से कोसों दूर रहना चाहते हैं लेकिन आज के समय में हर किसी का लाइफस्टाइल कुछ ऐसा हो गया है कि हर व्यक्ति किसी ना किसी बीमारी की जद में रहता ही है। सीजनल एलर्जी से लेकर कब्ज व पेट दर्द तक, कई समस्याएं व्यक्ति को हमेशा घेरे रहती हैं। ऐसे में अक्सर व्यक्ति दवाइयों पर ही निर्भर रहता है। जबकि अगर आप चाहें तो नेचुरल तरीके से भी अपनी सेहत का ख्याल रख सकती हैं। जी हां, ऐसी कई मॉर्निंग ड्रिंक्स होती हैं, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मददगार साबित हो सकती हैं। जिसकी वजह से आपकी सेहत पर पॉजिटिव असर पड़ता है और इम्यूनिटी बूस्टअप होने से आप बार-बार बीमार नहीं पड़ते हैं।

### अदरक-तुलसी की चाय ...

अदरक में एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं जो संक्रमण से लड़ते हैं। वहीं, तुलसी अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है। अदरक-तुलसी की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक कप पानी उबालें। अब इसमें कद्दूकस किया हुआ अदरक और 5-6 तुलसी के पत्ते डालें। अब इसे 5 मिनट तक उबलने दें। छानें और गर्म पिएं।

### नींबू-दालचीनी का पानी

इम्यूनिटी बूस्टिंग के लिए आप मॉर्निंग ड्रिंक के रूप में नींबू दालचीनी का पानी पीएं। नींबू में विटामिन सी की मात्र अधिक होती है। यह शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। वहीं दूसरी ओर, दालचीनी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो संक्रमण से बचाते हैं। नींबू दालचीनी पानी बनाने के लिए सबसे पहले पानी को गर्म करें। अब उसमें एक नींबू का रस और 1/4 चम्मच दालचीनी पाउडर डालें।

### जीरा पानी...

जीरा एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है जो ना केवल पाचन में सुधार करता है, बल्कि इससे इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। जीरा पानी बनाने के लिए सबसे पहले 1 चम्मच जीरा को 1 गिलास पानी में रात भर भिगो दें। सुबह पानी को उबालकर छान लें और गर्मागर्म पिएं।

### चुकंदर-गाजर का जूस

चुकंदर और गाजर दोनों ही विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और बीटा-कैरोटीन से भरपूर होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को बूस्टअप करने में मददगार है। अगर आप इस जूस का सेवन करते हैं तो लिवर को डिटॉक्स करने से लेकर रेड ब्लड सेल्स को बूस्ट करने और स्किन हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है। इस जूस को बनाने के लिए 1 चुकंदर, 1 गाजर, आधा इंच अदरक और आधा नींबू का ररस पानी के साथ डालकर ब्लेंड करें।

# यूएईः रमज़ान में अब सिर्फ तीन घंटे काम

## आठ घंटे की शिफ्ट सिर्फ पांच से तीन घंटे ही चलेगी

**नई दिल्ली।** रमजान का पवित्रा महीने 1 मार्च से शुरू होने जा रहा है। पूरी दुनिया में इसको लेकर तैयारियां जारी हैं। इस पूरे महीने के दौरान मुसलमान रोजा रखते हैं, जिसमें वह करीब 13 से 14 घंटे बिना कुछ खाए-पिए रहते हैं। यूएई की सरकार ने इस मौके पर नौकरीपेशा लोगों के लिए खास कदम उठाया है। पोस्ट किए गए एक बयान में मंत्रालय ने कहा कि अपने काम की जरूरतों और प्रकृति के मुताबिक कंपनियां रमजान के दौरान काम के घंटों को कम कर सकती हैं। यूएई सरकार के बयान के मुताबिक यूएई में रमजान के दौरान 8 घंटे की शिफ्ट न होकर सिर्फ 5 से 3 घंटे की ही रहेगी। रमजान में शुक्रवार के दिन शिफ्ट 9 बजे से 12 बजे तक होगी और बाकी दिन 9 बजे से 2:30 पीएम तक काम किया जाएगा।



यूएई सरकार ने कंपनियों को अपने 70 फीसद स्टाफ को वर्क फ्रॉम होम देने की भी इजाजत दी है। ये सभी रियायतें देने के पीछे सरकार का मकसद रमजान के दौरान कर्मचारियों की प्रोडक्टिविटी और हेल्थ का ध्यान रखना है।

यूएई के अलावा सऊदी, कतर आदि ने भी ऐसे ही कदम उठाए हैं। सऊदी अरब में 10 बजे से 3 बजे तक ही दफ्तरों में काम होगा, वहीं भारत में भी कुछ राज्य सरकारों ने मुस्लिम कर्मचारियों के लिए काम के घंटों में कटौती की है। यूएई में इस साल लगभग 13 से 14 घंटों का रोजा होगा। जिसमें रोजेदार मुसलमान सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक बिना कुछ खाए और पिए रहते हैं। रमजान के दौरान मुसलमान नमाज, तरावीह और कुरआन भी पाबंदी से पड़ते हैं और गलत काम से परहेज करते हैं।





# AI ट्रम्प ने दिखाया भविष्य का गाजा

- एआई जनरेटेड वीडियो में मस्क-नेतन्याहू के साथ मस्ती करते नजर आए, ट्रम्प गाजा नाम दिया
- गाजा शहर में ऊंची-ऊंची इमारतें नजर आ रही हैं, केसीनों और बीच पर लोग डांस कर रहे
- हमास ने ट्रम्प द्वारा जारी वीडियो की निंदा की



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा का एक एआई जनरेटेड वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में गाजा में ऊंची-ऊंची इमारतें नजर आ रही हैं। केसीनों और बीच पर लोग डांस कर रहे हैं। ट्रम्प इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और इलॉन मस्क के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। दरअसल ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि वो गाजा को अमेरिकी कब्जे में लेकर वहां रिसार्ट सिटी बनाना चाहते हैं। ट्रम्प का कहना है कि यह पश्चिमी एशिया के लिए रोजगार और टूरिज्म का सेंटर बनेगा। उनका कहना है कि गाजा बारूदी सुरंगों और आतंकी गुफाओं से पटा पड़ा है। पूरे गाजा को समतल करके वहां इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया जाएगा। इजरायली पीएम ने ट्रम्प के इस प्लान का सपोर्ट किया है, जबकि मिडिल ईस्ट के कई देश इसका विरोध जता चुके हैं। वहीं चीन और ताइवान आमने-सामने हैं। हाल में अमेरिका ने ताइवान को शह दी है। दिसम्बर 2024 में ताइवान को अमेरिका ने अमेरिका ने हाल ही में ताइवान को 57.13 करोड़ डालर की सहायता दी है। अमेरिका ने 29 करोड़ डालर का हथियार भी ताइवान को बेचने की बात कही है। इसके बाद से ही ताइवान चीन के खिलाफ मुखर है। हाल ही में चीनी सैनिक समुंदर के भीतर ताइवान के केबल काट रहे थे, जिसे ताइवान ने पकड़ लिया। दोनों की सीमा पर अभी तनाव के माहौल है। अगर चीन ताइवान से उलझता है तो काफी पीछे चला जाएगा। ऐसा पहली बार नहीं है जब अमेरिका अपने दुश्मन को किसी ओर से जंग में उलझाकर अपने हित साध रहा हो। 2022 में बाइडेन ने इसी तरह यूक्रेन को शह देकर रूस से लड़वा दिया था। जिसके बाद रूस आर्थिक मोर्चे पर पिछड़ता गया और अमेरिका को खूब फायदा मिला है। अब ट्रम्प चीन के साथ कुछ ऐसा ही कर रहे हैं। पहले अमेरिका और रूस के बीच सैन्य ताकत के साथ-साथ आर्थिक ताकत की भी जंग चल रही थी। फिर रूस ने यूक्रेन पर हमला किया और अमे. रिका ने यूक्रेन की मदद कर उसके एक लंबे युद्ध में डाल दिया और तमाम तरह के आर्थिक प्रतिबंध भी लगाए। अब अमेरिका चीन के साथ भी कुछ ऐसा ही कर रहा है। चीन का ताइवान के साथ तनाव चरम पर है और अमेरिका ने ताइवान को हथियार और सुरक्षा गारंटी दी है, अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो ताइवान अमेरिकी मदद से चीन के साथ लंबी लड़ाई लड़ेगा। दूसरी और ट्रम्प ने चीन पर 10 फीसद टैरिफ और लगा दिया है। ऐसे में चीन जंग और आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका का मुकाबला नहीं कर पाएगा। ट्रम्प को भरोसे वाला दोस्त नहीं माना जाता है, उन्होंने यूक्रेन युद्ध में भी जेलेंस्की को अकेला छोड़ दिया है और अब रूस से वार्ता शुरू कर दी है।

## हमास ने ट्रम्प द्वारा साझा किए वीडियो की निंदा की

**गाजा।** हमास ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा साझा किए गए उस वीडियो की निंदा की है, जिसमें गाजा को समुद्र तटीय रिसोर्ट में बदलने के उनके दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया गया है। हमास ने उन पर फिलिस्तीनी अधिकारों और सांस्कृतिक पहचान की अनदेखी करने का आरोप लगाया। नैम ने एक बयान में कहा कि दुर्भाग्य से, ट्रम्प ऐसे विचारों को फिर से पेश कर रहे हैं जो फिलिस्तीनी लोगों की संस्कृति और हितों को ध्यान में नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि गाजा का पुनर्निर्माण तब तक निरर्थक होगा, जब तक कि इजरायल द्वारा लगाए गए खुले जेल को समाप्त नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य जेल की स्थितियों में सुधार करना नहीं है। बल्कि कब्जे को समाप्त करना और इससे मुक्त होना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी वास्तविक प्रगति एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना से जुड़ी है।

# सैलरी न मिलने पर ओमान से नाव लेकर भागे भारतीय




- जीपीएस की मदद से 3000 किमी का समुद्री सफर तय किया
- कुल मिलाकर 6 दिन का सफर किया तय
- बाद में कर्नाटक के उडुपी तट के पास पकड़े गए

**मस्कट।** ओमान में काम कर रहे तीन भारतीय सैलरी न मिलने से परेशान होकर भारत के लिए भाग निकले। देश वापस लौटने के लिए उन्होंने समुद्र का रास्ता चुना और एक नाव चुरा ली। उन्होंने नाव के जरिए 3000 किमी का सफर भी तय कर लिया था, लेकिन 6 दिन बाद भारतीय कोस्टगार्ड ने उन्हें कर्नाटक के उडुपी तट के पास पकड़ लिया गया। तीनों को सोमवार को उडुपी की अदालत में पेश किया गया था और जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस घटना की जानकारी अब सामने आई है। जेम्स फ्रैंकलिन मोसेस (50), राबिनस्टन (50) और डेरोज अल्फांसो (38) तमिलनाडु के रहने वाले हैं। तीनों ओमान में एक मछली पकड़ने वाली कंपनी में काम कर रहे थे। यहां उन्हें समय पर सैलरी नहीं मिल रही थी और उन्हें परेशान किया जा रहा था। ऐसे में तीनों ने घर वापस लौटने का मन बनाया, लेकिन ओमान की कंपनी ने इन लोगों का पासपोर्ट जब्त कर लिया था, इसलिए इनके पास घर लौटने के लिए समुद्र के रास्ते आने के अलावा कोई जरिया नहीं था। तीनों एक मछली पकड़ने वाली नाव लेकर भाग निकले। तीनों 17 फरवरी को दोपहर 3 बजे ओमान के पूर्वी हिस्से में दुकम बंदरगाह से निकले। 6 दिन का सफर तय कर 23 फरवरी को उडुपी के सेंट मैरी आईलैंड के पास नाव से भारतीय जलक्षेत्र में दाखिल हुए। ओमान की नाव देखकर एक लोकल मछुआरे ने इस बारे में तटीय सुरक्षा पुलिस को जानकारी दी। तीनों भारतीय इसी नाव की मदद से 3 हजार किमी का सफर करके भारतीय सीमा में पहुंचे थे। जानकारी मिलते ही भारतीय तटरक्षक और तटीय सुरक्षा पुलिस ने शाम करीब 4:30 बजे सेंट मैरी आईलैंड के पास से तीनों को पकड़ लिया। सभी पर पासपोर्ट एक्ट 1920 की धारा 3 और भारतीय समुद्री क्षेत्र एक्ट 1981 की धारा 10, 11 और 12 के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि ये लोग सिर्फ एक जीपीएस डिवाइस की मदद से लगभग 3000 किलोमीटर का समुद्री सफर तय करके करवार तट के रास्ते सेंट मैरी द्वीप पहुंचे थे। तटीय सुरक्षा पुलिस के SP मिथुन HN ने इस मामले में किसी भी आतंकी एंगल से इन्कार किया है।

# एआई अपनाने में तेजी ला रहीं कंपनियां

**ऐसे में कंपनियों के लिए कुशल एआई प्रतिभाएं खोज पाना काफी टेढ़ी खीर साबित होगा। 98 प्रतिशत कारोबारियों का कहना है कि 2025 में एआई अपनाना उनकी प्राथमिकता है।**



**नई दिल्ली।** देश की अधिकांश कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) को अपनाने में तेजी ला रही है लेकिन कुशल प्रतिभाओं को पाना बहुत मुश्किल होता जा रहा है। दो साल बाद, जनरेटिव एआई एक चर्चा का विषय से एक व्यावसायिक अनिवार्यता में बदल गया है और भारतीय उद्योग इसकी क्षमता को अपना रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े पेशेवर नेटवर्क लिंक्डइन के नए शोध के अनुसार भारत में 98 प्रतिशत कारोबारियों का कहना है कि 2025 में अपने संगठनों को एआई अपनाने में तेज़ी लाने में मदद करना उनकी रणनीतिक प्राथमिकता है। हालांकि, सही कौशल वाले प्रतिभाओं को ढूंढना एक चुनौती बनी हुई है।भारत में लगभग 5 में से 3 भर्तीकर्ताओं के लिए एआई और मानव कौशल का सही मिश्रण ढूंढना एक चुनौती है।

लिंक्डइन शोध के अनुसार भारत में 54 प्रतिशत एचआर पेशेवरों ने बताया कि उन्हें मिलने वाले नौकरी के आवेदनों में से केवल आधे या उससे भी कम आवेदन सभी आवश्यक और पसंदीदा योग्यताओं को पूरा करते हैं। सही तकनीकी (61 प्रतिशत) और सॉफ्ट स्किल (57 प्रतिशत) वाले उम्मीदवारों को ढूंढना उनकी सबसे बड़ी भर्ती चुनौती बनी हुई है।

भारत में सबसे मुश्किल से मिलने वाले कौशल में तकनीकी/आईटी कौशल जैसे कि सॉफ्टवेयर विकास, इंजीनियरिंग (44 प्रतिशत), एआई कौशल (34 प्रतिशत) और संचार और समस्या-समाधान (33 प्रतिशत) जैसे सॉफ्ट स्किल शामिल हैं। कंपनियां 2025 में चुनिंदा भर्ती कर रही हैं। भारत में एचआर पेशेवरों ने यह भी कहा कि उन्हें ऐसे उम्मीदवारों से बहुत अधिक आवेदन (47 प्रतिशत) मिलते हैं जो उस भूमिका के लिए उपयुक्त नही हैं (41 प्रतिशत) और 2025 में वे अधिक चुनिंदा भर्ती कर रहे हैं। भारत में आधे से अधिक एचआर पेशेवरों का कहना है कि वे केवल उन उम्मीदवारों तक पहुंचने (55 प्रतिशत) और भर्ती (54 प्रतिशत) पर विचार करेंगे जो 80 प्रतिशत या उससे अधिक नौकरी योग्यताएं पूरी करते हैं। भारत में 10 में से 8 से अधिक (84 प्रतिशत) एचआर पेशेवर 2025 के लिए कर्मचारियों को नए कौशल विकसित करने में मदद करने को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हैं, जिसमें एआई (84 प्रतिशत) में कौशल विकास और संचार और सहयोग (82 प्रतिशत) जैसे आवश्यक सॉफ्ट स्किल पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह भावना भारत में सर्वेक्षण किए गए सभी (100 प्रतिशत) एल एंड डी पेशेवरों द्वारा दोहराई गई है, जो इस बात से सहमत हैं कि सॉफ्ट स्किल (जैसे रचनात्मकता, जिज्ञासा और संचार) तकनीकी विशेषज्ञता के समान ही महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। लगभग आधे (48 प्रतिशत) भारतीय उद्योग का यह भी कहना है कि एआई प्रशिक्षण के लिए सीखने और विकास में निवेश करना अपनाने में तेज़ी लाने की कुंजी होगी।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108